महानगर नई दिल्ली सोमवार 23 सितंबर, 2019, रु. 5.00 (12 पेज) दिल्ली, कोलकाता, लखनऊ और चंडीगढ़ से प्रकाशित

जनसत्ता

jansatta.com | epaper.jansatta.com | facebook.com/jansatta | twitter.com/jansatta

ह्यूस्टन के कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मोदी का पाकिस्तान पर जोरदार प्रहार, कहा, 9/11 हो या 26/11

आतंकियों का एक ही ठिकाना

'370 हटने से उन नेताओं को तकलीफ जिनसे अपना मुल्क भी नहीं संभल रहा'

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 22 सितंबर।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को ह्यूस्टन के 'हाउडी मोदी' कार्यक्रम में आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक लड़ाई का आह्वान करते हुए पाकिस्तान पर जोरदार प्रहार किया।

उन्होंने पाकिस्तान का नाम लिए बगैर कहा जिनसे खुद अपना देश नहीं संभलता, उन लोगों ने भारत के प्रति अपनी नफरत को अपनी राजनीति का केंद्र बना दिया है। उन्होंने कहा, 'उनकी पहचान आप भी अच्छी तरह जानते हैं। अमेरिका में 9/11 हो या मुंबई में 26/11, उसके षड्यंत्रकारी कहां पाए जाते हैं?' अमेरिकी राष्ट्रपति की मौजूदगी में मोदी ने कहा, 'अब समय आ गया है कि आतंकवाद के खिलाफ और आतंकवाद को बढ़ावा देने वालों के खिलाफ निर्णायक लड़ाई लड़ी जाए। इस लड़ाई में राष्ट्रपति ट्रंप पूरी मजबूती के साथ आतंक के खिलाफ खड़े हुए हैं।'

मोदी ने भारतीय मूल के लोगों से खचाखच भरे ह्यूस्टन के एनआरजी स्टेडियम में कहा कि भारत जो विकास कार्य कर रहा है, उससे कुछ लोगों की दिक्कत हो रही है। उन्होंने कहा कि भारत ने अनुच्छेद 370 को विदाई दे दी है। अनुच्छेद 370 का फायदा अलगाववादी ताकतें उठा रही थीं, अब जम्मू कश्मीर के लोगों को भी भारत के अन्य क्षेत्र के लोगों के समान अधिकार दे दिए गए हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि इससे उन लोगों को तकलीफ है, जिनसे खुद अपना देश नहीं संभलता। उन लोगों ने भारत के प्रति अपनी नफरत को अपनी राजनीति का केंद्र बना दिया है। ये वो लोग हैं जो अशांति चाहते हैं, आतंक के समर्थक है, आतंक को पालते पोसते हैं।

हाउडी मोदी

'अब समय आ गया है कि आतंकवाद के खिलाफ और आतंकवाद को बढ़ावा देने वालों के खिलाफ निर्णायक लड़ाई लड़ी जाए।'

मोदी ने कहा कि भारत में बहुत कुछ हो रहा है, बहुत कुछ बदल रहा है और बहुत कुछ करने के इरादे लेकर हम चल रहे हैं। हमने नए चुनौतियां तय करने की, उन्हें पूरा करने की एक जिद ठान रखी है। प्रधानमंत्री मोदी ने अमेरिकी राष्ट्रपति को सपरिवार भारत आने का न्योता भी दिया।

उन्होंने कहा कि आज भारत पहले के मुकाबले और तेज गति से आगे बढ़ना चाहता है। भारत कुछ लोगों की इस सोच को चुनौती दे रहा है, जिनकी सोच है कि कुछ बदल ही नहीं सकता। बीते पांच सालों में 130 करोड़ भारतीयों ने हर क्षेत्र में ऐसे नतीजे हासिल किए हैं जिनकी पहले कोई कल्पना भी नहीं कर सकता था। मोदी ने कहा, 'हम किसी दूसरे से नहीं, बल्कि खुद से मुकाबला कर रहे हैं। हम अपने को बदल रहे हैं, क्योंकि भारत में 'विकास' आज सबसे चर्चित शब्द बन गया है। धैर्य हम भारतीयों की पहचान है, लेकिन बाकी पेज 8 पर

ह्यूस्टन के एनआरजी स्टेडियम में जनसमुदाय को संबोधित करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ आते राष्ट्रपति ट्रंप।

मोदी ने की ट्रंप की जमकर तारीफ

प्रधानमंत्री मोदी ने ट्रंप की तारीफ करते हुए कहा, 'आज हमारे साथ एक बहुत खास मेहमान हैं। उनके परिचय की कोई जरूरत नहीं है। धरती पर मौजूद हर व्यक्ति उनका नाम जानता है। उनका नाम वैश्विक राजनीति की हर बातचीत में आता है। उनकी बातें करोड़ों लोग फॉलो करते हैं। सीईओ से कमांडर इन चीफ, बोर्ड रूम से ओवल ऑफिस तक उन्होंने हर जगह अपनी छाप छोड़ी है। आज वह हमारे साथ हैं। मेरे लिए सम्मान की बात है कि मैं यहां उनका स्वागत कर रहा हूं।'

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, 'मैं कह सकता हूं कि मुझे उनसे कभी कभी मिलने का मौका मिलता है। हर बार मैं उन्हें ऊर्जा से भरा पाता है। दोस्ती से भरपूर होते हैं। अमेरिका के लिए उनके समर्पण को लेकर मैं उनका प्रशंसक हूं। वे अमेरिका को फिर से महान बनाने निकले हैं। उन्होंने अमेरिका की अर्थव्यवस्था को मजबूत करके दिखाया है।'

कट्टरपंथी इस्लामी आतंकवाद से बचाने को प्रतिबद्ध : ट्रंप

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 22 सितंबर।

'हाउडी मोदी' कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ पहुंचे अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पाकिस्तान का नाम लिए बगैर उसे कड़े शब्दों में चेतावनी दी। ट्रंप ने कहा कि हम कट्टरपंथी इस्लामिक आतंकवाद से निर्दोष लोगों की रक्षा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। ट्रंप ने अपने भाषण में सीमा सुरक्षा का भी जिक्र किया। ट्रंप ने कहा कि हम दोनों ही देशों के लिए अपनी सीमाओं की सुरक्षा करना बेहद जरूरी है। इसके लिए हम दोनों मिलकर कदम उठाएंगे। ट्रंप के इस बयान को पाकिस्तान द्वारा घुसपैठ की कोशिशों के जवाब के तौर पर देखा जा रहा है।

'हाउडी मोदी' के मंच पर ट्रंप ने मोदी की तारीफ में कसीदे पढ़े

ट्रंप ने कहा, 'सुरक्षा के लिहाज से दोनों देश मिलकर काम कर रहे हैं। हम दोनों देश कट्टरपंथी इस्लामिक बाकी पेज 8 पर

"सुरक्षा के लिहाज से दोनों देश मिलकर काम कर रहे हैं। हम दोनों देश कट्टरपंथी इस्लामिक आतंकवाद से एकजुट होकर लड़ेंगे।

-डोनाल्ड ट्रंप, अमेरिकी राष्ट्रपति

शाह ने कहा, केंद्र का भेजा धन इस्तेमाल होता

तो कश्मीर में घरों की छतें सोने की होतीं

मुंबई, 22 सितंबर (भाषा)।

पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू पर 'पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर' को अस्तित्व में लाने का आरोप लगाते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि अगर नेहरू ने बेवक्त पाकिस्तान के साथ संघर्षविराम की घोषणा नहीं की होती तो यह अस्तित्व में ही नहीं आता। महाराष्ट्र चुनावों को लेकर शाह ने शिवसेना का नाम लिए बगैर कहा, प्रदेश में राजग को तीन चौथाई बहुमत मिलेगा और देवेंद्र फडणवीस दोबारा बाकी पेज 8 पर

'नेहरू जिम्मेदार'

पाकिस्तान के कब्जे वाला कश्मीर अस्तित्व में ही नहीं आता अगर नेहरू ने बेवक्त पाकिस्तान के साथ संघर्षविराम की घोषणा नहीं की होती।

18 महीने से ज्यादा हिरासत में नहीं रहेंगे कश्मीरी नेता : सिंह

जम्मू, 22 सितंबर (भाषा)।

केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने रविवार को कहा कि अनुच्छेद 370 के ज्यादातर प्रावधानों को समाप्त किए जाने के बाद हिरासत में लिए गए कश्मीरी नेताओं को 18 महीने से ज्यादा हिरासत बनाकर नहीं रखा जाएगा।

उन्होंने कहा कि नेताओं को गिरफ्तार नहीं किया गया है। वे लोग 'हाउस गेस्ट' हैं और उन्हें उनकी पसंद की हॉलीवुड सिनेमा की सीडी और भोजन दिया जा रहा है। सिंह ने एक रैली में बाकी पेज 8 पर

कश्मीरी पंडितों से नया कश्मीर बनाने का वादा

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 22 सितंबर।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ह्यूस्टन में कश्मीरी पंडितों के 17 सदस्यों के प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात की और उन्हें 'एक नए कश्मीर के निर्माण' का आश्वासन दिया। प्रतिनिधिमंडल में अमेरिका के अलग-अलग हिस्सों के प्रतिनिधि हैं। प्रतिनिधिमंडल ने मोदी के ह्यूस्टन पहुंचने के बाद उनसे मुलाकात की। संगठन 'द ग्लोबल कश्मीरी पंडित डायस्पोरा' (जीकेपीडी) ने कहा कि वह इस बात को लेकर जागरूकता फैलाने के लिए प्रधानमंत्री और भारत का स्पष्ट रूप से समर्थन करेगा कि 370 के हटने से कश्मीर में मानवाधिकारों को बढ़ावा मिलेगा।

कश्मीरी पंडितों के प्रतिनिधिमंडल से मिलते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

मोदी से मिलकर बेहद भावुक हुए प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों में से एक ने प्रधानमंत्री का हाथ चूम लिया। उन लोगों ने कश्मीरी पंडितों की घर वापसी के लिए गृह मंत्रालय का एक कार्यबल बनाने की मांग की। 'हाउडी मोदी' कार्यक्रम से पहले इस प्रतिनिधिमंडल ने मोदी से मुलाकात की और उन्हें एक ज्ञापन भी सौंपा। प्रधानमंत्री ने प्रतिनिधिमंडल से कहा, 'कश्मीर में नई हवा बह रही है और हम साथ मिलकर एक नया कश्मीर बनाएंगे, जो सबके लिए होगा।' प्रधानमंत्री ने ट्वीट किया, 'कश्मीरी पंडितों से ह्यूस्टन में विशेष चर्चा हुई।'

इससे पहले विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रवीश कुमार ने ट्वीट किया कि कश्मीरी पंडितों ने भारत की प्रगति के लिए भारत सरकार द्वारा उठाए बाकी पेज 8 पर

पेट्रोनेट सालाना 50 लाख टन एलएनजी का आयात करेगी

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 22 सितंबर।

ह्यूस्टन पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ऊर्जा कंपनियों के 17 सीईओ से मुलाकात की। इस बैठक के बाद अमेरिका की प्राकृतिक गैस कंपनी टेल्यूरियन इंक और भारत की पेट्रोनेट एलएनजी कंपनी लिमिटेड (पीएलएल) ने एक सहमति ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किएं। इसके तहत पेट्रोनेट और उसकी सहायक इकाइयां अमेरिका से सालाना 50 लाख टन तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) का आयात करेंगी।

मोदी की मौजूदगी में अमेरिकी कंपनी टेल्यूरियन से हुआ करार

पेट्रोनेट अमेरिका में करेगी 2.5 अरब डॉलर का निवेश

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रवीश कुमार ने ट्वीट कर बताया कि ह्यूस्टन पहुंचने ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुआई में भारतीय टीम काम पर लग गई। भारत सरकार की संयुक्त उपक्रम कंपनी पेट्रोनेट ने टेल्यूरियन की ड्रिफ्टवुड परियोजना में 2.5 अरब डॉलर का निवेश कर 20 फीसद इक्विटी हिस्सेदारी हासिल करने का बाकी पेज 8 पर

चोरी के संदेह में महिला की पीट-पीटकर हत्या

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 22 सितंबर।

दिल्ली के महरौली इलाके में एक किराएदार महिला की मकान मालिक ने चोरी के संदेह में पीट-पीटकर हत्या कर दी। चवालीस साल की यह महिला मंजू गोयल दिल्ली के मशहूर जिंदल कैटरिंग के मालिक महेश जिंदल की बहन थीं। जिंदल की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी मकान मालिक, उसकी पत्नी, बेटे और नौकरानी को गिरफ्तार कर लिया है। महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए एम्स में रखवा दिया गया है। पुलिस आसपास के लोगों के बयान और सीसीटीवी कैमरे के फुटेज खंगाल रही है।

दिल्ली के मशहूर जिंदल कैटरिंग के मालिक महेश जिंदल की बहन थी महिला

मकान मालिक, उसकी पत्नी, बेटे और नौकरानी गिरफ्तार

दक्षिणी जिला पुलिस उपायुक्त अतुल कुमार ठाकुर ने बताया कि यह घटना शनिवार रात की है। पुलिस को रात 8:12 बजे एक व्यक्ति ने सूचना दी कि उनकी बहन को मकान मालिक ने चोरी के संदेह में मार डाला है। सूचना मिलते ही पुलिस बताए ठिकाने पर पहुंची। वहां 51 साल के महेश जिंदल मिले। जिंदल ने बताया कि उसकी बहन मंजू गोयल महरौली में सतीश पाहवा के घर में किराए पर रहती थी। पाहवा ने शनिवार सुबह जिंदल की पत्नी को फोन कर सूचना दी थी कि मंजू को चोरी करते पकड़ा गया है। इस सूचना पर जिंदल जब बहन के कमरे पर पहुंचे तो देखा कि मकान मालिक सतीश पाहवा बाकी पेज 8 पर

दरअसल

भारी बरसात ने प्याज के दामों में लगाई आग

महंगाई

खुदरा भाव 70 से 80 रुपए किलो हुए

भंडारण की सीमा तय करने पर विचार कर रही सरकार

नई दिल्ली, 22 सितंबर (भाषा)।

राष्ट्रीय राजधानी और देश के अन्य हिस्सों में प्याज का खुदरा भाव 70 से 80 रुपए किलो की ऊंचाई पर पहुंच चुका है। ऐसे में केंद्र सरकार प्याज व्यापारियों के भंडारण की सीमा तय करने पर विचार कर रही है।

सूत्रों का कहना है कि प्रमुख प्याज उत्पादक राज्यों में मानसून की भारी बारिश से आपूर्ति प्रभावित हुई है जिसकी वजह से इसकी कीमतों में उछाल आया है। उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार दिल्ली में पिछले सप्ताह प्याज की खुदरा कीमत 57 रुपए किलो रही। वहीं मुंबई में यह 56 रुपए, कोलकाता में 48 रुपए और चेन्नई में 34 रुपए किलो थी। गुरुग्राम और जम्मू में प्याज 60 रुपए किलो पर पहुंच गया है। आंकड़ों के अनुसार पिछले सप्ताह के अंत तक प्याज के खुदरा दाम 70 से 80 रुपए किलो पर पहुंच गए। इससे पिछले सप्ताह यह 50 से 60 रुपए किलो थे। केंद्र सरकार ने प्याज की आपूर्ति बढ़ाने के लिए कई कदम उठाए हैं। इसके बावजूद प्याज के दाम चढ़ रहे हैं। एक सूत्र ने कहा कि सरकार ने पिछले कुछ सप्ताह के दौरान घरेलू आपूर्ति बढ़ाने और कीमतों पर अंकुश के लिए कई कदम उठाए हैं। लेकिन पिछले दो-तीन दिन में उत्पादक राज्यों में भारी बारिश की वजह से आपूर्ति प्रभावित होने से प्याज की खुदरा कीमतों में भारी इजाफा हुआ है। सूत्र ने कहा कि आपूर्ति में यह बाधा सीमित समय के लिए है। यदि अगले दो-तीन दिन में स्थिति सामान्य नहीं होती है तो सरकार व्यापारियों के लिए गंभीरता से भंडारण की सीमा तय करने पर विचार कर रही है।

उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार दिल्ली में पिछले सप्ताह प्याज की खुदरा कीमत 57 रुपए किलो रही। वहीं मुंबई में यह 56 रुपए, कोलकाता में 48 रुपए और चेन्नई में 34 रुपए किलो थी। गुरुग्राम और जम्मू में प्याज 60 रुपए किलो पर पहुंच गया है। आंकड़ों के अनुसार पिछले सप्ताह के अंत तक प्याज के खुदरा दाम 70 से 80 रुपए किलो पर पहुंच गए। इससे पिछले सप्ताह यह 50 से 60 रुपए किलो थे।

जनसत्ता क्लासीफाइड

व्यक्तिगत

I, Charanjeet Singh Bhullar S/O Gursharan Singh R/O B-74, Third Floor, Mansarover Garden, New Delhi, 110015 have changed my name from Charanjeet Singh to Charanjeet Singh Bhullar for all future purposes. 0040513437

I,Sanjeev S/o Surender Gogia R/o-H.No.1A 505,AWHO Society,Gurjinder Vihar,Greater Noida,Uttar Pradesh,have changed my name Sanjeev Gogia for all purposes 0040513343-1

I,Ravi S/o Late.Madan Mohan Sharma R/o-60A, Pocket-6/2,DDA-Flat, Pink-Appartment, Nasirpur, Dwarka,Ph-I, Palam,Village S.O,Dabri, South-West Delhi-110045.have changed my name to Ravi Sharma,for all purposes. 0040513400-10

I, certify that I, Rajesh Kumar Rustagi S/o Sh. Kishan Lal, has changed my name to Rajesh Rustagi, R/o H.No. A-51, Ashoka Enclave-2, Sector-37, Faridabad, Haryana-121001, for all future purposes. 0040513405-1

I, Sunil Kumar S/o Amar Chand Arora R/o WZ-36, J-Block, Beri Wala Bagh, Hari Nagar, New Delhi-110064, have changed my name to Sunil Kumar Arora for all purposes. 0040513341-1

I, Rajendra Prasad S/o Shri Mitranand R/o RZ- 58, A/3,1st Floor, Gali No. 6, Kailash Puri, Palam Colony ND- 45, have changed my name to Rajendra Prasad Raturi for all purposes. 0040513364-1

I, Prem Lata,W/o Jagat Narayan R/o.K-Block, Shri Hanuman Mandir, JhangirPuri, Delhi-110033, have changed my name to Hem Lata, Permanently. 0040513420-6

I, Meena Kumari W/o Rakesh Kumar Jain R/o.2524-B/193,Onkar Nagar-A,Tri Nagar,Delhi-110035,Have change my name From Meena Kumari to Meenu Jain For all Future purposes. 0040513343-3

I Swati Aggarwal D/O Suresh Aggarwal, R/O Rz 10 Gali No.10, Indra Park, Palam Colony, Nd-45 Shall Henceforth Be Known As Swati Lohia For All Purpose After Marriage With Parth Lohia Vide Affidavit No. DI5797372644465r Sworn Before Notary Geeta Pal 0050155632-1

I, Anjana Rani W/o Sanjeev Gogia R/o-H.No.1A 505,AWHO Society,Gurjinder Vihar,Greater Noida,Uttar Pradesh,have changed my name Anjana Gogia for all purposes 0040513343-2

I, Dezy W/o Sanjay Kumar R/o RZ-189-B, Raj Nagar-II, Palam Colony, New Delhi-77, informs that my name was wrongly written as Dezy Devi in my minor son's (Satyam Kumar) in his school Record. My actual full name is Dezy. 0040513384-1

PUBLIC NOTICE

This is INFORMED TO GENERAL PUBLIC THAT MY CLIENT MR. LAL MOHAN SON OF SHRI BHULLAN AND HIS WIFE SMT. RUKO DEVI BOTH RESIDENT OF HOUSE NO C-159, BEGUM VIHAR BEGUM PUR, DELHI-110086 SEVEARED HIS SON MANOJ WITH HIS WIFE SMT. MAMTA WITH THEIR CHILDREN AND HAS FURTHER DISOWNED, DISINHERRIDED AND DEBARRED THEM FROM ALL MOVEABLE & IMMOVEABLE PROPERTIES ALONG WITH HIS FAMILY. ANYBODY DEALING WITH THEM, SHALL DO SO AT HIS/HER OWN COST, RISK AND CONSEQUENCES.
MY CLIENT SHALL NOT BE RESPONSIBLE FOR HIS / HER, ANY ACT OR CONDUCT IN ANY MANNER WHATSOEVER IN FUTURE.

Sd/-
(ANIL KR. DAEEYYA)
Advocate
Ch N K 61A

PUBLIC NOTICE

Notice is hereby given, that I, Shree Lekha Varma, W/O Late H.C. Varma, am absolute and lawful owner of; (1) 1164, Arun Vihar, Sector-37, Noida; (ii) 1208A, Princely Estate, Sector-76, Noida; (iii) 14B, 3rd Floor, Konark Apartment, 7B, Katwaria Sarai, New Delhi ("**Properties**"). General public is hereby cautioned that during my lifetime no other person(s) has any right or title to alienate, transfer, sell or create any third-party interest in the Properties. Any alienation or creation of third-party interest in the Properties, without written consent of undersigned, shall be illegal being void-ab-initio and shall be at sole risk and costs of person(s) doing so.

"IMPORTANT"

Whilst care is taken prior to acceptance of advertising copy, it is not possible to verify its contents. The Indian Express (P) Limited cannot be held responsible for such contents, nor for any loss or damage incurred as a result of transactions with companies, associations or individuals advertising in its newspapers or Publications. We therefore recommend that readers make necessary inquiries before sending any monies or entering into any agreements with advertisers or otherwise acting on an advertisement in any manner whatsoever.

महिला अधिकारी को प्रताड़ित करने के आरोप में अतिरिक्त तहसीलदार गिरफ्तार

संबलपुर (ओडिशा), 22 सितंबर (भाषा)।

जिले में महिला अधिकारी का कथित रूप से पीछा करने और उसे प्रताड़ित करने के आरोप में पुलिस ने एक अतिरिक्त तहसीलदार को गिरफ्तार किया है। संबलपुर के पुलिस अधीक्षक कंवर विशाल सिंह ने रविवार को बताया कि रंगाली के अतिरिक्त तहसीलदार पीके बेहरा (49) को एक महिला अतिरिक्त तहसीलदार की शिकायत के आधार पर शनिवार को गिरफ्तार किया गया।

पुलिस ने बताया कि देवगढ़ जिला निवासी आरोपी मई 2019 से ही महिला अधिकारी का पीछा कर रहा था। वह लगातार महिला अधिकारी के मोबाइल फोन पर अनुचित संदेश भी भेज रहा था। उन्होंने बताया कि शुक्रवार शाम को बेहरा जबरन महिला अधिकारी के किराए के मकान में घुस गया और अश्लील भाषा का प्रयोग किया। महिला अधिकारी ने इस संबंध में शुक्रवार को ही धानुपली थाने में शिकायत दर्ज कराई है। अधिकारी ने बताया कि प्रारंभिक जांच के बाद बेहरा को शनिवार को गिरफ्तार किया गया।

जनवरी में मिलेगा भाजपा को नया अध्यक्ष

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 22 सितंबर।

केंद्र में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी की कमान अगले साल जनवरी तक नए अध्यक्ष के हाथ में होगी। उम्मीद यही है कि फिलहाल कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में काम कर रहे जेपी नड्डा ही नए अध्यक्ष बनेंगे। ऐसी उम्मीद है कि भाजपा के संगठनात्मक चुनाव की प्रक्रिया पूरी होने के बाद नड्डा को पूर्ण रूप से यह जिम्मेदारी सौंप दी जाएगी। अभी अमित शाह ही भाजपा के अध्यक्ष हैं। हालांकि भाजपा में एक व्यक्ति-एक पद की परंपरा रही है। अमित शाह के गृह मंत्री बन जाने के बाद उन्हें अध्यक्ष पद छोड़ देना चाहिए था। पर उन्होंने नड्डा को अभी कार्यकारी अध्यक्ष ही बनाया।

पार्टी के संगठनात्मक चुनाव की प्रक्रिया में बूथ स्तर का चुनाव 11 सितंबर से शुरू हो गया है। मंडल, जिला और राज्यों के अध्यक्षों का चुनाव 15 दिसंबर तक पूरा किया जाना है। इसके बाद राष्ट्रीय अध्यक्ष चुनने की प्रक्रिया में करीब एक माह का समय लगेगा। ऐसे में पार्टी अध्यक्ष के नाम पर जनवरी तक मुहर लग जाएगी। अतीत में भाजपा में कार्यकारी अध्यक्ष की कोई परंपरा नहीं रही।

भाजपा के राष्ट्रीय चुनाव प्रभारी राधा मोहन सिंह के मुताबिक पार्टी के संगठनात्मक चुनाव के तहत बूथ स्तर का चुनाव 11 सितंबर से प्रारंभ हो गया है और यह 30 सितंबर तक पूरा होगा। इसके बाद 11-31 अक्तूबर तक मंडल स्तर के चुनाव होंगे। 11-30 नवंबर तक जिला स्तर के चुनाव और 1-15 दिसंबर तक राज्य स्तर के चुनाव होंगे। उनका कहना था कि 15 दिसंबर के बाद ही राष्ट्रीय अध्यक्ष चुनने की प्रक्रिया शुरू होगी जब राज्यों के अध्यक्षों एवं राष्ट्रीय प्रतिनिधियों का चयन हो जाएगा। इसके बाद ही मतदाता सूची तैयार होगी।

महाराष्ट्र, हरियाणा और झारखंड में विधानसभा चुनाव के कारण संगठनात्मक चुनाव नहीं हो रहे हैं और पार्टी के संगठन से जुड़ी चुनावी प्रक्रिया में 33 राज्य एवं केंद्र शासित प्रदेश शामिल हैं। भाजपा संविधान के मुताबिक 50 फीसद राज्यों का चुनाव संपन्न होने के बाद राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव शुरू किया जा सकता है। अध्यक्ष का चुनाव एक निर्वाचक मंडल करता है। जिसमें जिला इकाइयों द्वारा निर्वाचित सदस्य, सभी विधायकों द्वारा अपने में से चुने गए 10 फीसद सदस्य, प्रदेश से राष्ट्रीय परिषद में उक्त राज्य में लोकसभा सदस्य के बराबर निर्वाचित सदस्य व पार्टी सांसदों द्वारा अपने में से चुने गए 10 फीसद सदस्य शामिल हैं। अभी तक भाजपा में औपचारिक रूप से संगठन के चुनाव के लिए कभी मतदान की नौबत नहीं आई। पार्टी का शिखर नेतृत्व पहले ही अध्यक्ष के बारे में तय कर लेता है। इसमें राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की भूमिका भी कारगर होती है। उसके बाद राष्ट्रीय परिषद उसी नाम पर अपनी सहमति दे देती है। निर्वाचित होने के बाद अध्यक्ष अपनी टीम बनाता है। भाजपा ने संगठनात्मक चुनाव की दृष्टि से देशभर में 10,36,166 बूथ बनाए हैं जबकि पूरे देश में 1,979,94 शक्ति केंद्र हैं।

कार रेसिंग हादसे में सरकार सख्त, अधिकारियों पर कार्रवाई

जयपुर, 22 सितंबर (भाषा)।

राजस्थान के बाड़मेर जिले के समदड़ी थाना क्षेत्र में शनिवार को कार रेसिंग के दौरान हुई दुर्घटना में तीन व्यक्तियों की मौत के मामले को मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने गंभीरता से लिया है।

इस मामले में अफसरों पर कार्रवाई के साथ-साथ जांच के आदेश दिए गए हैं। एक सरकारी बयान में यह जानकारी दी गई। बयान के अनुसार प्रकरण में जिला कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक को एपीओ (प्रतिस्थापन की प्रतीक्षा) कर दिया गया है। साथ ही संभागीय आयुक्त को इस मामले की विस्तृत जांच कर 7 दिन में गृह विभाग को रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं।

प्रारंभिक जानकारी में इस रैली के लिए न तो अनुमति दी गई थी और ना ही रैली के आयोजन के लिए सुरक्षा की कोई व्यवस्था की गई थी। इन बातों को गंभीरता से लेते हुए जिला कलेक्टर बाड़मेर हिमांशु गुप्ता तथा पुलिस अधीक्षक बाड़मेर शिवराज मीणा को एपीओ कर दिया गया है। शनिवार को बाड़मेर के समदड़ी थाना क्षेत्र में एफएमएससीआइ इंडियन नेशनल रैली चैंपियनशिप के दौरान तेज गति से दौड़ रही कार की टक्कर से हुए हादसे में बाइक सवार तीन व्यक्तियों की मौत हो गई थी।

उद्योग जगत के लिए आइआइटी दिल्ली शुरू करेगा डिप्लोमा और सर्टिफिकेट पाठ्यक्रम

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 22 सितंबर।

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आइआइटी) दिल्ली के प्रोफेसर वी रामगोपाल राव का कहना है कि आइआइटी दिल्ली की ओर से बहुत जल्द उद्योग जगत के लिए कुछ डिप्लोमा और सर्टिफिकेट पाठ्यक्रम शुरू किए जाएंगे। ये पाठ्यक्रम ऑनलाइन होंगे। उन्होंने कहा ये निजी कंपनियों और आइआइटी के शोध समुदाय के बीच सहयोग का नया रास्ता खोलेगा।

ये पाठ्यक्रम ऑनलाइन होंगे

उद्योग दिवस के मौके पर लोगों को संबोधित करते हुए प्रोफेसर राव ने कॉरपोरेट सामाजिक जिम्मेदारी (सीएसआर) का दायरा आइआइटी जैसे संस्थानों में शोध जरूरतों के लिए बढ़ाए जाने पर सरकार को धन्यवाद भी दिया। उन्होंने कहा इससे शोध के लिए फंडिंग को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही उद्योग और आइआइटी के बीच सहयोग का विस्तार होगा।

निदेशक ने कहा कि पहले उद्योग उत्पाद बनाते थे। हमारा काम शिक्षा शोध और अनुसंधान पर केंद्रित था लेकिन बदले परिवेश में हमसे अपेक्षाएं बढ़ गई हैं। हमसे नवोन्मेष के माध्यम से उत्पाद को विकसित करने की अपेक्षा की जाती है। नवोन्मेष बड़े पैमाने पर हमारे कार्यक्षेत्र में जुड़ गया है। राव ने उद्योग और अकादमिक जगत के बीच मजबूत साझेदारी की जरूरत बताते हुए कहा कि हमें मिलकर समाज की आवश्यकताओं को पूरा करने का प्रयास करना चाहिए। उन्होंने कहा आइआइटी दिल्ली उद्योगों से केवल सहयोग नहीं बढ़ाना चाहता बल्कि हम उन्हें अपने नवोन्मेष परिस्थितिक तंत्र में भागीदार समझते हैं।

उद्योग दिवस के मौके पर आइआइटी के पीएचडी विद्यार्थियों के लिए प्लेसमेंट का आयोजन भी किया गया। इनमें 17 कंपनियों ने करीब 70 छात्रों का साक्षात्कार किया। आइआइटी दिल्ली की शोध समुदाय की ओर से बड़ी संख्या में नवोन्मेष शोध आधारित प्रोटोटाइप और पोस्टर का प्रदर्शन किया गया।

चिन्मयानंद पर आरोप लगाने वाली युवती की गिरफ्तारी की मांग

शाहजहांपुर (उप्र), 22 सितंबर (भाषा)।

बलात्कार के आरोप में गिरफ्तार किए गए पूर्व केंद्रीय गृह राज्यमंत्री स्वामी चिन्मयानंद से रंगदारी मांगने के मामले में इल्जाम लगाने वाली कथित पीड़िता की भी गिरफ्तारी की मांग उठी है। भारतीय जनता पार्टी के पूर्व विधान पार्षद जयेश प्रसाद ने रविवार को चिन्मयानंद से जेल में मुलाकात की।

प्रसाद ने पूर्व गृह राज्यमंत्री के गिरते स्वास्थ्य पर चिंता जताई और कहा कि वह न्यायिक प्रक्रिया का सम्मान करते हैं लेकिन चिन्मयानंद की ओर से दर्ज कराए गए रंगदारी वसूली के प्रयास के मुकदमे के आरोपियों में वह लड़की भी शामिल है, जिसने चिन्मयानंद पर बलात्कार का आरोप लगाया है और उस मामले में अभी तक उसकी गिरफ्तारी क्यों नहीं की गई? उसके तीन साथियों की तरह उसे भी गिरफ्तार किया जाना चाहिए।

चिन्मयानंद के अधिवक्ता ओम सिंह की ओर से कथित पीड़िता और उसके तीन दोस्तों के खिलाफ मोबाइल फोन के जरिए पांच करोड़ की रंगदारी मांगने का मामला दर्ज कराया गया था। उसके बाद सोशल मीडिया पर वायरल हुए एक वीडियो में कथित तौर पर वह लड़की अपने तीन दोस्तों के साथ रंगदारी को लेकर बातचीत करती देखी गयी थी। इस मामले में लड़की के आरोपी दोस्तों संजय, विक्रम तथा सचिन को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

इस बीच, कारागार अधीक्षक राकेश कुमार ने बताया कि 20 सितंबर को स्वामी चिन्मयानंद के अधिवक्ता ओम सिंह ने मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी के न्यायालय में प्रार्थना पत्र दिया था, जिसमें कहा गया था कि चिन्मयानंद को मेडिकल कॉलेज के डॉक्टरों ने केजीएमयू के लिए रेफर किया है। उनका स्वास्थ्य खराब है ऐसे में उनके इलाज की समुचित व्यवस्था की जाए। कुमार ने बताया कि न्यायालय के निर्देश के साथ पत्र उन्हें प्राप्त हो गया है और कारागार के चिकित्सक उनका पूरा ख्याल रख रहे हैं।

पंजाब में चार संदिग्ध आतंकी गिरफ्तार

चंडीगढ़, 22 सितंबर (भाषा)।

पंजाब पुलिस ने चार लोगों की गिरफ्तारी के साथ रविवार को खालिस्तान जिंदाबाद फोर्स (केजेडएफ) के एक आतंकी मॉड्यूल के खुलासे का दावा किया जिसे पाकिस्तान और जर्मनी स्थित समूहों का समर्थन हासिल था। पुलिस ने कहा कि आतंकी समूह पंजाब और पड़ोसी राज्यों में धमाके की साजिश रच रहा था। इन आतंकियों के पास से पांच एके-47 राइफल, पिस्तौल, सेटेलाइट फोन और हथगोलों समेत भारी मात्रा में हथियार बरामद किए गए हैं।

शराब माफिया के खिलाफ धरपकड़ शुरू

जनसत्ता संवाददाता
देहरादून 22 सितंबर।

बीते गुरुवार को देहरादून में जहरीली शराब पीने से हुई 7 लोगों की मौत के बाद अब उत्तराखंड में पुलिस प्रशासन और आबकारी विभाग शराब माफियाओं के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के लिए जागा है। अब तक पुलिस प्रशासन ने एक दर्जन से ज्यादा शराब माफिया को पकड़ा है। देहरादून में जहरीली शराब कांड में भाजपा के एक नेता का नाम सामने आया है, जो इस हादसे के बाद फरार है। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष प्रीतम सिंह ने कहा कि भाजपा के विधायक के मोहल्ले में उन्हीं के पार्टी के लोग जहरीली शराब बिकवा रहे थे। वहीं, भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता डॉ देवेंद्र भसीन ने कहा कि भाजपा को बदनाम करने के लिए कांग्रेस जहरीली शराब कांड का राजनीतिक इस्तेमाल कर रही है, जो सरासर गलत है।

विदेश में भारत का प्रतिनिधित्व करने के दौरान प्रधानमंत्री सम्मान के हकदार : थरूर

पुणे (महाराष्ट्र), 22 सितंबर (भाषा)।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शशि थरूर ने रविवार को कहा कि प्रधानमंत्री जब भारत के प्रतिनिधि के तौर पर विदेश यात्रा करते हैं, उस वक्त वह सम्मान पाने के हकदार होते हैं। लेकिन जब वह (प्रधानमंत्री) देश में होते हैं, तब लोगों को उनसे सवाल करने का अधिकार है। थरूर मोदी सरकार के कटु आलोचक माने जाते हैं।

देश की एक भाषा (हिंदी) होने संबंधी विवाद पर केरल से लोकसभा सदस्य ने कहा कि वह 'त्रि-भाषा फार्मूला' (बहुभाषी संचार क्षमताओं को बढ़ावा देने) के पक्ष में हैं। उन्होंने महाराष्ट्र के पुणे जिले में ऑल इंडिया प्रोफेशनल कांग्रेस द्वारा आयोजित एक सत्र में यह बात कही। थरूर ने कहा, 'प्रधानमंत्री विदेशों में सम्मान पाने के हकदार हैं क्योंकि (वहां) वह हमारे राष्ट्र के प्रतिनिधि होते हैं। लेकिन जब वह भारत में होते हैं, हमें उनसे सवाल करने का अधिकार है।' देश की एक भाषा होने के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि 'हिंदी, हिंदुत्व और हिंदुस्तान' को बढ़ावा देने की भाजपा की विचारधारा देश के लिए खतरनाक है।

उन्होंने कहा, 'हमें त्रि-भाषा फार्मूले को आगे बढ़ाने की जरूरत है।' केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने देश की एक भाषा होने संबंधी अपनी टिप्पणी से पैदा हुई बहस के बीच बुधवार को कहा था कि उन्होंने देश में अन्य स्थानीय भाषाओं पर हिंदी थोपे जाने की बात कभी नहीं कही, बल्कि दूसरी भाषा के रूप में इसके (हिंदी के) इस्तेमाल की हिमायत की है।

चोरी के आरोप में पीट-पीटकर दलित की हत्या

कोटा (राजस्थान), 22 सितंबर (भाषा)।

राजस्थान के झालावाड़ जिले में मोटर पंप चोरी के आरोप में एक 40 वर्षीय दलित व्यक्ति की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी।

थाना प्रभारी नैनूराम मीणा ने बताया कि घटना शनिवार सुबह घटोली इलाके में उस समय घटी, जब 60 वर्षीय व्यक्ति, उसके दो बेटों और अन्य अज्ञात लोगों ने खेत से मोटर पंप चोरी के आरोप में मेवाखेड़ा गांव निवासी धुलीचंद मीणा की पिटाई कर दी।

उन्होंने बताया कि जब धुलीचंद नजदीक के गांव में जा रहे थे, तब उनका सामना पुरीलाल तंवर और उसके बेटे देवी सिंह (23) और मोहन (20) एवं अन्य से हुआ। थाना प्रभारी ने बताया कि धुलीचंद और अन्य लोगों के बीच मोटर पंप चोरी के आरोप में बहस हुई, जिसके बाद लोगों ने धुलीचंद की बेरहमी से पिटाई कर दी।

उन्होंने कहा कि धुलीचंद के पिता घटना स्थल पर गए और बेटे को घर लाए, बाद में धुलीचंद की तबीयत खराब होने पर अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। नैनूराम मीणा ने बताया कि शुरुआती जांच में खुलासा हुआ कि तंवर और उनके बेटों ने शुक्रवार को मोटर पंप चोरी की शिकायत धुलीचंद के पिता से की थी जिस पर उन्होंने अपने बेटे को डांटा था और तंवर से उसके खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज करवाने को कहा था।

थाना प्रभारी ने कहा कि तंवर, उसके बेटों और अन्य सात अज्ञात लोगों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा-302 (हत्या) और अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। उन्होंने कहा कि पोस्टमॉर्टम के बाद धुलीचंद का शव शनिवार को परिजनों को सौंप दिया गया।

The Indian EXPRESS Classifieds
FROM ANYTHING TO EVERYTHING.

EXPRESS EDUCATION

ALL YOU NEED TO KNOW ABOUT
IAS & HOW TO CRACK IT
FREE SEMINAR
TILAK NAGAR
Sat. 28th Sept. 2019
10 A.M. to 12 P.M.
4 P.M. to 6 P.M.



NIRVANA
IAS ACADEMY
Batches Start 7th October 2019
Weekend Batches Available
www.nirvanaias.com
ROHINI: H-17/262, Near Rohini West Metro Station, (Opp. Metro Pillar No.424), Sector - 7, Rohini, New Delhi - 85.
TILAK NAGAR: 30/4, Ashok Nagar, Near Tilak Nagar Metro Station, Gate No- 3, New Delhi - 18.
Ph: 011-47032447, 011-25121005, 9990471004, 9990471005.

Contact for Advt. Booking: M/s Friends Publicity Service
Ph.23276901, 23282028 (M): 9212008155, 9212665841.

सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया
Central Bank of India
1911 से आपके लिए "केन्द्रित" "CENTRAL" TO YOU SINCE 1911
शाखा कार्यालय : 13-बी, नेताजी सुभाष मार्ग, दरियागंज, नई दिल्ली

कब्जा सूचना (अचल सम्पत्ति और सम्पत्ति के लिए)
परिशिष्ट-IV (नियम 8 (1) देखें)

जबकि वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 (2002 के 54) के अंतर्गत **सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, दरियागंज, नई दिल्ली शाखा** का प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ पढ़े जाने वाले अनुच्छेद 13(12) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए अधोहस्ताक्षरी ने मांग सूचना, दिनांक **03/07/2019**, जारी की थी, जिसके द्वारा **कर्जदार: मैसर्स श्री राम मार्केटिंग (मालिक-राहुल जैन),** को सूचना में उल्लिखित राशि **रु.96,34,358/-(छियानबे लाख चौंतीस हजार तीन सौ अठावन रूपये मात्र)** उक्त सूचना की प्राप्ति के 60 दिनों के भीतर चुकाने के लिए कहा गया था। **कर्जदार** के इस राशि को चुकाने में असफल रहने के कारण, कर्जदार तथा आम जनता को एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 के साथ पढ़े जाने वाले कथित अधिनियम की धारा 13(4) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए नीचे वर्णित **सम्पत्ति का कब्जा दिनांक 19 सितम्बर, 2019** को ले लिया है। **कर्जदार** को विशेष तौर पर तथा आम जनता को सामान्य तौर पर एतदद्वारा सावधान किया जाता है कि वे सम्पत्ति के साथ किसी प्रकार का लेन-देन न करें और सम्पत्ति का कोई भी लेनदेन **रु.96,34,358/-(छियानबे लाख चौंतीस हजार तीन सौ अठावन रूपये मात्र)** एवं **उस पर ब्याज के साथ सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, दरियागंज, नई दिल्ली शाखा** के प्रभार के भुगतान के अधीन होगा।
आपका ध्यान सुरक्षित सम्पत्ति को छुड़ाने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में अधिनियम के अनुच्छेद 13 के उप-अनुच्छेद (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है।

अचल सम्पत्ति का विवरण

श्रीमती सरिता जैन पत्नी श्री सत्यवीर जैन के नाम पर गांव सबोली, ए-ब्लॉक की आबादी, मीत नगर, इलाका-शाहदरा, दिल्ली-110093 में स्थित साम्यिक बंधक निर्मित सम्पत्ति सं. ए-449, एरिया परिमाप 80 वर्ग यार्ड अर्थात् 66.88 वर्ग मीटर, खसरा नं. 1000/526/2 का भाग, साइट में शामिल हैं भूतल, प्रथम तल एवं द्वितीय तल, अंतिम मंजिल तक अपर निर्माण के साथ छत अधिकार के साथ सम्पत्ति के सभी भाग एवं हिस्से **जो घिरा है:**

उत्तर: अन्य की सम्पत्ति **दक्षिण:** अन्य की सम्पत्ति
पूर्व: अन्य की सम्पत्ति **पश्चिम:** गली 15 फीट चौड़ी

स्थान: दिल्ली **प्राधिकृत अधिकारी**
तिथि: 19/09/2019 **सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया**

मेट्रो स्टेशन पर प्लास्टर गिरने से महिला की मौत

हैदराबाद, 22 सितंबर (भाषा)।

हैदराबाद के अमीरपेट मेट्रो स्टेशन पर रविवार को एक दीवार से प्लास्टर का नुकीला टुकड़ा 24 साल की महिला पर गिर गया जिससे उसकी मौत हो गई। अधिकारियों ने बताया कि अमीरपेट मेट्रो स्टेशन पर स्टेशन की दीवार से प्लास्टर के कुछ टुकड़े गिर गए।

हैदराबाद मेट्रो रेल लिमिटेड (एचएमआरएल) के प्रबंध निदेशक एनवीएस रेड्डी ने कहा कि प्लास्टर का नुकीला टुकड़ा नौ मीटर की ऊंचाई से महिला के सिर पर गिरा और दुर्भाग्यवश चोट आने के बाद नजदीक के अस्पताल ले जाते समय उसकी मौत हो गई।

अधिकारियों के अनुसार, एक प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि घटना के समय महिला स्टेशन के नीचे खड़ी थी। मृतक एक गृहणी और केपीएचबी निवासी थी। मामले की जांच चल रही है।

न्याय न तो जल्दी में हो, न विलंब से : न्यायमूर्ति बोबडे

गुवाहाटी, 22 सितंबर (भाषा)।

सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश एसए बोबडे ने कहा है कि न्याय प्रदान करने की व्यवस्था में अनुचित जल्दबाजी या देरी नहीं होनी चाहिए। न्यायमूर्ति बोबडे ने शनिवार को यहां एक राष्ट्रीय सम्मेलन में कहा कि इसके बजाय न्याय वितरण तंत्र को उचित परिप्रेक्ष्य में देखा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि 'त्वरित न्याय' की अवधारणा दुनिया की सबसे खराब व्यवस्थाओं से जुड़ी हुई है लेकिन न्याय में देरी नहीं होनी चाहिए।

न्यायमूर्ति बोबडे ने कहा, 'कोई भी व्यक्ति न्याय में देरी नहीं चाहता है लेकिन न्याय देने में समय लगता है और इसे सही परिप्रेक्ष्य में समझना चाहिए।'

हत्या के 16वें मामले में दोषी करार दिया गया 'सायनाइड' मोहन

मंगलुरु, 22 सितंबर (भाषा)।

महिलाओं से मित्रता कर उनके साथ बलात्कार कर और उन्हें घातक रसायन देकर मारने वाले सीरियल किलर 'सायनाइड' मोहन को कर्नाटक की एक संगीत शिक्षिका की हत्या के मामले में दोषी करार दिया गया है। उसे अभी तक हत्या के 16 मामलों में दोषी करार दिया गया है। इस मामले में सजा 25 सितंबर को सुनाई जाएगी।

अभियोजन पक्ष ने मंगलुरु जिला एवं सत्र अदालत को बताया कि मोहन ने मई 2007 में बंगलुरु के एक लॉज में 33 वर्षीय महिला के साथ बलात्कार करने के बाद सायनाइड का कैप्सूल देकर उसकी हत्या कर दी थी। इससे पहले मोहन को सार्वजनिक शौचालयों में महिलाओं के साथ बलात्कार कर उनकी हत्या करने का दोषी करार दिया गया है।

पीड़ित संगीत शिक्षिका केरल में कासारगोड जिले के उप्पाला की रहने वाली थी। सीरियल किलर ने खुद को वन विभाग का कर्मचारी सुधाकर आचार्य बताकर महिला से मित्रता की थी। उसने सायनाइड को गर्भनिरोधक गोली बताकर महिला को खिलाया था। मोहन के खिलाफ दर्ज सभी 20 मामलों में उसने इसी तरह से महिलाओं की हत्या की थी। न्यायाधीश सैयदुनिशा ने 38 गवाहों की गवाही और 49 अन्य साक्ष्य पर गौर के बाद शुक्रवार को मोहन को हत्या, डकैती, धोखाधड़ी सहित अन्य मामलों का दोषी करार दिया। इस मामले में सजा 25 सितंबर को सुनाई जाएगी। मोहन पर 2003 से 2009 के बीच कई महिलाओं की हत्या करने का आरोप है। उसे अभी तक तीन मामलों में मौत की और अन्य मामलों में आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है। कर्नाटक हाई कोर्ट ने 2017 में उसे एक मामले में सुनाई गई मौत की सजा को जीवन पर्यंत उम्रकैद में बदल दिया था।

अभी तक तीन मामलों में सुनाई गई है मौत की सजा 20 मामलों में महिलाओं को सायनाइड का कैप्सूल देकर की थी हत्या

अक्षरधाम के पास पुलिस और कार सवार बदमाशों में मुठभेड़, फरार

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 22 सितंबर।

अक्षरधाम मंदिर के पास रविवार सुबह कार सवार बदमाशों और पुलिस के बीच मुठभेड़ हो गई। इस दौरान कार सवार बदमाशों ने पुलिस टीम पर गोली चला दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस टीम ने भी गोली चलाई, लेकिन मौका पाकर बदमाश गीता कॉलोनी की ओर फरार हो गए। फिलहाल मंडावली थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और बदमाशों की तलाश में छापामारी कर रही है।

पुलिस ने बताया कि मंडावली थाना पुलिस को सूचना मिली थी कि अक्षरधाम मंदिर के पास फुटपाथ पर लोगों को लूटने वाला गिरोह आने वाला है। सूचना के आधार पर मंडावली थाना पुलिस की एक टीम सुबह करीब साढ़े 10 बजे अक्षरधाम मंदिर के पास पहुंची और बदमाशों के आने का इंतजार करने लगी।

कुछ समय बाद सफेद रंग की कार में बदमाश आते हुए दिखाई दिए। पुलिस टीम ने बदमाशों को रोकने की कोशिश की तो बदमाश ने एक गोली टीम पर चला दी। हालांकि टीम ने भी अपने बचाव में गोली चलाई। इस दौरान किसी को गोली नहीं लगी। पुलिस ने बताया कि कार सवार बदमाश तेजी से वाहन चलाते हुए

अक्षरधाम के पास पुलिस के अधिकारी।

गीता कॉलोनी की ओर फरार हो गए। पुलिस टीम ने काफी दूरी तक उनका पीछा किया, लेकिन बदमाश फरार होने में कामयाब हो गए। पुलिस ने बताया कि बदमाशों की पहचान कर ली गई है।

उनकी तलाशी में उन ठिकानों पर छापेमारी की जार ही है, जहां पर उनके छिपे होने की संभावना है। फरार हुए बदमाशों पर आरोप है कि ये अक्षरधाम मंदिर के पास फुटपाथ पर लोगों को अपना निशाना बनाते थे। इनकी गिरफ्तारी के बाद ही पता चल सकेगा कि इन बदमाशों ने अभी तक कितने लोगों को निशाना बनाया है।

खबरों में शहर

10 दोस्तों को घर की जांच के लिए कहें : केजरीवाल

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 22 सितंबर।

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने रविवार को लोगों से अपील की कि वे अपने 10 दोस्तों को फोन कर उनसे यह जांच करने को कहें कि कहीं उनके घर में डेंगू का लार्वा पनप तो नहीं रहा है। केजरीवाल ने '10 हफ्ते 10 बजे 10 मिनट' के अभियान के तहत लोगों से यह अपील की है। मुख्यमंत्री केजरीवाल ने ट्वीट करके अपील की है।

क्लीनिकल साइकोलॉजी के लिए आज काउंसलिंग

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 22 सितंबर।

गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ (आइपी) विश्वविद्यालय में सोमवार को एमफिल क्लीनिकल साइकोलॉजी पाठ्यक्रम में दाखिले के लिए काउंसलिंग का आयोजन होगा। काउंसलिंग विश्वविद्यालय के द्वारका परिसर में ऑफलाइन होगी। प्रवेश परीक्षा में योग्य सभी उम्मीदवारों को अपने दस्तावेजों के साथ परिसर पहुंचना होगा। पीजीआइएमईआर और आरएमएल अस्पताल में इस पाठ्यक्रम की कुल आठ सीटें उपलब्ध हैं।

हवाईअड्डे पर आस्ट्रेलिया का नागरिक गिरफ्तार

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 22 सितंबर।

इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा पर केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल ने 21 करोड़ रुपए का नशीला पदार्थ बरामद कर आस्ट्रेलिया के एक नागरिक को गिरफ्तार किया है। सात किलो एंफेटामाइन नामक यह नशीला पदार्थ आरोपी व्यक्ति मोहम्मद उमर तुरे के बैग में पाया गया। बल के प्रवक्ता के मुताबिक हवाई अड्डे के टर्मिनल तीन पर शनिवार सुबह साढ़े 11 बजे जांच के दौरान उमर के बैग में संदिग्ध सामान देखा गया। यह पदार्थ काफी महंगा है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में इसकी कीमत 21 करोड़ रुपए आंकी गई। वह मेलबर्न जाने के लिए एयर इंडिया की फ्लाइट पर सवार होने आया था। उसे कस्टम विभाग को आगे की जांच के लिए सौंप दिया गया।

मुठभेड़ के बाद तीन बदमाश पकड़े गए

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 22 सितंबर।

द्वारका पुलिस ने बदमाशों के साथ मुठभेड़ कर विक्की और उसके दो साथियों नवीन और दीपक को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि ये व्यापारियों को धमका कर रंगदारी मांगते थे। जिला पुलिस उपायुक्त के मुताबिक सूचना पर शनिवार को मुठभेड़ के बाद तीनों को गिरफ्तार कर लिया गया है। विक्की की गोली एक पुलिसकर्मी के पैर में लगी है। उसके पास से अत्याधुनिक पिस्तौल, और देसी पिस्तौल, कई कारतूस बरामद किए गए।

आज के कार्यक्रम

सभा/संगोष्ठी

भारत-इजरायल मित्रता फोरम : 'हाइफा विक्टरी डे' नामक कार्यक्रम, तीन मूर्ति हाइफा चौक, सुबह 9 बजकर 30 बजे।

भारत नीति प्रतिष्ठान : 'सेकुलरिज्म इन इंडिया एंड रिसेंट डवलेपमेंट' पर व्याख्यान, ऑडिटोरियम, स्कूल ऑफ सोशल साइंसेज, जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय, शाम साढ़े 4 बजे।

ऑल इंडिया डोगरा फाउंडेशन : हरि सिंह के जन्मदिवस पर कार्यक्रम, समाचार, पंपोश एन्क्लेव ग्रेटर कैलाश-एक, पुलिस स्टेशन के पास, शाम 5 बजे।

प्याज के बढ़े दामों ने बिगाड़ा खाने का स्वाद

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 22 सितंबर।

दिल्ली की मंडियों में प्याज की आवक कम होने से पिछले एक सप्ताह से दामों में अचानक काफी इजाफा हो गया है। दक्षिण भारत, महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश में हो रही बारिश की वजह से प्याज की फसल को नुकसान पहुंचा है। इस कारण आजादपुर मंडी, गाजीपुर और ओखला मंडी में प्याज की आवक दिनों-दिन कम होती जा रही है।

पिछले एक-दो सप्ताह में प्याज की दामों में हर दिन बढ़ोतरी हुई है। थोक कारोबारियों का कहना है कि बढ़ोतरी पिछले 15 दिनों से देखी जा रही है। प्याज उत्पादक राज्यों में जब तक

पिछले दो सप्ताह से प्याज के आवक में आई कमी

खुदरा बाजार में 60-70 रुपए किलो की दर से बिक रहा प्याज

बारिश होती रहेगी, तब तक इसका असर प्याज के दामों पर पड़ेगा। हालांकि जानकार बताते हैं कि त्योहारों के बाद प्याज के दाम कम हो सकते हैं। इन दिनों खुदरा बाजार में प्याज 60 से 70 रुपए प्रतिकिलो की दर से बिक रहा है, जबकि यही प्याज एक-दो सप्ताह पहले 35-40 रुपए किलो की दर से बेचा जा रहा थी। यही नहीं एक सप्ताह के भीतर प्याज के दामों में काफी इजाफा हुआ और थोक बाजार में दाम 60 रुपए से नीचे नहीं उतर रहे हैं। आजादपुर मंडी में प्याज के थोक आढ़ती राजेंद्र शर्मा का कहना है कि पिछले कुछ दिनों से दक्षिण भारत, महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश समेत अन्य उत्पादक राज्यों में हो रही बारिश की वजह से प्याज की फसलों को काफी नुकसान पहुंचा है। तैयार फसल पानी में डूब गई है। जब तक बारिश रुक नहीं जाती तब तक प्याज के दाम कम नहीं होंगे। न्यू अशोक नगर के सब्जी विक्रेता विनोद यादव का कहना है कि पहले थोक बाजार में प्याज के ट्रक 50-60 आते थे, लेकिन अब 30-40 ट्रक ही आ रहे हैं। इसलिए थोक में याज महंगा मिल रहा है।

दुनिया को सम-विषम का पाठ पढ़ाएंगे केजरीवाल

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 22 सितंबर।

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल दिल्ली के प्रदूषण को 25 फीसद तक कम करने के लिए सरकार की ओर से लागू की गई सम-विषम योजना सहित अन्य तमाम कवायदों की जानकारी अन्य देशों के साथ साझा करेंगे। नौ से 12 अक्तूबर से डेनमार्क के कोपेनहेगन में आयोजित हो रहे सी 40 शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने जा रहे केजरीवाल दुनिया को प्रभावित करने वाले जलवायु संकट पर विचार-विमर्श करने के लिए न्यूयॉर्क, लंदन, पेरिस, लॉस एंजिल्स और बर्लिन जैसे शहरों के नेताओं के साथ बैठक में शामिल होंगे।

मुख्यमंत्री कार्यालय से जारी एक बयान के अनुसार इस बैठक में मुख्यमंत्री बेहतर बिजली आपूर्ति के लिए सरकार की ओर से किए गए प्रयास पर प्रकाश डालेंगे। जिससे जनरेटर सेट का चलन दिल्ली में लगभग बंद हुआ और

मुख्यमंत्री डेनमार्क के कोपेनहेगन में सी 40 क्लाइमेट सम्मेलन के दौरान दिल्ली के सफलता की कहानी पेश करेंगे

औद्योगिक प्रदूषण में भारी कमी आई। 95 फीसद उद्योग के सीएनजी में परिवर्तित होने से औद्योगिक प्रदूषण में गिरावट आई। साथ ही दो थर्मल पावर प्लांट को बंद किया गया और सरकार के प्रयास से निर्माण स्थलों से होने वाले प्रदूषण में भी कमी देखने को मिली।

दिल्ली के पर्यावरण मंत्री कैलाश गहलोत ने कहा कि यह भारत के लिए गर्व का विषय है कि मुख्यमंत्री केजरीवाल दुनिया के सामने दिल्ली की सफलता की कहानी पेश करेंगे। इसके अलावा मुख्यमंत्री वायु प्रदूषण पर भविष्य की कार्य योजना पर शिखर सम्मेलन के दौरान भी बात करेंगे। 'ही ब्रीथ डीप्ली' शीर्षक से एक सत्र में, शहर के नेता, विशेषज्ञ, और व्यापारिक नेता उन शहरों में चल रहे नए समाधानों पर चर्चा करेंगे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री वायु प्रदूषण के समाधान के रूप में सम-विषम योजना के बारे में भी दुनिया के देशों के समक्ष अपनी बात रख सकते हैं। उन्होंने कहा कि इस योजना ने जनवरी, 2016 में अंतरराष्ट्रीय जिज्ञासा उत्पन्न की थी।

दिल्ली के अलावा, केवल पेरिस और कुछ अन्य शहरों ने इस तरह की योजना को सफलतापूर्वक लागू किया है। सरकारी बयान के अनुसार मुख्यमंत्री केजरीवाल दिल्ली सरकार के बिजली और अन्य क्षेत्र के सुधारों की आपूर्ति में भारी निवेश के बारे में भी दुनिया के देशों के समक्ष अपनी बात रख सकते हैं। इससे न केवल बिजली की आपूर्ति सस्ती हुई, बल्कि डीजल संचालित जनरेटर सेटों के माध्यम से होने वाले कार्बन उत्सर्जन में कमी आई।

एनसीवेब की नियुक्तियों में पारदर्शिता न अपनाने का आरोप

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 22 सितंबर।

कुछ उम्मीदवारों ने दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) के नॉन कॉलेजिएट वुमेंस एजुकेशन बोर्ड (एनसीवेब) में शिक्षकों की नियुक्ति में पारदर्शिता नहीं होने का आरोप लगाया है। इनमें से कुछ उम्मीदवार 16 सितंबर के बाद से डीयू के उत्तरी परिसर स्थित एनसीवेब के दफ्तर में धरने पर बैठे हैं। हालांकि एनसीवेब प्रशासन की ओर से इन आरोपों को पूरी तरह से मनगढ़त करार दिया गया है। साथ ही प्रशासन ने इन उम्मीदवारों पर बोर्ड के कार्य में बाधा डालने का आरोप लगाया है।

कुछ दिनों से एनसीवेब दफ्तर में अपनी नियुक्ति को लेकर धरने पर बैठीं आरती रानी प्रजापति ने कहा कि प्रशासन की ओर से हमें कुछ भी नहीं बताया जा रहा है। काफी संघर्ष करने के बाद वेटिंग सूची जारी की है। कई दिनों से धरने में बैठने के बाद भी कोई सुनवाई नहीं है। एनसीवेब की कार्यवाह निदेशक डॉ गीता भट्ट ने बताया कि सभी नियुक्तियां नियमानुसार हुई हैं। कुछ उम्मीदवार सिर्फ एनसीवेब में ही नियुक्ति चाहते हैं जबकि अभी स्कूल ऑफ ओपन लर्निंग (एसओएल) में काफी जगह खाली हैं।

कक्षा दस और बारह के सैंपल पेपर जारी

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 22 सितंबर।

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की ओर से कक्षा 10 और 12 की बोर्ड परीक्षाओं के लिए सैंपल पेपर जारी कर दिए हैं। बोर्ड ने इसके अलावा अंकन योजना को भी अपनी वेबसाइट पर जारी कर दिया है। फरवरी 2020 में होने वालीं दसवीं और बारहवीं की परीक्षाओं के स्वरूप में बड़े स्तर पर बदलाव हुए हैं जिसके मद्देनजर इन सैंपल पेपरों का बहुत अधिक महत्व है।

अगले साल कक्षा 10 और 12 की होने वालीं बोर्ड परीक्षाओं में प्रश्नपत्र 80 अंकों के आएंगे। 20 अंकों का आतंरिक मूल्यांकन या प्रायोगिकी परीक्षा होगी। इसके अलावा दोनों कक्षाओं के सभी प्रश्नपत्रों में 20 अंकों के प्रश्न एक-एक अंक के होंगे। एक अंक के प्रश्नों में बहुविकल्पीय, खाली स्थान, वाक्य पूरा करो, एक वाक्य या शब्द के उत्तर आदि शामिल होंगे। इसके अलावा सभी प्रश्नपत्रों के 33 फीसद प्रश्नों में चुनने का विकल्प मौजूद रहेगा।

कक्षा दस में गणित के होंगे दो पेपर

विद्यार्थियों गणित से डर को देखते हुए सीबीएसई ने इस साल से कक्षा दस में गणित के दो पेपर की शुरुआत की है। इसको बेसिक और स्टैंडर्ड गणित में विभाजित किया गया है। बेसिक गणित की परीक्षा में आसान सवाल पूछे जाएंगे। वहीं, स्टैंडर्ड गणित की परीक्षा उसी स्तर की आएगी जैसी पहले आती रही है। कक्षा दस के बाद गणित पढ़ने की इच्छा नहीं रखने वाले विद्यार्थी बेसिक गणित की परीक्षा देंगे और जो आगे भी गणित की पढ़ाई जारी रखना चाहते हैं उन विद्यार्थियों को स्टैंडर्ड गणित की परीक्षा देनी होगी।

कांग्रेस का विरोधियों पर 'हल्ला बोल'

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 22 सितंबर।

सुल्तानुपर माजरा विधानसभा में पूर्व विधायक जयकिशन ने रविवार को दिल्ली सरकार और केंद्र सरकार के खिलाफ 'हल्ला बोल' कार्यक्रम का आयोजन किया। इस दौरान उन्होंने आरोप लगाया कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने चुनाव पूर्व 70 वादे किए थे। एक भी ऐसा वादा नहीं है, जिसे पूरी तरह से दिल्ली में लागू किया हो।

उन्होंने कहा कि दिल्ली में विधानसभा चुनाव नजदीक आने के बाद एक बार फिर वादे करने लगे हैं। पर दिल्ली की जनता जाग गई है। उनके झूठे वादों पर अब विश्वास करने वाली नहीं है। वहीं, केंद्र सरकार ने मोटर वाहन (संशोधन) कानून-2019 को लागू कर देश की जनता पर बोझ डालने का काम किया है। इस कानून के लागू होने के बाद यातायात पुलिसकर्मियों पर भ्रष्टाचार के आरोप लगेंगे। अगर कोई वाहन चालक मोटी रकम का भुगतान नहीं कर पाएगा तो पुलिसकर्मियों को घूस देकर छूट जाएगा।

दिल्ली सरकार ने की वादा खिलाफी : भाजपा

भाजपा नेता रामवीर सिंह बिधूड़ी के नेतृत्व में पार्टी के कार्यकर्ताओं ने रविवार को लव-कुश चौक पर जनसभा का आयोजन किया। इस मौके पर रामवीर सिंह ने कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने चुनाव पूर्व वादा किया था कि सत्ता में आने के बाद अनधिकृत कॉलोनियों को नियमित कर देंगे। पर पांच साल बीतने को हैं और सरकार की ओर से कोई पहल नहीं की गई। उन्होंने वादा किया था कि इन सभी कॉलोनियों में तमाम सुविधाएं लोगों को उपलब्ध कराई जाएंगी।

'कांग्रेस ने ही किया कॉलोनियों का विकास'

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता डॉ किशन कुमार ने मुंडका विस में आरडब्लूए के सदस्यों के साथ एक बैठक की। उन्होंने आरोप लगाया कि 'आप' सरकार ने दिल्लीवासियों को केवल ठगने का काम किया है। पिछले पांच साल से अनधिकृत कॉलोनियों के विकास पर ध्यान नहीं दिया गया। केंद्र सरकार ने भी कोई ठोस पहल नहीं की। अब चुनाव नजदीक आते ही दोनों दल के नेता अनधिकृत कॉलोनियों पर जोर देने की बात कर रहे हैं। सिर्फ कांग्रेस ने ही अनधिकृत कॉलोनियों पर ध्यान दिया है।

रेस्तरां में तीन महिलाओं पर अश्लील फब्तियां कसीं

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 22 सितंबर।

दिल्ली के एक रेस्तरां सह बार में एक महिला और उसकी दो दोस्तों के साथ छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। पीड़ित महिला ने अपने और अपनी दोस्तों के साथ हुई इस घटना के बारे में सोशल मीडिया पर पोस्ट किया है।

ग्रेटर कैलाश भाग-दो के इस मामले के बाबत जिला पुलिस उपायुक्त अतुल कुमार ठाकुर का कहना है कि धारा 354 और 506 के तहत मामला दर्ज कर जांच की जा रही है। पीड़िता ने सोशल मीडिया पर बताया है कि वो दो दोस्तों के साथ रात का भोजन करने गई थी तभी कुछ लोगों ने उनके साथ छेड़खानी की। यह घटना रात 10 बजकर 25 मिनट से 10 बजकर 40 मिनट के बीच की है। पीड़िता ने फेसबुक पर लिखा कि मनचलों ने उनके साथ धक्का-मुक्की की और फिर अश्लील फब्तियां कसे। ग्रेटर कैलाश-दो के एम ब्लॉक स्थित एक रेस्तरां सह बार में गई थीं। महिला ने लिखा है कि आरोपी ने कई भद्दे कमेंट और गंदे इशारे किए। पीड़ित महिला को नौकरानी और चाची तक बोला। आरोपी की पहचान नहीं हो सकी है इसलिए अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

आरएफआइडी टैग : ईपीसीए के संज्ञान लेने से हड़कंप

मिलीभगत से लाखों के राजस्व पर लग रहा बट्टा

अमलेश राजू
नई दिल्ली, 22 सितंबर।

सुप्रीम कोर्ट की पहल पर बनी पर्यावरण प्रदूषण नियंत्रण प्राधिकरण (ईपीसीए) के निर्देश से दिल्ली के सभी अंतरराज्यीय टोल प्लाजा पर व्यावसायिक वाहनों को दिल्ली में प्रवेश से पहले रेडियो फ्रिक्वेंसी आइडंटीफिकेशन डिवाइस (आरएफआइडी) टैग की अनिवार्यता इन दिनों अव्यवस्था का पर्याय बनता जा रहा है। मिलीभगत से निर्धारित कतार से अलग व्यावसायिक वाहन तेज गति में बिना टैग लगाए मुफ्त लेन से निकलने में सफल हो रहे हैं जिससे निगम को लाखों रुपए का चूना तो लग ही रहा है, साथ ही टोल प्लाजा पर शुल्क वसूलने वाली कंपनियों की अव्यवस्था भी खुल कर सामने आ रही है। इस अव्यवस्था पर ईपीसीए ने संज्ञान लिया है जिससे पुलिस और संबंधित एजंसियां चिंता में हैं।

आरएफआइडी टैग प्रक्रिया शुरू होने के बाद ईपीसीए के अध्यक्ष भूरे लाल ने बताया था कि व्यावसायिक वाहन चालकों को अपने वाहन का पूर्व पंजीकरण कराने, उनके लिए 13 टोल प्लाजा पर अपनी सुविधा के स्थान पर आरएफआइडी टैग रिचार्ज एवं प्राप्त करने की ऑनलाइन सुविधा उपलब्ध होगी। लेकिन दो हफ्ते से ज्यादा के बाद भी नोडल एजंसी दक्षिणी निगम इसे सुचारू करने में सफल नहीं हो सकी है। दक्षिणी निगम की स्थायी समिति की बैठक में आम आदमी पार्टी के पार्षद नरेंद्र कुमार और कांग्रेस के वेदपाल ने मिलीभगत और अव्यवस्था का मामला उठाया था। वहीं टोल प्लाजा पर जाली टैग बनाकर निगम को चूना लगाने में 19 सितंबर को गुरुग्राम में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस पर अव्यवस्था का आरोप

टोल प्लाजा पर तैनात दिल्ली और हरियाणा पुलिस अधिकारियों पर बिना टैग गाड़ियों को भगाने का आरोप है। यह बात ईपीसीए के अधिकारियों ने कही है। मामले में दिल्ली और गुरुग्राम पुलिस प्रमुख को शिकायत की गई है। ईपीसीए प्रमुख ने इस बाबत एक वीडियो भी मिलने की बात कही है। उन्होंने मुफ्त लेन में भी सीसीटीवी लगाने के निर्देश जारी किए हैं।

अधिकारी कहते हैं...

'यह प्रक्रिया प्रारंभिक चरण में है लिहाजा निगम व्यवस्था दुरुस्त करने में लगा हुआ है। लोगों को समझाने, शिक्षित करने और टैग रिचार्ज की प्रक्रिया सहित जुर्माने पर भी काम चल रहा है'।
यशपाल दहिया, अभियांत्रिक अधिकारी, दक्षिणी निगम

सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया
Central Bank of India
1911 से आपके लिए "केन्द्रित" "CENTRAL" TO YOU SINCE 1911
शाखा कार्यालय: 2ई/28, आत्मा राम मेन्सन, झण्डेवालान विस्तार, दिल्ली-110055

कब्जा सूचना (अचल सम्पत्ति के लिए)
परिशिष्ट–IV (नियम 8 (1) देखें)

जबकि वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित अधिनियम, (दूसरा) अध्यादेश 2002 (2002 का अध्यादेश 3) के अंतर्गत **सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, आर.टी. नगर, नई दिल्ली शाखा** का प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ पढ़े जाने वाले अनुच्छेद 13(12) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए अधोहस्ताक्षरी ने मांग सूचना दिनांक **01/06/2019** जारी की थी, जिसके द्वारा **कर्जदार: श्रीमती ममता कुमारी, मालिक: मैसर्स लक्ष्य ट्रेडर्स,** को सूचना में उल्लिखित राशि **रु.46,39,168/– (छियालिस लाख उनतालिस हजार एक सौ अड़सठ रूपये मात्र)** उक्त सूचना की प्राप्ति के 60 दिनों के भीतर चुकाने के लिए कहा गया था। **कर्जदार** के इस राशि को चुकाने में असफल रहने के कारण, कर्जदार तथा आम जनता को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 के साथ पढ़े जाने वाले कथित अधिनियम की धारा 13(4) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए नीचे वर्णित सम्पत्ति का कब्जा **दिनांक 18.09.2019** को ले लिया है। **कर्जदार** को विशेष तौर पर तथा आम जनता को सामान्य तौर पर एतद्द्वारा सावधान किया जाता है कि वे **सम्पत्ति** के साथ किसी प्रकार का लेन–देन न करें और **सम्पत्ति** का कोई भी लेनदेन **रु.46,39,168/– (छियालिस लाख उनतालिस हजार एक सौ अड़सठ रूपये मात्र) और उस ब्याज के साथ, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, आर.टी. नगर, नई दिल्ली शाखा** के प्रभार के भुगतान के अधीन होगा।

ऋणियों का ध्यान सुरक्षित सम्पत्ति को छुड़ाने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में अधिनियम के अनुच्छेद (13) के उप–अनुच्छेद (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है।

अचल सम्पत्ति का विवरण

श्रीमती ममता कुमारी पत्नी श्री महेश कुमार के नाम पर गांव घोण्डा गुजरन खादर की आबादी, जय प्रकाश नगर, घोण्डा इलाका शाहदरा, दिल्ली–110053 में स्थित सम्पत्ति एरिया परिमाप 48.49 वर्ग मीटर, खसरा नं. 668 का भाग, प्लॉट नं. एच–60/8, अंतिम मंजिल तक निर्माण अधिकार के साथ **जो घिरी है:**

उत्तर: मेन गामरी रोड **दक्षिण:** अन्य की सम्पत्ति
पूर्व: अन्य की सम्पत्ति **पश्चिम:** अन्य की सम्पत्ति

स्थान: नई दिल्ली **प्राधिकृत अधिकारी**
तिथि: 18.09.2019 **सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया**

AASHRIT CAPITAL LIMITED
(FORMERLY KNOWN AS JALAN CEMENT WORKS LIMITED)
Regd. Office: Select City Walk, 6th Floor, A-3, District Centre, Saket, New Delhi-110017
CIN: L65923DL1972PLC317436
UNAUDITED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER ENDED ON 30.06.2019
PART I (Rs in lakh)

	Particulars	3 Months ended 30.06.2019 Unaudited	Correspoding 3 Months ended in previous year 31.03.2019 Unaudited	Previous Year Ended On 31.03.2019 Audited
1	Total income from operations (net)	133.77	598.98	1,218.58
2	Profit / (Loss) for the period (before Tax, Exceptional and/or Extraordinaryitems)	21.27	(20.96)	88.87
3	Profit/(Loss) for the period before tax (after Exceptional and/or Extraordinary items)	21.27	(20.96)	88.87
4	Net Profit/(Loss) for the period (11-12)	21.27	(14.94)	64.34
5	Total Comprehensive Income for the period[Comprising Profit / (Loss) for the period(after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)]	-	-	-
6	Paid-up equity share capital (11202540 equity shares of Rs. 10)	1,120.25	1,120.25	1,120.25
7	Reserve excluding revaluation Reserves as per balance sheet of previous accounting year	-	-	8,819.32
8	Earnings Per Shares (EPS) (for continuing and discontinued operations a) Basic b) Diluted	0.02	(0.01)	0.06
	SEGMENT REPORTING			
1	**Segment Revenue** a) Segment-NBFC b) Segment- Real Estate c) Unallocated Total Less: Inter Segment Revenue	133.77 - - 133.77 -	598.98 - - 598.98 -	1,218.30 - - 1,218.30 -
	Gross Revenue	**133.77**	**598.98**	**1,218.30**
2	**Segment Results** a) Segment-NBFC b) Segment- Real Estate c) Unallocated	21.32 - -	18.92 - -	94.95 - -
	Profit/Loss Before Tax	**21.32**	**18.92**	**94.95**
3	**Segment Assets** a) Segment-NBFC b) Segment- Real Estate c) Unallocated	10,332.03 - -	10,234.07 200.00 -	10,234.07 200.00 -
	Total Assets	**1,332.03**	**10,434.07**	**10,434.07**
4	**Segment Liabilities** a) Segment-NBFC b) Segment- Real Estate c) Unallocated	370.65 - -	494.31 - -	494.31 - -
	Total Liabilities	**370.65**	**494.31**	**494.31**

Notes:-
1. The above financial results for the quarter ended on 30th June, 2019 have been reviewed by the audit Committee and approved by the board at their respective meetings held on 21.09.2019.
2. The Limited Review of the results has been completed by the Statutory Auditors of the Company
3. As per Indian Accounting Standard (IndAS) 108 "Operating Segment", the Company's business falls within a single business segment.
4. Book Value has been appropriated as the Fair Valur due to limited circumstances and such value is based on most recent information available with the company in the given circumstances.
5. Previous period figure has been regrouped/rearranged wherever necessary.

For Aashrit Capital Limited
(Formerly known as Jalan Cement Works Limited)
Sd/-
Prateek Arora
Managing Director
DIN: 07189849

Place : Delhi
Date : 21.09.2019

सेप्टिक टैंक में मिले महिला के शव के टुकड़े

महिला की हत्या, पति ने थाने में किया आत्मसमर्पण

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 22 सितंबर।

प्रेम नगर थाना क्षेत्र में कंप्यूटर हार्डवेयर इंजीनियर पर पत्नी की हत्या कर, शव के टुकड़ों को सेप्टिक टैंक में डालने का आरोप है। महिला की पहचान सीमा (28) के तौर पर हुई है। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी आशू (30) ने संगम विहार स्थित अपने ससुराल वालों को शनिवार देर रात फोन कर इसकी जानकारी दी। इसके बाद वह प्रेम नगर थाने पहुंचा और आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस ने उसे तुरंत हिरासत में ले लिया है। पुलिस ने घर के सेप्टिक टैंक से महिला के शव के टुकड़ों को बरामद किया है। पुलिस के मुताबिक शव के दो टुकड़े किए गए थे।

सीमा के भाई संतोष पाल ने बताया कि आशू परिवार के साथ प्रेम नगर, यादव मोहल्ला, किराड़ी में रहता है। वह कंप्यूटर हार्डवेयर इंजीनियर है। हरदोई, उत्तर प्रदेश निवासी आशू की दस साल पहले सीमा से शादी हुई थी। आशू की दो बेटियां हैं। उसकी 100

फाइल फोटो

गज की जमीन है। एक हिस्से में उसके भाई का परिवार रहता है। वह इन दिनों मायापुरी में नौकरी करता है। संतोष पाल ने बताया कि रात करीब 10 बजे उनके घर फोन कर आशू ने बताया कि उसने सीमा की हत्या कर दी है। उसके बाद फोन काट दिया। परिवार को लगा कि शायद वह मजाक कर रहा है, लेकिन सुबह जब फोन करते रहे और कोई जवाब नहीं मिला तो वे आशू के घर पहुंचे। पीड़ित परिजनों ने पाया कि घर के अन्य सभी सदस्य फरार हैं और घर खुला पड़ा है। पड़ोसियों ने उन्हें बताया कि रात को ही आशू ने सीमा की हत्या कर दी थी। उसके बाद से वह फरार है।

20 फीट गहरे टैंक में डाला शव

संतोष ने 100 नंबर पर फोन कर इसकी जानकारी पुलिस को दी, जिसके बाद पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। कड़ी मशक्कत करने के बाद पुलिस टीम ने 20 फीट गहरे सेप्टिक टैंक से सीमा के शव को बाहर निकाला और पोस्टमार्टम कराने के लिए भेज दिया। बताया जा रहा है कि आरोपी ने तेज धारदार हथियार से सीमा की हत्या की थी और शक के दो टुकड़े कर घर में बने सेफ्टी टैंक में डाल दिया था। पूरे घर में खून फैला हुआ था। फिलहाल पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करा कर परिजनों को सौंप दिया है।

अक्सर होती थी लड़ाई

संतोष पाल ने बताया कि आरोपी आशू उसकी बहन सीमा से अकसर लड़ाई करता था। पर समझाने के बाद मामला शांत हो जाता था। सीमा बताती थी कि आशू उसे हमेशा परेशान करता था, लेकिन कभी यह नहीं लगा कि वह उसकी हत्या कर देगा।

मुठभेड़ के बाद पत्नी की हत्या का आरोपी गिरफ्तार

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 22 सितंबर।

सीमापुरी थाना पुलिस ने एक बदमाश को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया है। शनिवार देर रात करीब दो बजे मुठभेड़ हुई थी। इसकी पहचान सुंदर नगरी निवासी आसिफ उर्फ अंशू, उर्फ नूर आलम (40) के तौर पर हुई है। आसिफ ने इसी साल 25 फरवरी को अपनी पत्नी गरिमा गार्डन, साहिबाबाद में गोली मारकर हत्या कर दी थी, जिसके बाद से वह फरार चल रहा था।

शाहदरा जिला पुलिस उपायुक्त अमित शर्मा ने बताया कि उत्तर प्रदेश पुलिस ने आरोपी पर 25 हजार रुपए का इनाम घोषित किया हुआ है। देर रात सीमापुरी पुलिस टीम ने आरोपी को जब रुकने का इशारा किया तो बदमाश ने तीन राउंड गोलियां चलाई, जिसके बाद पुलिस ने जवाबी कार्रवाई में दो राउंड गोलियां चलाई। बाद में आरोपी को मौके पर ही दबोच लिया। आसिफ की निशानदेही पर दो कट्टा, 22 कारतूस, तीन खोखे और एक मोटरसाइकिल जब्त की है। छानबीन के दौरान पुलिस को पता चला है कि आरोपी के खिलाफ 40 मामले दर्ज हैं। आसिफ को हैदराबाद पुलिस ने भी इससे पहले गिरफ्तार किया था। मुठभेड़ में एक गोली एएसआइ सुखबीर को लगी है।

पत्रकार से लूटपाट करने वाले तीन गिरफ्तार

जनसत्ता संवाददाता
नोएडा, 22 सितंबर।

बदमाशों ने पीड़ित से मारपीट कर एटीएम से 61 हजार रुपए निकलवा लिए थे

महामाया फ्लाईओवर के पास से लिफ्ट देकर पत्रकार से लूट करने वाले तीन बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। बदमाशों ने पीड़ित से मारपीट कर एटीएम से 61 हजार रुपए निकलवा लिए थे जबकि उसके क्रेडिट कार्ड से 3.17 लाख रुपए की डीएलएफ मॉल से खरीदारी की थी। तीनों गिरफ्तार आरोपी विद्यार्थी हैं। थाना सेक्टर-39 पुलिस ने तीनों को जेल भेज दिया है।

13 सितंबर की रात करीब आठ बजे कार सवार बदमाशों ने पत्रकार प्रेम शंकर श्रीवास्तव को लिफ्ट देकर कार में बैठाया था। कुछ दूर जाने के बाद बदमाशों ने प्रेम शंकर को बंधक बना लिया और मारपीट कर उनके एटीएम से 61 हजार रुपए निकलवा लिए। उनके क्रेडिट कार्ड से डीएलएफ मॉल से टॉमी हिलफिंगर और रिलायंस शोरूम से 3.17 लाख रुपए की खरीदारी की थी। इस मामले में पुलिस ने सेक्टर-44 के पास से शनिवार देर रात को तीन बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों की पहचान करावल नगर, दिल्ली निवासी डेविड शर्मा, मोहम्मद सादिक और राशिद के रूप में हुई है। डेविड 12वीं में पढ़ाई करता है। सादिक बीएससी पास है और परीक्षाओं की तैयारी कर रहा है। वहीं, राशिद बी फार्मा तृतीय वर्ष का छात्र है। ये लोग मौजमस्ती के लिए लूटपाट करते हैं और पहले भी इस तरह की कई लूट की वारदात को अंजाम दे चुके हैं। इनके पास से 85 हजार रुपए नकदी, मोबाइल फोन व डीएलएफ मॉल से खरीदे गए ब्रांडेड कपड़े व अन्य सामान बरामद किए गए हैं।

युवक को अगवा कर साढ़े तीन घंटे कार में घुमाया, लूटपाट

जनसत्ता संवाददाता
नोएडा, 22 सितंबर।

सेक्टर-72 में बेखौफ बदमाशों ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) में तैनात संयुक्त सचिव के बेटे को अगवा कर बंधक बनाकर लूटपाट की। तीन बदमाशों ने युवक को शुक्रवार देर रात करीब साढ़े 12 बजे कार समेत अगवा किया और तड़के करीब 4 बजे कार के खराब होने पर गाजियाबाद में छोड़ा। इस दौरान बदमाशों ने पीड़ित की जमकर पिटाई की और तमंचा दिखाकर मारने की धमकी दी थी। बदमाशों के चुंगल से छूटने के बाद वह जैसे- तैसे ऑटो के जरिए साढ़े 5 बजे अपने घर पहुंचा। मामले की जानकारी नोएडा पुलिस को दी गई है। थाना सेक्टर-49 पुलिस ने शनिवार देर रात मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। सेक्टर- 72 में मानव संसाधन मंत्रालय के यूजीसी में संयुक्त सचिव पद पर तैनात डॉ सुरेंद्र सिंह रहते हैं।

एनओसी को लेकर नोएडा में बड़ा खुलासा

अग्निशमन इंस्पेक्टर समेत दो लोग गिरफ्तार

जनसत्ता संवाददाता
नोएडा, 22 सितंबर।

अग्निशमन विभाग की अनापत्ति प्रमाणपत्र (एनओसी) के लिए नोएडा में काम कर रहे संगठित गिरोह का पर्दाफाश हुआ है। इस मामले में रविवार को दमकल केंद्र फेज-एक के अग्निशमन अधिकारी (एफएसओ) कुलदीप कुमार समेत दो लोगों की गिरफ्तारी की गई है। जांच में अब तक कुल सात संगठित गिरोह के नाम सामने आए हैं। जिन्होंने फर्जीवाड़ा कर अब तक 450 से अधिक अनापत्ति प्रमाण पत्र हासिल किए हैं। इसके खिलाफ भी मामले दर्ज किए गए हैं। जिनकी जल्द गिरफ्तारी करने का दावा किया गया है।

एसएसपी वैभव कृष्ण ने रविवार को सेक्टर-14ए स्थित पुलिस नियंत्रण कक्ष में हुई

फोटो: आरोपी

प्रेसवार्ता में बताया कि सोशल मीडिया पर दो व्यक्तियों के बीच एनओसी के लिए रुपए के लेन-देन की बात सोशल मीडिया पर वायरल हुई थी, जिसे लेकर मुख्य अग्निशमन अधिकारी एके सिंह ने उन्हें पत्र भेजकर संभावना जताई कि ऑडियो में फेज-एक के एफएसओ कुलदीप कुमार और अग्निशमन उपकरणों से जुड़े कारोबारी अरविंद गुप्ता की आवाज है। मामले की जांच क्षेत्राधिकारी प्रथम श्वेताभ पांडे से कराई गई।

21 सितंबर को अपनी जांच रिपोर्ट में क्षेत्राधिकारी ने कहा कि एफएसओ कुलदीप कुमार और अरविंद गुप्ता ने ऑडियो में अपनी आवाज होना स्वीकार किया है। रुपए लेने की बात एक मई की है। ऑडियो में अरविंद गुप्ता सेक्टर-48 स्थित मदरहुड अस्पताल की इमारत की अग्निशमन सुरक्षा (फायर सेफ्टी) एनओसी देने के लिए एफएसओ से 80 हजार रुपए देने की बातचीत कर रहे हैं। यह भी कहा गया कि कुलदीप कुमार ने मदरहुड अस्पताल की जांच की थी, जिसमें कुछ कमियां मिली थी। यह अस्पताल आरएचईएल हेल्थकेयर प्राइवेट लिमिटेड से संबंधित है।

आपकी शिकायतें

शकरपुर में पानी पर उदासीन अधिकारी

उपाध्याय ब्लॉक शकरपुर के अंतर्गत दिल्ली जल बोर्ड के स्थानीय अधिकारियों की उदासीनता की वजह से क्षेत्र में पीने का पानी रिसाव की वजह से व्यर्थ बह रहा है। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी मानवाधिकार विभाग के चीफ मीडिया समन्वयक अशोक शर्मा बताते हैं कि मदर डेयरी रोड उपाध्याय ब्लाक शकरपुर पर बस स्टैंड के नजदीक पार्क के सामने लीकेज की वजह से बहुमूल्य दिल्ली जल बोर्ड का पेयजल व्यर्थ सड़क पर बह रहा है। साथ ही शकरपुर मेन मार्किट में उपाध्याय ब्लॉक में ही ट्रांसफार्मर के नजदीक रिसाव की वजह से दिन रात पानी पिछले कई महीनों से व्यर्थ बह रहा है। उल्लेखनीय है कि शकरपुर मेन मार्किट में इस बहते हुए पानी की सूचना स्थानीय अधिकारी को काफी पहले दी थी लेकिन उन्होंने इस बहते हुए पानी की कोई कीमत न समझते हुए इस सुचना को अनदेखा कर दिया। इस संदर्भ में दिल्ली सरकार की शिकायत वेबसाइट पर भी शिकायत दर्ज कराई जा चुकी है।

-अशोक शर्मा, यू-101, शकरपुर, दिल्ली।

सप्ताह में एक दिन आता है पानी का टैंकर

देवली और संगम विहार क्षेत्र के कई इलाकों में सप्ताह में एक दिन पानी का टैंकर आता है। इस कारण पिछले काफी समय से स्थानीय निवासियों को खासी दिक्कत हो रही है। पहले पानी के टैंकर के लिए जब हेल्पलाइन नंबर पर फोन करते थे, तो दूसरे दिन पानी का टैंकर आ जाता था, लेकिन बीते कई महीने से बुक करने के बाद भी सप्ताह में केवल एक दिन ही टैंकर पानी लेकर आता है। इस बारे में ग्रेटर कैलाश स्थित जल बोर्ड के दफ्तर में कई बार शिकायत की है। पर सुनवाई नहीं हो रही है। फोन करने पर जवाब दिया जाता है कि आपके पते पर टैंकर को भेज दिया गया है। पर पानी का टैंकर नहीं आता और इस बारे में जब टैंकर के बारे में जानकारी मांगी जाती है तो मना कर दिया जाता है कि नंबर उपलब्ध नहीं कराया जाता, जबकि पहले टैंकर बुक होने पर संबंधित व्यक्ति के नंबर पर टैंकर के बारे में पूरी जानकारी भेज दी जाती थी। यही कारण है कि देवली और संगम विहार के कई इलाकों में लोग पानी खरीदने को मजबूर हैं। पीने के पानी के अलावा घरेलू इस्तेमाल के लिए भी पानी खरीदने को मजबूर होना पड़ रहा है।

-लाल मोहन, देवली।

शाहबेरी बसाने में शामिल भ्रष्ट अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग

जनसत्ता संवाददाता
ग्रेटर नोएडा, 22 सितंबर।

शाहबेरी संघर्ष समिति ने रविवार को धरना स्थल पर महामंथन पंचायत आयोजित की, जिसमें मांग की गई कि शाहबेरी जिन भ्रष्ट अधिकारियों की वजह से बसा, उन लोगों के खिलाफ तुरंत और सख्त कार्रवाई हो। समिति ने दिल्ली आइआइटी से इमारतों की जांच रिपोर्ट को सार्वजनिक करने की भी मांग की गई। समिति के लोगों का कहना है कि रिपोर्ट में कमजोर पाई गई इमारतों का पुनः निर्माण हो या फिर कमजोर फ्लैटों के बदले नया घर दिया जाए। महामंथन पंचायत में करीब पांच सौ लोगों ने भाग लिया।

सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया
Central Bank of India
1911 से आपके लिए "केन्द्रित" "CENTRAL" TO YOU SINCE 1911
शाखा कार्यालयः सी-3, मालवीय नगर, नई दिल्ली-110017

कब्जा सूचना (अचल सम्पत्ति के लिए)
परिशिष्ट-IV (नियम 8 (1) देखें)

जबकि वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित अधिनियम, (दूसरा) अध्यादेश 2002 (2002 का अध्यादेश 3) के अंतर्गत **सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, मालवीय नगर, नई दिल्ली शाखा** का प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ पढ़े जाने वाले अनुच्छेद 13(12) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए अधोहस्ताक्षरी ने मांग सूचना दिनांक **01/07/2019** जारी की थी, जिसके द्वारा **कर्जदारः श्री चेतन चोपड़ा, एवं श्रीमती शिवानी चेतन चोपड़ा,** को सूचना में उल्लिखित राशि **रु.20,11,631/- (बीस लाख ग्यारह हजार छः सौ इकतिस रूपये मात्र)** उक्त सूचना की प्राप्ति के 60 दिनों के भीतर चुकाने के लिए कहा गया था। **कर्जदार** के इस राशि को चुकाने में असफल रहने के कारण, कर्जदार तथा आम जनता को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 के साथ पढ़े जाने वाले कथित अधिनियम की धारा 13(4) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए नीचे वर्णित सम्पत्ति का कब्जा **दिनांक 20.09.2019** को ले लिया है। **कर्जदार** को विशेष तौर पर तथा आम जनता को सामान्य तौर पर एतद्द्वारा सावधान किया जाता है कि वे **सम्पत्ति** के साथ किसी प्रकार का लेन-देन न करें और **सम्पत्ति** का कोई भी लेनदेन **रु.20,11,631/- (बीस लाख ग्यारह हजार छः सौ इकतिस रूपये मात्र) और उस पर ब्याज़ के साथ, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, मालवीय नगर, नई दिल्ली शाखा** के प्रभार के भुगतान के अधीन होगा।

ऋणियों का ध्यान सुरक्षित सम्पत्ति को छुड़ाने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में अधिनियम के अनुच्छेद (13) के उप-अनुच्छेद (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है।

अचल सम्पत्ति का विवरण

सम्पत्ति फ्लैट नं. बी-7/61 एक्स., परिमाप 200 वर्ग मीटर, सफदरजंग एन्क्लेव, प्लॉट नं. 61, उप जिला नई दिल्ली एवं जिला-नई दिल्ली-110029 के पंजीकरण के भीतर सम्पत्ति के सभी भाग एवं हिस्से **जो घिरा है:**

उत्तरः सम्पत्ति सं. बी-7/60 एक्स. **दक्षिणः** सम्पत्ति सं. बी-7/62 एक्स
पूर्वः रोड **पश्चिमः** सर्विस लेन

स्थानः नई दिल्ली **प्राधिकृत अधिकारी**
तिथिः 20.09.2019 **सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया**

दिल्ली मेरी दिल्ली

पितृपक्ष के बाद घोषणा

दिल्ली विधानसभा चुनाव में अब कुछ ही समय रह गया है और दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष तय करने का मामला टलता ही जा रहा है। कहा जा रहा है कि अब तो घोषणा पितृपक्ष के समाप्त होने यानि 28 सितंबर के बाद ही हो सकती है। लगातार 15 साल दिल्ली की सत्ता में काबिज रहने के बाद कांग्रेस दो विधानसभा चुनावों से हाशिए में पहुंच गई है। माना जा रहा है कि दिल्ली की सत्ता में काबिज आम आदमी पार्टी (आप) ने कांग्रेस के वोट बैंक को अपना वोट बैंक बना लिया है। कांग्रेस ने बड़े प्रयास के बाद 2017 के विधानसभा चुनावों में उसमें से एक हिस्से को अपने पक्ष में वापिस करवाया और इस लोकसभा चुनाव में पूर्व मुख्यमंत्री शीला दीक्षित को प्रदेश अध्यक्ष बनाकर लोकसभा चुनाव लड़वाया तो कांग्रेस 'आप' को पीछे करते हुए भाजपा के मुकाबले दूसरे नंबर पर काबिज हुई। उसके बाद कांग्रेस को उस अभियान को आगे बढ़ाना था लेकिन वे आपस में लड़ने लगे। शीला दीक्षित की मौत के बाद से पार्टी नेतृत्व प्रदेश अध्यक्ष ही तय नहीं कर पा रहा है। इससे अभी से वातावरण बनने लगा है कि दिल्ली में 'आप' और भाजपा के मुकाबले कांग्रेस पिछड़ जाएगी। आज-कल करते हुए दो महीने से प्रदेश अध्यक्ष ही तय नहीं हो पा रहा है और तीनों कार्यकारी अध्यक्ष अपनी सुविधा से बयानबाजी करने लगे हैं। चर्चा है कि कोई पूर्व अध्यक्ष को पार्टी की कमान सौंपी जाएगी लेकिन फैसला कब होगा कहा नहीं जा सकता है। यह तो तय माना जा रहा है कि अभी पितृपक्ष में तो कोई घोषणा नहीं होने वाली है।

बदले-बदले केजरीवाल

आम आदमी पार्टी (आप) के संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली विधानसभा चुनाव करीब आते ही कमान अपने हाथ में संभाल ली है। सभी घोषणाएं वे खुद करने लगे हैं और लोगों से मिलने की रफ्तार बढ़ा दी है। एक के बाद एक करके बिजली-पानी एक सीमा तक मुफ्त करने के बाद डीटीसी और मेट्रो में महिलाओं की यात्रा मुफ्त करने की घोषणा कर दी। सुप्रीम कोर्ट की डांट के बाद मेट्रो में महिलाओं की यात्रा मुफ्त करने में ज्यादा अड़चन दिख रही है। इसलिए दिल्ली के मतदाताओं के अनेक महत्त्वपूर्ण मुद्दे पर वे बोलने लगे हैं। उन्हें पता है कि कांग्रेस चुनाव तक 'आप' के मुकाबले में आ नहीं सकती इसलिए भाजपा को सीधा निशाना बना रहे हैं। यह भी संभव है कि वे कांग्रेस को मुकाबले लायक बनने नहीं देना चाहते हैं। उन्हें लगता है कि भाजपा तभी जीतेगी जब कांग्रेस भी मजबूत होगी। पार्टी में केजरीवाल ही सर्वाधिक लोकप्रिय नेता हैं। पार्टी को उनके ही नाम पर वोट मिलता है। वे उसे जताने के लिए पूरी तरह से सक्रिय हो गए हैं।

डेंगू पर पोस्टर वार

डेंगू के डंक ने दिल्ली में राजनीतिक बवाल का मौका दे दिया है। अब तक हंगामा इस बात को लेकर होता था कि दिल्ली सरकार पैसा जारी नहीं करती और एजंसियां ठीक तरह से काम नहीं कर पाती हैं। वहीं, दिल्ली सरकार एमसीडी को काम नहीं करने पर घेरती थी, लेकिन इस बार के आंकड़ों में दिल्ली में डेंगू के मामलों में कमी आई है। इन मामलों को लेकर सरकार व एमसीडी में एक ही बात को लेकर तनातनी है कि ये कमी उनकी एंजसी के माध्यम से हुए कामों की वजह से आई है। इसे लेकर दिल्ली में आप-भाजपा के बीच खुला पोस्टर वार भी शुरू हो गया है।

सब ठीक है!

विधानसभा चुनाव से ठीक पहले भाजपा अंदर ही अंदर यह दिखाने की कोशिश कर रही है कि सब कुछ ठीक है, लेकिन एक बवाल खत्म होता है तो दूसरा पार्टी के गले पड़ जाता है। इसलिए अब पार्टी विवादों में घिरे रहने वाले नेताओं को एक साथ विभिन्न मंचों पर लेकर जा रही है। इस रणनीति का मकसद पार्टी में अंदरूनी कलह का सवाल करने वाले नेताओं को जवाब देना है और चुनाव से ठीक पहले जनता को समझाना है कि सब ठीक-ठाक है। हालांकि प्रमुख बैठकों में भाजपा नेता नेता एक-दूसरे की टांग खींचने का मौका नहीं छोड़ रहे हैं। जो पार्टी के नेताओं को आने वाले चुनावों में पार्टी के लिए सबसे बड़ी परेशानी बनती नजर आ रही है।

जनता काटे चालान

अभी तक आपने तो सुना होगा कि यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर पुलिस वाहन चालक का चालान काटती थी। पर नया मोटर वाहन बिल लागू होने के बाद दिल्ली के कई क्षेत्रों में जनता पुलिसकर्मियों का चालान कटवा रही है। यही कारण है कि कई पुलिसकर्मी घर से निकलते ही दोपिहया वाहन चलाते समय हेलमेट पहन लेते हैं। साथ ही चार पहिया चलाते समय सीट बेल्ट लगा लेते हैं। मजे की बात यह है कि पीसीआर में तैनात पुलिसकर्मी भी अब सीट बेल्ट लगाते हुए नजर आ रहे हैं। इसे सख्त नियम का डर कहें या फिर आम जनता से बचने का उपाय। पुलिसकर्मी भी यातायात नियमों का पालन करते हुए नजर आ रहे हैं। नहीं तो एक दौर ऐसा भी था कि स्टाफ बोलकर वह नियमों की धड़ल्ले से अनदेखी करते थे और विभाग का मामला होने की वजह से यातायात पुलिसकर्मी भी उनकी कमियों से आंखें फेर लेते थे, लेकिन पिछले कुछ दिनों में कई ऐसे वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल किए गए, जिसके बाद से दिल्ली पुलिसकर्मी भी डर कर नियमों की अनदेखी करने से बच रहे हैं।

पर्यावरण पर चर्चा

राजधानी ही नहीं दुनिया भर में पर्यावरण को लेकर चर्चा जारी है। सरकारी व गैरसरकारी महकमें में बचाव के उपाय तो सुझाए जाते हैं पर बात जब अमल की आती है तो पूरा मुद्दा ही ऐसे गायब हो जाता है जैसे गधे के सिर से सींग। इसी तरह की एक बानगी बेदिल को भी देखने को मिली। मौका था पर्यावरण पर एक कान्फ्रेंस का। सम्मेलन से निकलते समय जब एक अन्य भागीदार से कार में लिफ्ट मांगी गई तो उन्होंने साफ इनकार कर दिया। इसके थोड़ी देर पहले ही पर्यावरण संतुलन के लिए सुझाए गए उपायों पर गौर करने व समझने के लिए ही गहन चर्चा की गई थी लेकिन जब यह हाल बड़े ठसक से बौद्धिक चर्चाओं में शरीक होने वालों का है तो इन मुद्दों के प्रति पहले से ही बेपरवाह लोगों से क्या उम्मीद।

पुलिस की मुश्किल

दिल्ली के लोगों में एक बात सालों से कही जाती है कि यहां पुलिस के बिना पत्ता भी नहीं हिलता है। पुलिस चाहे तो कोई भी काम असंभव नहीं होता। यह काम केंद्र, राज्य और निगम के किसी भी विभाग का क्यों नहीं हो? हालांकि इसमें पुलिस की सकारात्मकता और नकरात्मकता दोनों ही बातों का घालमेल है। ताजा मामला आरएफआइडी से जुड़ा है जहां पुलिस पर सीधे तौर पर बिना पहचान टैग से गाड़ियां भगाने का आरोप लगा है। यह आरोप भी ऐसी संस्था ने लगाया है जिसकी विश्वसनीयता पर प्रश्नचिन्ह लगाना मुश्किल ही नहीं असंभव है। सुप्रीम कोर्ट की पहल पर बनी इस समिति ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस के सामने मुश्किल खड़ी कर दी है। अब देखना यह है कि इस मुश्किल से पुलिस कैसे निकलती है। अन्यथा यह कहावत ही फिर लागू न हो जाए कि पुलिस सब कुछ कर सकती है?

विधायकी की तैयारी

दिल्ली में कई निगम पार्षदों ने विधायकी की तैयारी शुरू कर दी है। इसमें कांग्रेस, भाजपा और 'आप' के साथ बसपा और अन्य दलों के पार्षद भी शामिल हैं। ऐसे पार्षदों का कहना है कि राष्ट्रीय राजनीतिक दलों में इस बात को लेकर गहन विमर्श हो रहा है कि इस बार ऐसे उम्मीदवार उतारे जाएं जिसकी जीत पक्की हो। बेदिल को दिल्ली के पूर्वांचल बहुल इलाके के एक पार्षद ने बताया कि इस बार उनकी दावेदारी पक्की है। पक्की का मतलब पूछा गया तो उनका कहना था कि जैसे पिछली दफा भाजपा ने एक भी मौजूदा पार्षद या उनके रिश्तेदार को टिकट नहीं देने का फैसला किया और तीनों निगमों में पार्टी की जीत हुई वैसा ही फार्मूला अन्य पार्टियां आजमाने का मन बना रही हैं।

थैलियों पर रोक नहीं

नोएडा में एकल इस्तेमाल योग्य प्लास्टिक पर रोक की प्रदेश एवं देशव्यापी मुहिम और लगातार छापेमारी के बीच पॉलीथीन की थैलियों पर रोक नहीं लग पा रही है। पॉलीथीन या प्रतिबंधित प्लास्टिक उत्पादों का भंडारण, बेचने, लाने और ले जाने वालों पर लाखों रुपए का जुर्माना भी प्रशासनिक अधिकारियों ने लगाया है। तब भी किसी भी ठेली, रेहड़ी, पटरी से लेकर दुकानदारों तक आसानी से पॉलीथीन की थैलियां या कैरीबैग लिए जा सकते हैं। अंतर आया है तो केवल इतना कि पहली बार में दुकानदार पॉलीथीन पर रोक होने की बात जरूर कहता है लेकिन खरीदार के चले जाने के डर से वह काउंटर के नीचे रखी पॉलीथीन की थैली में सामान रखकर पकड़ा देता है। पॉलीथीन रोक मुहिम को प्रभावी बनाने वाले ट्री संगठन के सदस्यों तक ने प्रशासनिक व्यवस्था पर सवालिया निशान लगाया है। दो दिन पहले प्राधिकरण के मुख्य प्रशासनिक कार्यालय से चंद कदमों की दूरी पर बनी फैक्ट्री में प्रतिबंधित प्लास्टिक होने का दावा कर ट्री संस्था के सदस्य पहुंचे थे। तमाम प्रशासनिक एवं प्राधिकरण अधिकारियों से सामान जब्त कर गोदाम सील करने की गुहार भी लगाई गई। लंबे इंतजार के बाद पहुंचे अधिकारियों ने फैक्ट्री का गोदाम तो सील किया लेकिन बताया गया है कि केवल एक गेट को सील किया। उसी गोदाम के दूसरे गेट को सील नहीं करने से कार्रवाई कितनी प्रभावी रही

-बेदिल

गुजरात में दो और विधानसभा सीटों पर उपचुनाव की घोषणा

नई दिल्ली, 22 सितंबर (भाषा)।

चुनाव आयोग ने गुजरात में दो और विधानसभा सीटों पर उपचुनावों की घोषणा की, जिससे देश भर में इसके लिये लिए सीटों की संख्या बढ़ कर 66 हो गई है।

चुनाव आयोग द्वारा एक बयान के मुताबिक गुजरात के राधनपुर और बायड विधानसभा सीटों पर और बिहार में समस्तीपुर लोकसभा सीट पर उपचुनाव 21 अक्तूबर को होंगे। महाराष्ट्र और हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए भी मतदान इसी दिन होगा। मतगणना 24 अक्तूबर को होगी।

गौरतलब है कि गुजरात में चार विधानसभा सीटों पर उपचुनावों की घोषणा शनिवार को की गई थी। जिन राज्यों में विधानसभा उपचुनाव होंगे, उनमें अरुणाचल प्रदेश, छत्तीसगढ़, तेलंगाना, मध्य प्रदेश, मेघालय, ओडिशा और पुडुचेरी(एक-एक सीटों पर उपचुनाव) शामिल हैं।

अन्य राज्यों में असम (4), बिहार (5), गुजरात (अब 6), हिमाचल प्रदेश (2), केरल (पांच), पंजाब (4), राजस्थान और तमिलनाडु (दो-दो) और सिक्किम (तीन) शामिल हैं।

लोकसभा सीट के लिए उपचुनाव और विधानसभाओं की 64 सीटों के लिए उपचुनावों की अधिसूचना 23 सितंबर को जारी हुई।

आंध्र में मुठभेड़, दो महिलाओं समेत तीन माओवादी ढेर

अमरावती, 22 सितंबर (भाषा)।

आंध्र प्रदेश-ओड़ीशा सीमा पर रविवार को विशाखापत्तनम जिले में सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में प्रतिबंधित भाकपा (माओवादी) के तीन सदस्य मुठभेड़ में मारे गए।

विशाखापत्तनम जिले के पुलिस अधीक्षक बाबूजी अट्टाडा ने फोन पर बताया कि आंध्र प्रदेश पुलिस के एलीट नक्सल विरोधी दस्ते ग्रेहाउंड्स की गुम्मिरेवुला के समीप माओवादियों से मुठभेड़ हो गई जिसमें दो महिलाएं और एक पुरुष मारे गए। मृतक माओवादी गलीकोंडा 'दलम' के थे जो आंध्र-ओडिशा सीमा (एओबी) क्षेत्र में सक्रिय थे।

एसपी ने बताया कि सिलेरु पुलिस थाने के तहत आने वाले इलाके में मुठभेड़ स्थल से माओवादियों के पास से एक एसएलआर (सेल्फ लोडिंग राइफल) और दो .303 राइफल बरामद की गई। पुलिस ने 21 से 28 सितंबर तक मनाए जाने वाले 'माओवादी सप्ताह' के मद्देनजर एओबी इलाके में नक्सल विरोधी अभियान तेज कर दिए हैं।

कश्मीर के लोगों को देश की मुख्यधारा में शामिल होने में मदद मिलेगी : नड्डा

बंगलुरु, 22 सितंबर (भाषा)।

भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने रविवार को यहां कहा कि अनुच्छेद 370 के निरस्त होने से जम्मू- कश्मीर के लोगों को देश की मुख्यधारा में शामिल होने में मदद मिलेगी।

उन्होंने कहा कि यह न केवल भारत के लोगों के लिए खुशी का पल है बल्कि जम्मू- कश्मीर के लोगों के लिए भी आनंद की बात है क्योंकि वे दोयम दर्जे के नागरिकों जैसा जीवन व्यतीत कर रहे थे। नड्डा ने यहां पैलेस मैदान में 'एक देश, एक संविधान' विषय पर लोगों को संबोधित करते हुए कहा, 'अब वे राष्ट्र की मुख्यधारा में शामिल हो सकते हैं।'

उन्होंने कहा कि पिछले वर्षों में संसद ने सूचना का अधिकार अधिनियम और एससी/एसटी कानून समेत कई महत्त्वपूर्ण कानूनों को पारित किया और अब उन्हें लागू किया जाएगा। नड्डा ने कहा कि अनुच्छेद 370 के ज्यादातर प्रावधानों को समाप्त किए जाने से दलितों को न्यायिक और प्रशासनिक सेवाओं में शामिल होने का भी अधिकार मिलेगा। पहले उनके पास ये अधिकार नहीं थे।

रेसिंग कार हादसा : चालक के खिलाफ मामला दर्ज

जयपुर, 22 सितंबर (भाषा) ।

राजस्थान के बाड़मेर जिले के समदड़ी थाना क्षेत्र में शनिवार को रेसिंग कार की टक्कर से दंपति और उनके बेटे की मौत के मामलें में कार चालक जी गिल के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक खींव सिंह ने बताया कि हादसे के बाद रविवार तड़के रेसिंग कार चालक जी गिल और एम शरीफ के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 304 के तहत मामला दर्ज किया गया। मामला मृतक के बेटे राहुल की शिकायत पर दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि शनिवार को होतराड़ा गांव में मोटरसाइकिल को टक्कर मारने वाली रेसिंग कार पर कार चालक और अन्य के नाम अंकित थे।

PUBLIC ANNOUNCEMENT

(This is a public announcement for information purposes only and not for publication or distribution outside India and is not an Offer Document)

PATEL ENGINEERING LIMITED

CIN: L99999MH1949PLC007039

Patel Engineering Limited was incorporated as 'Patel Engineering Company Limited', a public limited company under the Companies Act, 1913, pursuant to a certificate of incorporation issued by the Registrar of Companies, Maharashtra at Mumbai on April 2, 1949. Pursuant to a resolution of our Shareholders dated September 30,1999, the name of our Company was changed to 'Patel Engineering Limited' and a fresh certificate of incorporation was issued by the RoC on December 9, 1999. For details of changes in the name and registered office of our Company, see "History and Certain Corporate Matters" on page 149 of the Letter of Offer.

Registered Office: Patel Estate SV Road, Jogeshwari (West), Mumbai - 400 102, Maharashtra, India; **Tel.:** +91 22 2676 7500
Corporate Office: B-26/1, Aver House, Veera Desai Industrial Road, Andheri (West), Mumbai - 400 053, Maharashtra, India;
Tel.: +91 22 2676 7500; **Contact Person:** Shobha Shetty, Company Secretary and Compliance Officer
E-mail: investors@pateleng.com, **Website:** www.pateleng.com

FOR PRIVATE CIRCULATION TO THE ELIGIBLE EQUITY SHAREHOLDERS OF PATEL ENGINEERING LIMITED ONLY

PROMOTER OF THE COMPANY: RUPEN PATEL, PRAHAM INDIA LLP, RAAHITYA CONSTRUCTIONS PRIVATE LIMITED (ERSTWHILE PATEL CORPORATION LLP)

ISSUE OF 229,947,908 EQUITY SHARES WITH A FACE VALUE OF ₹ 1 EACH ("RIGHTS EQUITY SHARES") OF OUR COMPANY FOR CASH AT A PRICE OF ₹ 9 EACH (INCLUDING A SHARE PREMIUM OF ₹ 8) PER RIGHTS EQUITY SHARE ("ISSUE PRICE") FOR AN AGGREGATE AMOUNT NOT EXCEEDING ₹ 2,069.54 MILLION ON A RIGHTS BASIS TO THE EXISTING EQUITY SHAREHOLDERS OF OUR COMPANY IN THE RATIO OF 7 EQUITY SHARES FOR EVERY 5 FULLY PAID-UP EQUITY SHARES HELD BY THE EXISTING EQUITY SHAREHOLDERS ON THE RECORD DATE, THAT IS ON SEPTEMBER 18, 2019 (THE "ISSUE"). FOR FURTHER DETAILS, SEE "TERMS OF THE ISSUE" ON PAGE 385 OF THE LETTER OF OFFER.

NOTICE TO THE ELIGIBLE EQUITY SHAREHOLDERS OF THE COMPANY

ISSUE OPENS ON:	LAST DATE FOR RECEIPT OF REQUEST FOR SPLIT APPLICATION FORMS:	ISSUE CLOSES ON:
SEPTEMBER 26, 2019	OCTOBER 03, 2019	OCTOBER 10, 2019

PRICE: ₹ 9 PER EQUITY SHARES OF FACE VALUE OF ₹ 1/- EACH. THE PRICE IS 9 TIMES OF THE FACE VALUE.

ASBA* Simple, Safe, Smart way of Application-Make use of it!!!
*Application Supported by Blocked Amount (ASBA) is a better way of applying to issues by simply blocking the fund in the bank account, investors can avail the same. For further details read section on ASBA below

APPLICATION SUPPORTED BY BLOCKED AMOUNT (ASBA): Please note that in terms of the SEBI ICDR Regulations and subject to the conditions prescribed under the SEBI circular SEBI/CFD/DIL/ASBA/1/2009/30/12 dated December 30, 2009 and SEBI circular CIR/CFD/DIL/1/2011 dated April 29, 2011 (together the "ASBA Circulars"), all Eligible Equity Shareholders who (a) hold Equity Shares in dematerialized form, (b) have not renounced their Rights Entitlement in part or in full, and (c) are not Renouncees, shall use the ASBA process to make an application in the Issue. Eligible Equity Shareholders who have renounced their Rights Entitlement in part, Renouncees and Eligible Equity Shareholders holding Equity Shares in physical form are not eligible ASBA Investors and may apply for Rights Equity Shares only through the non-ASBA process, irrespective of the application amounts/applicant category.

ASBA Investors should note that the ASBA process involves application procedures that may be different from the procedure applicable to the non-ASBA process. ASBA Investors should carefully read the provisions applicable to such Applications before making their Application through the ASBA process. For details, see "- *Procedure for Application*" on page 390 of the Letter of Offer.

Please note that subject to SCSBs complying with the requirements of SEBI Circular No. CIR/CFD/DIL/13/2012 dated September 25, 2012 within the periods stipulated therein, ASBA applications may be submitted at Designated Branches of the SCSBs.

Further, in terms of the SEBI Circular CIR/CFD/DIL/1/2013 dated January 2, 2013, it is clarified that for making Applications by SCSBs on their own account using ASBA facility, SCSBs should have a separate account in their own name with any other SEBI registered SCSB(s). Such account shall be used solely for the purpose of making Application in the Issue and clear demarcated funds should be available in such account for ASBA Applications.

SCSBs applying in the Issue using the ASBA facility shall be responsible for ensuring that they have a separate account in their own name with any other SCSB having clear demarcated funds for applying in the Issue and that such separate account shall be used as the ASBA Account for the Application, for ensuring compliance with the applicable regulations.

For more details on the ASBA process, please refer to the section titled "**Procedure for Application through the Applications Supported by Blocked Amount ("ASBA") Process**" on page 399 of the Letter of Offer.

In accordance with the SEBI ICDR Regulations, the option to receive the Rights Equity Shares in physical form was available only for a period of six months from the date of coming into force of the SEBI ICDR Regulations, i.e., until May 10, 2019. Since Allotment in this Issue will occur subsequent to May 10, 2019, the entitlement of Rights Equity Shares to be Allotted to the Applicants who have applied for Allotment of the Rights Equity Shares in physical form will be kept in abeyance in electronic mode by our Company until the Applicants provide details of their demat account particulars to the Registrar.

DISPATCH OF ABRIDGED LETTER OF OFFER (ALOF) AND COMPOSITE APPLICATION FORM (CAF): The dispatch of the ALOF along with the CAF for the Issue has been completed by Registrar to the Issue. i.e. Link Intime India Private Limited through Speed Post on September 20, 2019 to the Eligible Equity Shareholders of the Company, whose names appeared in the Register of Members/Beneficial Owners of the Company, on the Record date i.e. September 18, 2019. For Non ASBA applicants, the CAF together with cheque/demand draft, should be sent to the Bankers to the Issue (indicated on the reverse of the CAF), or dispatched to the Registrar to the Issue before the close of banking hours on or before the Issue Closing Date. The CAF or plain paper Application in the ASBA Process should be submitted at a Designated Branch of the SCSB and whose bank account details are provided in the CAF and not to the Bankers to the Issue or Escrow Collection Banks (assuming that such Escrow Collection Bank is not a SCSB), to our Company, the Registrar or the Lead Manager. Investors residing at places other than cities where the branches of the Bankers to the Issue have been authorized by the Company for collecting applications will have to make payment by account payee cheque/Demand Draft payable at Mumbai of the full application amount, net of banking and postal charges crossed "A/c Payee only" drawn in favour of "**Patel Engineering Limited - Rights Issue - R**" Account, in case of resident shareholders and in case of non-resident shareholders should draw the cheques/demand drafts in favour of "**Patel Engineering Limited - Rights Issue - NR**", crossed 'A/c Payee only' for the full application amount, net of bank and postal charges and which should be submitted along with the CAF to the Bankers to the Issue/collection centres or to the Registrar to the Issue. In case of Non-resident investors with repatriation benefits should draw the cheques/demand drafts in favour of "**Patel Engineering Limited - Rights Issue - NR**", crossed 'A/c Payee only' for the full application amount, net of bank and postal charges and which should be submitted along with the CAF to the Bankers to the Issue/collection centres or to the Registrar to the Issue.

AVAILABILITY OF DUPLICATE CAF: In case the original CAF is not received, or is misplaced by the Eligible Equity Shareholder, the Registrar to the Issue will issue a duplicate CAF on the request of the Eligible Equity Shareholder who should furnish the registered folio number or DP and Client ID number and his/her full name and address to the Registrar to the Issue. Please note that the request for duplicate CAF should reach the Registrar within seven days prior to the Issue Closing Date. Please note that Applicants who are making the Application in the duplicate form should not utilize the original CAF for any purpose including renunciation, even if it is received or found subsequently. If the Investor violates such requirements, he/she shall face the risk of rejection of either original CAF or both the Applications. Our Company or the Registrar to the Issue or the Lead Manager will not be responsible for postal delays or loss of duplicate CAF in transit, if any.

APPLICATION ON PLAIN PAPER:

Applications on Plain Paper (ASBA): An Eligible Equity Shareholder who has neither received the original CAF nor is in a position to obtain the duplicate CAF and who is applying under the ASBA Process may make an application to subscribe to the Issue on plain paper. Eligible Equity Shareholders shall submit the plain paper application to a Designated Branch of an SCSB for authorizing such SCSB to block an amount equivalent to the amount payable on the application in the bank account maintained with such SCSB. Application on plain paper will not be accepted from any address outside India.

Applications on Plain Paper (Non-ASBA): An Eligible Equity Shareholder who has neither received the original CAF nor is in a position to obtain the duplicate CAF may make an Application to subscribe to the Issue on plain paper, along with an account payee cheque or demand draft drawn at par, net of bank and postal charges, payable at Mumbai and the Investor should send such plain paper Application by registered post directly to the Registrar to the Issue. For details of the mode of payment, see "- Modes of Payment" on page 397 of the Letter of Offer.

The envelope should be superscribed "Patel Engineering Limited - Rights Issue". The Application on plain paper duly signed by the Eligible Equity Shareholder including joint holders, in the same order and as per specimen recorded with our Company or the Depositories, should contain the following particulars:

• Name of our Company, being Patel Engineering Limited • Name and address of the Eligible Equity Shareholder including joint holders • Registered Folio Number/DP and Client ID No. • Number of Equity Shares held as on Record Date • Share Certificate numbers and distinctive numbers of Equity Shares, if held in physical form • Allotment option preferred - only Demat form • Number of Rights Equity Shares entitled to • Number of Rights Equity Shares applied for • Number of additional Rights Equity Shares applied for, if any • Total number of Rights Equity Shares applied for • Total amount paid at the rate of 9 per Rights Equity Share • Particulars of cheque/demand draft • Savings or current account number and name and address of the bank where the Eligible Equity Shareholder will be depositing the refund order. In case of Equity Shares held in dematerialized form, the Registrar shall obtain the bank account details from the information available with the Depositories • Details of the ASBA Account such as the account number, name, address and branch of the relevant SCSB • Except for Applications on behalf of the Central or State Government, the residents of Sikkim and officials appointed by the courts, PAN of the Eligible Equity Shareholder and for each Eligible Equity Shareholder in case of joint names, irrespective of the total value of the Rights Equity Shares applied for pursuant to the Issue • If the payment is made by a draft purchased from NRE or FCNR or NRO account, as the case may be, an account debit certificate from the bank issuing the draft confirming that the draft has been issued by debiting the NRE or FCNR or NRO account • Signature of the Applicant (in case of joint holders, to appear in the same sequence and order as they appear in the records of our Company or the Depositories) and • Additionally, all such Applicants are deemed to have accepted the representation on page 395 of the Letter of Offer.

Please note that the Applicants who are making the Application otherwise than on an original CAF shall not be entitled to renounce their rights and should not utilize the original CAF for any purpose including renunciation even if it is received or found subsequently. If the Eligible Equity Shareholder violates such requirements, he/she shall face the risk of rejection of both the Applications. Our Company shall refund such Application Money to the Eligible Equity Shareholder without any interest thereon and no liability shall arise on part of our Company, the Lead Manager or our Directors. In cases where multiple Applications are submitted, including cases where an Eligible Equity Shareholder submits CAFs along with a plain paper Application, such Applications shall be liable to be rejected (other than multiple applications submitted by any of the Promoters or members of the Promoter Group to meet the minimum subscription requirements applicable to the Issue as described in "-Subscription to the Issue by the Promoters and the Promoter Group" on page 389 of the Letter of Offer). Eligible Equity Shareholders are requested to strictly adhere to these instructions. Failure to do so could result in Applications being rejected, with our Company, the Lead Manager, our Directors and the Registrar to the Issue not having any liability to the Eligible Equity Shareholders. The plain paper Application format will be available on the website of the Registrar to the Issue at www.linkintime.co.in.

LAST DATE FOR APPLICATION: The last date for submission of the duly filled in CAF is October 10, 2019. Our Board or any committee thereof may extend the said date for such period as it may determine from time to time, subject to the provisions of the Articles of Association, and subject to the Issue Period not exceeding 30 days from the Issue Opening Date.

If the Application together with the amount payable is either (i) not blocked with an SCSB; or (ii) not received by the Bankers to the Issue or the Registrar on or before the close of banking hours on the Issue Closing Date or such date as may be extended by our Board or any committee thereof, the invitation to offer contained in the Letter of Offer shall be deemed to have been declined and our Board or any committee thereof shall be at liberty to dispose of the Equity Shares hereby offered, as provided under "*Terms of the Issue - Basis of Allotment*" on page 409 of the Letter of Offer.

APPLICANTS MAY PLEASE NOTE THAT THE RIGHTS EQUITY SHARES CAN BE TRADED ON THE STOCK EXCHANGES ONLY IN DEMATERIALISED FORM.

LISTING: The existing Equity Shares are listed on the BSE Limited ("**BSE**") and the National Stock Exchange of India Limited ("**NSE**") (together, the "**Stock Exchanges**"). Our Company has received in-principle approval from the BSE and NSE for listing the Rights Issue Equity Shares to be allotted in the Issue vide their letters dated September 3, 2019 and September 4, 2019, respectively. For the purpose of the Issue, the Designated Stock Exchange is BSE.

DISCLAIMER CLAUSE OF SEBI: It is to be distinctly understood that the submission of the Letter of Offer to SEBI should not, in any way be deemed or construed that the same has been cleared or approved by SEBI. Investors are advised to refer to the Letter of Offer for the full text of the "**Disclaimer Clause of SEBI**" on page 373 of the Letter of Offer.

DISCLAIMER CLAUSE OF THE BSE (THE DESIGNATED STOCK EXCHANGE): It is to be distinctly understood that the permission given by BSE Limited should not, in anyway, be deemed or construed that the Letter of Offer has been cleared or approved by BSE Limited; nor does it certify the correctness or completeness of any of the contents of the Letter of Offer. The investors are advised to refer to the Letter of Offer for the full text of the "**Disclaimer Clause of BSE**" Limited on page 376 of the Letter of Offer.

DISCLAIMER CLAUSE OF THE NSE: It is to be distinctly understood that the permission given by NSE should not, in anyway, be deemed or construed that the Letter of Offer has been cleared or approved by NSE nor does it certify the correctness or completeness of any of the contents of the Letter of Offer. The investors are advised to refer to the Letter of Offer for the full text of the "**Disclaimer Clause of the NSE**" on page 377 of the Letter of Offer.

AVAILABILITY OF THE LETTER OF OFFER: A copy of the Letter of Offer can be downloaded from the websites of the Lead Manager i.e. www.icicisecurities.com, websites of BSE and the NSE, i.e. www.bseindia.com and www.nseindia.com respectively and the SEBI website on www.sebi.gov.in

NO OFFER IN THE UNITED STATES: The Rights Entitlements and the Rights Equity Shares have not been and will not be registered under the Securities Act or the securities laws of any state of the United States and may not be offered or sold in the United States of America or the territories or possessions thereof ("**United States**"), except in a transaction not subject to, or exempt from, the registration requirements of the Securities Act and applicable state securities laws. The offering to which this Letter of Offer relates is not, and under no circumstances is to be construed as, an offering of any Rights Equity Shares or Rights Entitlement for sale in the United States or as a solicitation therein of an offer to buy any of the Rights Equity Shares or Rights Entitlement. There is no intention to register any portion of the Issue or any of the securities described herein in the United States or to conduct a public offering of securities in the United States. Accordingly, this Letter of Offer/Abridged Letter of Offer and the enclosed CAF should not be forwarded to or transmitted in or into the United States at any time. In addition, until the expiry of 40 days after the commencement of the Issue, an offer or sale of Rights Entitlements or Rights Equity Shares within the United States by a dealer (whether or not it is participating in the Issue) may violate the registration requirements of the Securities Act. For further details, please refer to section titled "No offer in the United States" on page no 9 of the Letter of Offer.

CORRIGENDUM: NOTICE TO INVESTORS

This Notice is with reference to the Letter of Offer dated September 5, 2019 ("LOF") filed with Stock Exchanges and SEBI. In this regard, the applicants should note the following:

• Under the section titled "*Section VII - Issue Related Information - Terms of Issue - Allotment Advice/Refund Orders - First Para*" on page 409 of the LOF, should read as "*Our Company will issue and dispatch Allotment advice, refund instructions to the clearing system in case of electronic refunds or letters of regret, as the case may be, along with refund orders or credit the Allotted Rights Equity Shares to the respective beneficiary accounts, if any, within a period of 15 days from the Issue Closing Date. In case of failure to do so, our Company shall pay interest at the prescribed rate.*" • Under the section titled "*Section VII - Issue Related Information - Terms of Issue - Allotment advise, Share Certificates or Demat Credit - First Para*" on page 411 of the LOF, should read as "***Allotment advice or Demat Credit -*** *Allotment advice or demat credit or letters of regret will be dispatched to the registered address of the first named Investor or respective beneficiary accounts will be credited within 15 days, from the Issue Closing Date.*" • Under the section titled "*Section VI - Legal and Other Information - Other Regulatory and Statutory Disclosures - Price information of past issues handled by the lead manager in the format given below*" on page 381 of the LOF, following additional information is added in Table 1:

Sr. No.	Issue Name	Issue Size (₹ Mn.)	Issue Price (₹)	Listing date	Opening price on listing date	+/- % change in closing price, [+/- % change in closing benchmark]- 30th calendar days from listing	+/- % change in closing price, [+/- %change in closing benchmark]- 90th calendar days from listing	+/- % change in closing price, [+/- % change in closing benchmark]- 180th calendar days from listing
11	Spandana Sphoorty Financial Limited	12,009.36	856.00	Aug 19, 2019	824	NA*	NA*	NA*

**Data not available*

Further, the first line of Table 2 should be read as:

Financial Year	Total no. of IPOs	Total amount of funds raised (₹ Mn.)	No. of IPOs trading at discount - 30th calendar days from listing			No. of IPOs trading at premium - 30th calendar days from listing			No. of IPOs trading at discount - 180th calendar days from listing			No. of IPOs trading at premium - 180th calendar days from listing		
			Over 50%	Between 25-50%	Less than 25%	Over 50%	Between 25-50%	Less than 25%	Over 50%	Between 25-50%	Less than 25%	Over 50%	Between 25-50%	Less than 25%
2019-20*	4	49,850.66	-	-	-	-	1	-	-	-	-	-	-	-

The Abridged Letter of Offer and CAF have been dispatched to all the Eligible Equity Shareholders at their Indian address, as provided to the Company.

Banker to the Issue/Escrow Collection Bank/Refund Bank: ICICI Bank Limited.

Please refer to the reverse of the CAF for the details of the Banker to the Issue and their collection centres.

INVESTORS ARE ADVISED TO REFER THE LETTER OF OFFER, ALOF AND THE RISK FACTORS CONTAINED THEREIN BEFORE APPLYING IN THE ISSUE.

All capitalised terms not defined herein shall have the same meanings ascribed to such terms in the Letter of Offer.

LEAD MANAGER TO THE ISSUE	REGISTRAR TO THE ISSUE	COMPANY SECRETARY AND COMPLIANCE OFFICER
ICICI SECURITIES LIMITED ICICI Centre, H.T. Parekh Marg Churchgate, Mumbai - 400 020 Maharashtra, India. **Tel:** +91 22 2288 2460 **E-mail:** patel.rights@icicisecurities.com **Investor grievance E-mail:** customercare@icicisecurities.com **Website:** www.icicisecurities.com **Contact Person:** Payal Kulkarni/Anurag Byas **SEBI Registration No.:** INM000011179	**LINK INTIME INDIA PRIVATE LIMITED** C-101, 247 ParkLal Bahadur Shastri Marg Vikhroli (West), Mumbai - 400 083 Maharashtra, India. **Tel:** +91 22 4918 6200 **E-mail:** pateleng.rights@linkintime.co.in **Investor grievance E-mail:** pateleng.rights@linkintime.co.in **Website:** www.linkintime.co.in **Contact Person:** Sumeet Deshpande **SEBI Registration No.:** INR000004058	Ms. Shobha Shetty **PATEL ENGINEERING LIMITED** Patel Estate SV Road, Jogeshwari (West), Mumbai - 400 102, Maharashtra, India **Tel:** +91 22 2676 7500 **Email:** investors@pateleng.com **Website:** www.pateleng.com Investors may contact the Registrar to the Issue or the Company Secretary and Compliance Officer for any pre-Issue/post-Issue related matter. All grievances relating to the ASBA process may be addressed to the Registrar to the Issue, with a copy to the SCSB, giving full details such as name, address of the applicant, number of Equity Shares applied for, Amount blocked, ASBA Account number and the Designated Branch of the SCSB where the CAF was submitted by the ASBA Investors.

For PATEL ENGINEERING LIMITED
Sd/-
Shobha Shetty
Company Secretary and Compliance Officer

Date : September 20, 2019
Place : Mumbai

Disclaimer: *"Patel Engineering Limited is proposing, subject to receipt of requisite approvals, market conditions and other considerations, to issue Equity Shares on a rights basis and has filed a Letter of Offer with the SEBI and the Stock Exchanges. The Letter of Offer is available on the website of SEBI at www.sebi.com, website of recognized stock exchanges where the equity shares are listed i.e. BSE Limited at www.bseindia.com and the National Stock Exchange of India Limited at www.nseindia.com and the website of the Lead Manager at www.icicisecurities.com. Investors should note that investment in securities involves a high degree of risk and are requested to refer to the LOF, including the section "Risk Factors" beginning on page 22 of the LOF."*

PRESSMAN

जनसत्ता

23 सितंबर, 2019

राहत का पैकेज

कारपोरेट क्षेत्र के लिए सरकार ने कर संबंधी राहत का जो पैकेज पेश किया है, वह कंपनियों को संकट से उबारने में कारगर साबित हो सकता है। लेकिन ये कदम कितने प्रभावी होंगे, इसका पता आने वाले दिनों में ही चलेगा। कारपोरेट क्षेत्र के लिए पिटारा खोलने का मकसद निवेश को बढ़ावा देना है, ताकि मांग-उत्पादन का चक्र तेजी से चले। घरेलू कंपनियां कारपोरेट करों की दरें घटाने के लिए लंबे समय मांग कर रही थीं। कंपनियों को अब तीस फीसद के बजाय बाईस फीसद कर देना होगा। उपकर और अधिभार मिला कर यह 25.17 फीसद बैठेगा। इसके अलावा कंपनियों को न्यूनतम वैकल्पिक कर यानी मैट से भी मुक्ति दे दी गई है। साथ ही, एक अक्तूबर से जो लोग नई कंपनियां शुरू करेंगे, उनके लिए भी सरकार की यह पहल एक बेहतर अवसर साबित हो सकती है। अगर सरकार की यह तरकीब कामयाब रहती है तो विदेशी निवेश की उम्मीद बढ़ सकती है। इस फैसले के पीछे एक बड़ी बात यह भी है कि चीन से कारोबार समेटने वाली कंपनियां भारत आएं और करों में रियायत का फायदा लेते हुए यहां निवेश करें।

अर्थव्यवस्था में लंबे समय से बनी सुस्ती तोड़ने के लिए पिछले एक महीने में सरकार ने कई बड़े कदम उठाए हैं। उद्योग जगत खासतौर से विनिर्माण उद्योग, ऑटोमोबाइल उद्योग और रीयल एस्टेट क्षेत्र गंभीर संकट का सामना कर रहा है। वैसे तो अर्थव्यवस्था के तकरीबन सभी क्षेत्र मंदी की मार से त्रस्त हैं, लेकिन विनिर्माण क्षेत्र और ऑटोमोबाइल क्षेत्र की मंदी का असर यह हुआ कि ज्यादातर कंपनियों को अपना उत्पादन बंद करने और कर्मचारियों की छंटनी करने जैसे कदम उठाने को मजबूर होना पड़ा। लाखों लोगों का रोजगार चला गया। इसीलिए हाल में सरकार ने शेयर बाजार से लेकर बैंकिंग क्षेत्र और कारपोरेट क्षेत्र तक के लिए ऐसे उपायों का एलान किया है जो अर्थव्यवस्था में फिर से जान फूंक सकें। बैंकिंग क्षेत्र को सत्तर हजार करोड़ रुपए देने, नीतिगत दरों में कटौती का फायदा उपभोक्ताओं को दिलवाने, विदेशी निवेशकों को अधिभार पर राहत देने, रीयल एस्सेट क्षेत्र के लिए रियायतें और चार सौ जगहों पर शिविर लगा कर कर्ज देने जैसे कदमों से बाजार में मांग बनने की उम्मीद जगती है।

सरकार को अब अर्थव्यवस्था की रीढ़ बने उन उद्योगों पर भी ध्यान देना होगा जो नोटबंदी और जीएसटी की मार से ठप हो गए हैं और जिन्हें बड़े प्रोत्साहनों की जरूरत है। रोजमर्रा के उपयोग में आने वाला सामान बनाने वाली कंपनियों तक की हालत खराब हो गई। हाल में कपड़ा और हथकरघा उद्योग ने लाखों लोगों के बेरोजगार होने की बात कहते हुए सरकार का ध्यान इस संकट की ओर खींचा था। मौजूदा वित्त वर्ष की पहली तिमाही में विकास दर घटती हुई पांच फीसद पर आ गई थी, जो पिछले छह साल में सबसे कम थी। लेकिन जुलाई में पेश आम बजट में कई ऐसे प्रावधान किए गए जो कंपनियों के लिए व्यावहारिक नहीं थे। हालांकि सरकार को उम्मीद थी कि नए बजट प्रावधान राजस्व बढ़ाने वाले होंगे। पर हकीकत में ऐसा हुआ नहीं और जीएसटी संग्रह लक्ष्य से काफी कम रहा। कारपोरेट करों की दर में कटौती से सरकारी खजाने पर करीब डेढ़ लाख करोड़ रुपए का बोझ पड़ेगा। लेकिन यह आज की बड़ी जरूरत भी है। कारपोरेट करों में कटौती से अगर कारखाने चल निकलते हैं तो निश्चित ही रोजगार भी बढ़ेगा। लेकिन पैकेज तात्कालिक उपाय हैं। जरूरत है ऐसी दीर्घकालिक नीतियों की जो उद्योगों को ठप होने से रोक सकें।

शराब का कहर

उत्तराखंड की राजधानी देहरादून में जहरीली शराब से हुई मौतों ने एक बार फिर यह साबित कर दिया है कि राज्य में सरकार की नाक के नीचे अवैध शराब का कारोबार बेरोकटोक जारी है। ज्यादा हैरानी तो इस बात से है कि जहरीली शराब से ये मौतें इस बार राज्य की राजधानी में हुई हैं। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि जब राजधानी में खुलेआम जहरीली शराब बिक रही है तो प्रदेश के और हिस्सों में यह धंधा कितने बड़े पैमाने पर चल रहा होगा। इस साल फरवरी में उत्तराखंड और इससे सटे उत्तर प्रदेश के सहारनपुर क्षेत्र में जहरीली शराब से बड़ी संख्या में लोग मारे गए थे। तब सरकार की नींद टूटी थी और कई जगह छापेमारी करने और जहरीली शराब बेचने वालों के खिलाफ अभियान चला था। लेकिन अब फिर जहरीली शराब का कहर बरपा है और गरीब तबके के लोग ही मरे हैं। ऐसे में क्या यह नहीं माना जाना चाहिए कि जहरीली शराब बेचने वालों के खिलाफ अभियान दिखावे की कार्रवाई से ज्यादा कुछ नहीं था। अगर तब सरकार ने सख्त कदम उठाए थे तो निश्चित रूप से जहरीली शराब बिकनी बंद हो जानी चाहिए थी। पर ऐसा नहीं हुआ।

देहरादून का यह हादसा इस बात का प्रमाण है कि प्रदेश में जहरीली शराब का कारोबार धड़ल्ले से चल रहा है। राज्य शराब माफिया की गिरफ्त में है। सवाल है कि आखिर सरकार शराब माफिया के आगे लाचार क्यों है? जिस बस्ती में यह हादसा हुआ है वहां के लोग बता रहे हैं कि पुलिस वाले अवैध शराब बेचने वालों से पैसा वसूलते थे। जब-जब इसकी शिकायत की गई, पुलिस ने कार्रवाई करने के बजाय उसकी अनदेखी की। इसमें कोई शक नहीं कि प्रशासन, पुलिस और आबकारी महकमे की शराब कारोबारियों के साथ मिलीभगत से ही जहरीली शराब बनाने-बेचने का धंधा चलता रहता है। जब भी इस तरह की घटनाएं होती हैं तो दिखावे के लिए कुछ पुलिसकर्मी निलंबित कर दिए जाते हैं। इस बार भी ऐसा ही हुआ है। फरवरी में जहरीली शराब से हुई मौतों से सरकार ने कोई सबक नहीं सीखा।

कच्ची शराब सस्ती होने की वजह से इसका सेवन आमतौर पर निचले तबके के लोग करते हैं। निम्न-वर्गीय बस्तियों, झुग्गी बस्तियों में कच्ची शराब के मटके ज्यादा चलते हैं। यह किसी से छिपा नहीं है कि पुलिस के लिए ये धंधे उगाही के बड़े स्रोत होते हैं। क्यों नहीं पुलिस नियमित रूप से छापेमारी कर जहरीली शराब बेचने वालों पर कार्रवाई करती? इससे तो यह जाहिर होता है कि जहरीली शराब बेचने वाले सरकारी तंत्र पर पूरी तरह से हावी हैं। शराब की बिक्री राज्य सरकारों के लिए राजस्व का बड़ा स्रोत होती है, लेकिन अवैध शराब का कारोबार करने वालों से जो उगाही होती है, वह भी मामूली नहीं होती। इसलिए चाहे कोई भी पार्टी सत्ता में रहे, शराब माफिया पर इसका कोई असर नहीं पड़ता और इसीलिए अवैध शराब के धंधे पर लगाम नहीं लग पाती। अगर सरकारें चाहें तो अवैध शराब का कारोबार करने वालों के खिलाफ अभियान छेड़ा जा सकता है, लेकिन विडंबना यह है कि शक्तियों और अधिकारों से परिपूर्ण तंत्र भी शराब माफिया के सामने घुटने टेक देता है। इसी का नतीजा है कि धड़ल्ले से देशी शराब की भट्ठियां चलती हैं, जहरीली शराब भी बनती है और बड़ी संख्या में लोग मारे जाते हैं।

कल्पमेधा

ज्ञान अभिमानी होता है कि उसने बहुत कुछ
सीख लिया, बुद्धि नम्र होती है कि वह
अधिक कुछ नहीं जानती।
– काउपर

किसान का संकट

रवि शंकर

सरकार ने किसान सम्मान निधि योजना के तहत किसानों को सालाना छह हजार रुपए देने का ऐलान किया। साथ ही, किसानों के लिए पेंशन योजना भी घोषित की गई। लेकिन बुनियादी सवाल यही है कि इससे किसानों की दशा कैसे सुधरेगी। छह-आठ हजार रुपए से किसानों की बदहाली कैसे दूर होगी, यह सोचने वाली बात है। किसानों की दशा सुधरने का मतलब है कि वे किसी कर्ज या आर्थिक मदद के लिए मोहताज न हों।

किसान गरीब क्यों है? किसान आत्महत्या करने पर मजबूर क्यों है? ये ऐसे सवाल हैं जिनका दशकों से जवाब ढूंढ़ा जा रहा है। बड़ी-बड़ी रिपोर्टें आ चुकी हैं। इनमें से कई लागू भी हुईं, तो कई दबा दी गईं। लेकिन दुख की बात यह है कि किसानों की दशा सुधारने के लिए जो उपाय किए गए, उनका अब तक कोई ठोस नतीजा सामने नहीं आया है। अहम सवाल है कि क्या हम किसानों की समस्याओं का सही कारण नहीं खोज पाए या खोजना नहीं चाहते? हालांकि सरकार ने 2022 तक किसानों की आय दोगुना करने का संकल्प किया है। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए सरकार कृषि और गैर-कृषि क्षेत्रों के विकास के लिए प्रयास कर रही है। किसानों की आय बढ़ाने के लिए कृषि निर्यात बढ़ाना बहुत जरूरी है। लेकिन कृषि निर्यात के मामले में स्थिति संतोषजनक नहीं रही है। इसका नतीजा यह है कि किसानों की आर्थिक दशा में सुधार के आसार नजर नहीं आते।

आर्थिक मानकों पर किसान बेहद असुरक्षित हैं। कम आय, बढ़ती लागत और नीतिगत दुर्व्यवहार ने कृषि संस्कृति को संकट में डाल रखा है। पिछले कई सालों से खेती करने की लागत जिस तेजी से बढ़ती जा रही है, उस अनुपात में किसानों को मिलने वाले फसलों के दाम बहुत ही कम बढ़े हैं। इससे किसान बीच में पिस जाता है। इसका नतीजा हम सब किसान पर कभी न खत्म होने वाले बढ़ते कर्ज के रूप में देखते हैं।

भारत में सबको अन्न देने वाले किसान की हालत अच्छी नहीं है। बड़ी संख्या में किसान खासतौर से छोटे किसान भारी कर्ज में दबे हैं और कर्ज की वजह से उत्पीड़न इतना ज्यादा बढ़ जाता है कि किसान को आत्महत्या करने के सिवाय कोई और रास्ता नजर नहीं आता। पुरानी कहावत है कि भारतीय किसान कर्ज में जन्म लेता है, कर्ज में ही पूरा जीवन रहता है और कर्ज में ही मर जाता है। यह आज भी सही है। एक रिपोर्ट के मुताबिक घाटे का सौदा होने की वजह से रोजाना ढाई हजार किसान खेती छोड़ रहे हैं और हर दिन पचास किसान मौत को गले लगा रहे हैं। और तो और, देश में अभी किसानों की कोई एक परिभाषा भी नहीं है। वित्तीय योजनाओं में, राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) और पुलिस की नजर में किसान की अलग-अलग परिभाषाएं हैं। यह उस देश के लिए बहुत दुर्भाग्य की बात है जहां की साठ फीसद आबादी खेती-किसानी से गुजारा करती है।

कृषि का महत्त्व कम नहीं हुआ है। हमारी अर्थव्यवस्था इसी से चल रही है। लेकिन सबसे दुखद पहलू यह है कि किसानों को ध्यान में रख कर शोध और तकनीकी तैयार नहीं की जा रही। वहीं, कृषि जगत के सामने सबसे बड़ी चुनौती यह है कि युवा खेती जैसे पारंपरिक काम से मुंह मोड़ चुके हैं। यह गंभीर संकट की स्थिति है। इसकी वजह यह है कि नौजवान पीढ़ी गांव में नहीं रहना चाहती और पढ़ाई-लिखाई व रोजगार की तलाश में शहरों की ओर पलायन कर रही है। इसलिए हमारे सामने बड़ी चुनौती किसानों की अगली पीढ़ी तैयार करने की है। अगर युवा इसमें नहीं आएंगे तो हम भविष्य के किसान कहां से लाएंगे। ये पूरे देश के नीति-नियंताओं को सोचना चाहिए।

यही वजह है कि आज भी हमारे किसान हाशिये पर जीने के लिए मजबूर हैं। कई अध्ययनों से पता चला है कि अट्ठावन फीसद से अधिक किसान हर रात को भूखे सोते हैं। इसे विडंबना ही कहा जाएगा कि देश के लिए अनाज पैदा करने वाले खुद भूखे सो रहे हैं। वर्ष 2016 के आर्थिक सर्वे के मुताबिक, भारत के सत्रह राज्यों में (लगभग आधे देश में) खेतिहर परिवारों की औसत आमदनी सालाना बीस हजार रुपए से कम है। नीति आयोग ने बताया कि वर्ष 2010 से 2015 के बीच देश भर में किसानों की वास्तविक आय में वार्षिक वृद्धि दर आधा प्रतिशत से कम (वास्तव में 0.44 फीसद) रही। दूसरे शब्दों में पिछले चालीस वर्षों में किसानों की आय स्थिर रही है। दूसरी तरफ, भारत में खेती अप्रभावी होने का मुख्य कारण खेतों का लगातार छोटा होना है। दुनिया में सबसे ज्यादा छोटे खेत भारत में ही होते हैं। इन सिकुड़ते खेतों पर अधिक लोगों की निर्भरता है। वैश्विक औसत जमीन धारक

आकार साढ़े पांच हेक्टेयर है। कृषि मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार वर्ष 1951 के बाद से प्रति व्यक्ति भूमि की उपलब्धता में सत्तर फीसद की गिरावट हुई है। ये आंकड़े वर्ष 2011 में 0.5 हेक्टेयर से 0.15 हेक्टेयर तक हुए हैं और भविष्य में और भी कम होने की आशंका है। स्पष्ट है, कृषि की हालत में सुधार के बिना न तो देश की हालत में सुधार संभव है और न ही किसानों की स्थिति सुधर सकती है। यही वजह है कि ग्रामीण भारत में सबको अन्न देने वाला भूखा मर रहा है। आजादी के बाद विकास की योजनाएं शहरों को केंद्र में रख कर तैयार की गईं। किसान और कृषि प्रधान देश का नारा संसद तक ही सीमित रहा। किसानों की समस्या का एक ही समाधान है और वह यह कि कृषि लागत पर नियंत्रण और कृषि उपज की वाजिब कीमतें सुनिश्चित करना। किसानों के प्रति सरकारों का जो रवैया है, उसे देखते हुए किसान खुद नहीं समझ पाता है कि वह कृषि उपज की खेती करता है या घाटा पैदा करने वाली खेती करता है।

कृषि क्षेत्र की अनदेखी कर विकास को स्थायित्व प्रदान करने की कल्पना नहीं की जा सकती। यह बात सही है कि सरकार ने 2022 तक देश के किसानों की आय को दोगुना करने का लक्ष्य रखा है। इस लक्ष्य को ठोस कार्य योजना से ही हासिल किया जा सकता है। सरकार को कृषि क्षेत्र की मजबूती के लिए संवेदनशीलता के साथ कार्य करना चाहिए। विकास दर में उछाल को बरकरार रखने के लिए विकास के सभी क्षेत्रों की ओर समान ध्यान देने की जरूरत है। सरकार ने किसान सम्मान निधि योजना के तहत किसानों को सालाना छह हजार रुपए देने का ऐलान किया। साथ ही, किसानों के लिए पेंशन योजना भी घोषित की गई। लेकिन बुनियादी सवाल यही है कि इससे किसानों की दशा कैसे सुधरेगी। छह-आठ हजार रुपए से किसानों की बदहाली कैसे दूर होगी, यह सोचने वाली बात है। किसानों की दशा सुधरने का मतलब है कि वे किसी कर्ज या आर्थिक मदद के लिए मोहताज न हों। खेती के लिए उन्हें इतनी सुविधाएं मिलें कि वे खेती को बोझ न समझें। ऑर्गनाइजेशन ऑफ इकोनॉमिक को-ऑपरेशन एंड डवलपमेंट की रिपोर्ट के मुताबिक 2000-2017 के बीच में किसानों को पैंतालीस लाख करोड़ रुपए का नुकसान हुआ, क्योंकि उन्हें उनकी फसलों का समुचित मूल्य नहीं मिल पाया।

स्पष्ट है, सत्ता में जितनी भी सरकारें आई और गईं, उनमें से ज्यादातर ने किसानों को राजनीति का जरिया बना कर सियासत चमकाने में ही दिलचस्पी ली। किसान को लेकर राजनीति होती रही। लेकिन दुर्भाग्य है कि उसको लेकर कोई कारगर नीति अभी तक नहीं बनी है। किसानों के हित और उनकी आर्थिक तरक्की के लिए व्यावहारिकता के धरातल पर जितना काम होना चाहिए था, उसका एक चौथाई हिस्सा भी नहीं हुआ। इसीलिए किसान आज बदहाल है। सरकारों की उपेक्षा के चलते वह निराशा में घिरा है। है। किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए कई स्तरों पर नए सिरे से सुधार की जरूरत है। तभी कृषि क्षेत्र में रौनक और किसानों के चेहरे पर चमक दिखेगी।

व्यवहार की मिठास

मोनिका अग्रवाल

समाज में हमारे आसपास जितने भी प्रतिष्ठित माने जाने वाले व्यक्ति आपको मिलेंगे, हम पाते हैं कि लगभग उन सबका व्यवहार काफी मधुर होता है। वे न केवल कोमल स्वभाव के और मृदुभाषी होते हैं, बल्कि अपने मधुर संभाषण से सबको आकर्षित कर अपने तेजोवलय को और उज्ज्वल बनाते हैं। एक पुरानी कहावत है कि मधुर व्यवहार से पत्थर जैसे मन वाले व्यक्ति को भी अपनी ओर बुलाया जा सकता है। उदाहरण हम सबके सामने है कि अहिंसा के पुजारी गौतम बुद्ध से लेकर महात्मा गांधी तक सबने किस तरह मधुर वाणी बोल कर अपने संयम से अपने दौर में महापुरुष होने की धारणा को सार्थकता प्रदान की। ऐसे तमाम उदाहरण हमारे सामने बिखरे पड़े हैं, लेकिन हमारा ध्यान उन पर शायद ही कभी जाता है। लेकिन सच यही है कि प्रतिकूल परिस्थितियों और आक्रोश से भरे लोगों के बीच भी मधुर वचन ओस की बूंद की तरह काम करता है और समूचे माहौल में शांति का रस घोलता है।

कहने का आशय सिर्फ यह है कि व्यक्ति को जीवन में सफलता प्राप्त करने और आगे बढ़ने के लिए मधुर व्यवहार की बहुत ज्यादा आवश्यकता होती है। आप किसी भी संस्था, कार्यालय, कैसे भी व्यापार में संलग्न हों, लेकिन यह बात पूरी तरह लागू होती है कि अगर आपकी बोली दूसरों को प्रिय है, तभी आपके लिए आगे का रास्ता आसान होगा। कड़वी बोली के प्रभाव से मिला रास्ता स्थायी नहीं होता। दूसरी ओर, अगर किसी भी संस्थान का संचालक तीखे बोल वाला और अहंकार वाला होगा तो उसकी ही छवि नहीं, पूरे कार्यालय और संस्था की छवि खराब होगी। यह न केवल सामान्य कर्मचारी के लिए जरूरी है, बल्कि किसी संस्थान के प्रमुख की मीठी बोली उसके मातहत काम करने वालों का प्रदर्शन तक बेहतर बना सकती है। इसके साथ ही प्रमुख का मृदुभाषी होना और मधुर व्यवहार उसकी छवि में चार चांद लगा देता है।

दुनिया मेरे आगे

लेकिन अगर किन्हीं हालात में हमारे भीतर अहं भरा है और इसके कारण हम हमेशा एक मिथ्या गर्वभाव में रहते हैं तो काम की अनिवार्यता के सिवा हमारे सहयोगी भी हमसे दूर भागेंगे। इसकी एक वजह शायद यह होती है कि कड़वे बोल बोलने वाले लोगों से बात करने के बाद मनःस्थिति में नकारात्मक उथल-पुथल होता है और उसका असर काम की गुणवत्ता पर पड़ सकता है। कोई भी कर्मचारी या सहकर्मी अपना मन-मिजाज खराब करके अपने काम के प्रदर्शन में कमी नहीं लाना चाहेगा। हालांकि ऐसा लगातार चलने पर कभी किसी का भला नहीं हो सकता। नाव पानी में तैरती रहे तो कोई खतरा नहीं, लेकिन अगर हमारे अहंकार के तीर के कारण उसमें छेद हो जाए और पानी अंदर आने लगे तो समझ लीजिए कि समूची नाव डूब जाने का खतरा पैदा हो जाता है। हमारा 'इगो' या अहं पूरी नाव को डुबो दे सकती है।

विफलता के लिए दूसरों को जिम्मेदार ठहराने के बजाय आत्मविश्लेषण कर कारण खोजने का प्रयास करना चाहिए। मधुर व्यवहार के जरिए हम इन विफलताओं को सफलता में बदल सकते हैं। इससे मनुष्य के साथ-साथ पशु-पक्षी भी प्रिय हो जाते हैं। कहा भी गया है कि 'कागा काको धन हरे कोयल काकू देत / तुलसी मीठे वचन ते जग अपनो करि लेत।' कौवा बेचारा किसी का क्या धन छीनता है! फिर भी हम उससे भागते हैं। अच्छे कार्य के लिए जाने से पहले कौवे को नहीं देखना चाहते हैं। दूसरी ओर, कोयल हमें कुछ देती नहीं है, मगर उसकी मधुर वाणी के सभी कायल हैं। घर की मुंडेर पर कोयल के बैठने से सब खुश हो जाते हैं। जाहिर है, कौवे और कोयल में यह अंतर सिर्फ मधुरता का ही है।

सच यह है कि मधुर व्यवहार वह असर कर सकता है जो अन्य कोई शस्त्र नहीं कर सकता। स्नेह रूपी अमृत अगर हम अपने आसपास बरसाएंगे तो दूसरे लोग भी हमारे लिए अपना समय, श्रम और मस्तिष्क हमेशा तैयार रखेंगे। ऐसे व्यवहार से हम दूसरों के मन में विश्वास जगा सकते हैं। बड़े से बड़े अस्त्र का प्रहार वैसा घाव नहीं देता, जो घाव मनुष्य की कटु वाणी कर देती है। बड़ी से बड़ी औषधि भी वह घाव नहीं भर पाती, जो मीठी वाणी का हमारा एक शब्द कर देती है। मौजूदा दौर के प्रतिस्पर्धी युग में नए-नए प्रतिस्पर्धियों से सामंजस्य बिठाए रखने की जिम्मेदारी भी हमारी है।

अपने आसपास मौजूद लोगों के साथ हमारा मधुर व्यवहार न सिर्फ हमारे काम को आसान बनाता है, बल्कि हमें भी संवेदनशील बनाता है। पत्थर होते दौर में संवेदनशीलता आज हम सबके लिए बहुत जरूरी है। वर्तमान युग चुनौतियों का मुकाबला करने और परिवर्तन का है, नई तकनीक और सूचना के संचार का है। अपनी शिकायतों में और उलझ कर समय बर्बाद करने का वक्त नहीं है। क्रियाशील होकर आगे बढ़ना समय की आवश्यकता है, लेकिन हर वक्त मधुर बर्ताव हमारे साथ हो। यही सफलता की पहली सीढ़ी है।

कौशल का दम

प्रधानमंत्री ने 2024 तक भारत को पांच लाख करोड़ डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य तय किया है। इसके लिए विभिन्न क्षेत्रों में जरूरी कौशल से लैस श्रम की आवश्यकता होगी। कौशलयुक्त श्रम के जरिए विकास दर की रफ्तार तेज की जाएगी। भारत में दुनिया के सबसे युवा आबादी है। आज बड़ी चुनौती युवा आबादी को फायदे में तब्दील करने की है। इसके मद्देनजर सभी के लिए शिक्षा जरूरी है। इसके तहत उच्च शिक्षा का विस्तार और ज्यादा से ज्यादा छात्र-छात्राओं को आर्किटेक्चर, कानून, मेडिकल, इंजीनियरिंग और अन्य खास कोर्स में दाखिला दिलवाया जा सकता है।

इसके अलावा, शुरुआती स्तर पर रोजगार के लिए कौशल विकास है। इसके तहत वैसे लोगों को रोजगार मुहैया कराया जा सकता है, जो पढ़ाई कर रहे हैं या पढ़ाई पूरी कर चुके हैं। तीसरी चीज कौशल में बढ़ोतरी है। वैसे लोगों को नए कौशल लैस करना और उनका कौशल बेहतर करना जो शिक्षित है, काम कर रहे हैं या काम कर चुके हैं और नए कौशल के अभाव में रोजगार नहीं मिल पा रहा है। एनएसएस रिपोर्ट 2011-12 के आधार पर भारत के कुल कार्यबल में सिर्फ 2.3 फीसद के पास संगठित क्षेत्र से जुड़ी कौशल का प्रशिक्षण है।

वित्त वर्ष 2009 में राष्ट्रीय कौशल विकास नीति बनाई गई तो इस तरह के प्रशिक्षण के लिए शुरुआती कदम उठाए गए। इसमें वित्त मंत्रालय, भारत सरकार के तहत राष्ट्रीय कौशल विकास फंड और राष्ट्रीय कौशल विकास निगम की स्थापना की गई। वित्त वर्ष 2013 में राष्ट्रीय कौशल विकास प्राधिकरण और राष्ट्रीय कौशल योग्यता फ्रेमवर्क की स्थापना हुई। राजग सरकार के पहले कार्यकाल में इस संबंध में कोशिश तेज कर इन अभियानों पर ध्यान केंद्रित किया गया। पिछले 5 साल में व्यापक स्तर पर कौशल विकास कार्यक्रम को लागू किया गया।

कौशल से जुड़ा जो पारिस्थितिकी तंत्र तैयार किया गया है, वह ऐसी कंपनियों की जरूरतों को भी पूरा कर सकता है, जिन्हें सही लोगों की नियुक्ति में मुश्किल पेश आती है। संबंधित रोजगार के लिए लोगों में उचित योग्यता विकसित कर, इसके लिए मंजूरी हासिल कर और सही व्यक्ति के प्रशिक्षण यानी कौशल और भर्ती सुनिश्चित करने के लिए प्रशिक्षण साझेदार के साथ काम कर इस तरह चुनौतियों से निपटा जा सकता है। जब देश की युवा कौशल से युक्त होंगे तो अर्थव्यवस्था को बढ़ाने में अपना अमूल्य योगदान देंगे।

● *सूर्यभानु बांधे, रायपुर, छत्तीसगढ़*

किसी भी मुद्दे या लेख पर अपनी राय हमें भेजें। हमारा पता है : ए-8, सेक्टर-7, नोएडा 201301, जिला : गौतमबुद्धनगर, उत्तर प्रदेश

आप चाहें तो अपनी बात ईमेल के जरिए भी हम तक पहुंचा सकते हैं। आइडी है : chaupal.jansatta@expressindia.com

अधूरा कदम

डगमगाती अर्थव्यवस्था को संभालने के लिए वित्त मंत्री ने हाल ही में 400 करोड़ से ऊपर टर्न ओवर वाली कंपनियों के कॉरपोरेट मुनाफे पर लगने वाले टैक्स की दरों को लगभग पच्चीस प्रतिशत तक कम किया है। विनिर्माण क्षेत्र में यह टैक्स प्रभावी रूप से 17-18 प्रतिशत के बीच है। इससे कारोबार को लेकर उदासीनता भरे माहौल को दूर करने और निवेशकों के लिए भारतीय अर्थव्यवस्था के खोए हुए आकर्षण को लौटाने में मदद मिलेगी तथा इससे कम्पनियों का मुनाफा भी बढेगा। जबकि निन्यानवे प्रतिशत कंपनियां पहले से ही इस सीमा में थीं।

निश्चित रूप से बड़े कॉरपोरेट को आकर्षित करने के लिए यह सरकार का एक महत्त्वपूर्ण कदम है। इससे शेयर बाजार में भी पूंजीगत लाभ उपकर खत्म होने से जबर्दस्त उछाल आया है। सेंसेक्स में 1800 से अधिक अंकों का उछाल देखने को मिला और निफ्टी भी 500 अंक चढ़ा। हालांकि इस फैसले से सरकार के टैक्स खजाने में 145 लाख करोड़ का घाटा होगा। लेकिन इसके कुछ स्पष्ट फायदे भी हैं।

लेकिन यह तस्वीर का केवल एक पहलू है। मंदी एकमार्गी यातायात के जैसी नहीं है। उत्पादन के साथ-साथ उसकी मांग भी होनी चाहिए, तभी यह चक्रीय प्रक्रिया पूर्ण होगी। अगर खरीदने के लिए पैसा ही नहीं होगा तो कुछ समय बाद उत्पादन फिर से स्थिर हो सकता है। सरकार को देशवासियों की क्रय शक्ति बढ़ाने के लिए आम आयकरदाता की अधिकतम टैक्स दर 30 प्रतिशत को 25 प्रतिशत तक लाना, वर्तमान टैक्स स्लैब को न्यूनतम और किसानों के ऋण माफ करने के बजाय उनकी फसलों की कीमत नीति बनानी होगी। सरकार ने फिलहाल एक पहलू पर कदम जरूर उठाया है अगर दूसरे पर कोई कदम नहीं उठाया तो यह निष्प्रभावी ही होगा।

● *निवेदिता मलिक, मोदीनगर*

पाखंड के नुमाइंदे

'कानून के हाथ' (संपादकीय, 21-09-19) पढ़ा। तर्कसंगत और न्यायसंगत लगा। आज के हालात पर वास्तविकता से रूबरू कराया गया है। ऊंचे रसूख वालों पर कानून के हाथ दिनोंदिन छोटे क्यों होते जा रहे हैं? बलात्कार की पीड़िता किसी भी धर्म या जाति की क्यों न हो, लेकिन उसे समय रहते न्याय नहीं मिल पाता है। ऊंच कद के और पद पर बैठे लोगों पर वर्तमान सरकार हाथ डालने से कंपकंपाती है।

पहले उन्नाव में एक विधायक ने एक लड़की का बलात्कार किया और फिर उनके परिवार वालों में से कई की हत्या करा दी और अब एक दिव्यद्रष्टा कहे जाने वाले स्वामी और बड़े नेता की गिरफ्तारी हुई। केंद्र सरकार का रिमोट संघ परिवर चलाता है, लेकिन रोज-रोज एसआईटी का गठन एक जुमला-सा बन गया है। सामाजिक सरोकार की सांस्कृतिक विरासत या धरोहर को जिस तरह छिन्न-भिन्न किया जा रहा है, वह आखिरकार पहले समाज और फिर देश को गहरा नुकसान पहुंचाएगा।

● *जसवंत सिंह जनमेजय, नई दिल्ली*

आसमान का मोर्चा

भारतीय कंपनी एचएएल द्वारा निर्मित 'तेजस' चौथी और पांचवी पीढ़ी का अत्याधुनिक हल्का विमान है, जिससे पाक और चीन भी खौफ खाते हैं। भारत सरकार 2029-30 तक भारत में लड़ाकू विमान के 75 फीसद निर्माण को लक्ष्य बना कर काम कर रही है। एचएएल, डीआरडीओ और कई रक्षा एजेंसियों के सहयोग से हम ऐसे स्तर पर पहुंच चुके हैं कि दुनिया को लड़ाकू विमान बेच सकते हैं। दक्षिण पूर्व एशिया के कई देशों ने तेजस को खरीदने में दिलचस्पी दिखाई है। आजादी के बाद से ही लगातार अपनी सुरक्षा के मोर्चे पर मुस्तैद रहे भारत ने आधुनिक तकनीकी और विज्ञान के क्षेत्र में नित नई उपलब्धियां हासिल की हैं। इसरो की स्थापना से लेकर अब तक कामयाबियों का उसका रिकार्ड भविष्य को लेकर नई उम्मीदें जगाता है।

● *मंगलेश सोनी, धार, मध्यप्रदेश*

epaper.jansatta.com

खबर कोना

मुंबई में गोल्डन ग्लोरी अवार्ड के दौरान बॉलीवुड अदाकारा प्रीति जिंटा।

कक्षा दस और बारह के सैंपल पेपर जारी

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 22 सितंबर।

सीबीएसई की ओर से कक्षा 10 और 12 की बोर्ड परीक्षाओं के लिए सैंपल पेपर जारी कर दिए हैं। बोर्ड ने इसके अलावा अंकन योजना को भी अपनी वेबसाइट पर जारी कर दिया है। फरवरी 2020 में होने वाली दसवीं और बारहवीं की परीक्षाओं के स्वरूप में बड़े स्तर पर बदलाव हुए हैं जिसके मद्देनजर इन सैंपल पेपरों का बहुत अधिक महत्व है।अगले साल कक्षा 10 और 12 की होने वाली बोर्ड परीक्षाओं में प्रश्नपत्र 80 अंकों के आएंगे। 20 अंकों का आतंरिक मूल्यांकन या प्रायोगिकी परीक्षा होगी। इसके अलावा दोनों कक्षाओं के सभी प्रश्नपत्रों में 20 अंकों के प्रश्न एक-एक अंक के होंगे। एक अंक के प्रश्नों में बहुविकल्पीय, खाली स्थान, वाक्य पूरा करो, एक वाक्य या शब्द के उत्तर आदि शामिल होंगे। इसके अलावा सभी प्रश्नपत्रों के 33 फीसद प्रश्नों में चुनने का विकल्प मौजूद रहेगा। विद्यार्थियों गणित से डर को देखते हुए सीबीएसई ने इस साल से कक्षा दस में गणित के दो पेपर की शुरुआत की है। इसको बेसिक और स्टैंडर्ड गणित में विभाजित किया गया है। बेसिक गणित की परीक्षा में आसान सवाल पूछे जाएंगे। वहीं, स्टैंडर्ड गणित की परीक्षा उसी स्तर की आएगी जैसी पहले आती रही है। कक्षा दस के बाद गणित पढ़ने की इच्छा नहीं रखने वाले विद्यार्थी बेसिक गणित की परीक्षा देंगे और जो आगे भी गणित की पढ़ाई जारी रखना चाहते हैं उन विद्यार्थियों को स्टैंडर्ड गणित की परीक्षा देनी होगी। बेसिक गणित की परीक्षा देने वाले विद्यार्थी वार्षिक परीक्षा में पास होने के बाद कंपार्टमेंट में स्टैंडर्ड गणित की परीक्षा दे सकते हैं।

टोफेल व आइईएलटीएस की परीक्षा नहीं देनी होगी डॉक्टरों, नर्सों को

नई दिल्ली, 22 सितंबर (भाषा) ।

ब्रिटेन में व्यावसायिक अंग्रेजी परीक्षा (ओईटी) अपनाए जाने के चलते अब वहां काम करने के इच्छुक डॉक्टरों, नर्सों, दंत चिकित्सकों और दाइयों को टोफेल और आइईएलटीएस जैसी अंग्रेजी भाषा से जुड़ी परीक्षाएं देने की जरूरत नहीं होगी।
ओईटी एक अंतरराष्ट्रीय अंग्रेजी भाषा की परीक्षा है जिसमें उन स्वास्थ्य पेशेवरों के भाषा संचार कौशल का आकलन किया जाता है, जो अंग्रेजी बोलने वाले वातावरण में पंजीकरण और अभ्यास करना चाहते हैं। इससे पहले उम्मीदवारों को वीजा आवेदन के लिए ब्रिटेन के दो स्वास्थ्य सेवा बोर्ड नर्सिंग एवं मिडवाइफरी काउंसिल और जनरल मेडिकल काउंसिल में पंजीकरण के साथ-साथ टोफेल या आइईएलटीएस जैसी परीक्षाओं के लिए ओईटी लेना होता था।

जेसीबी कटर की चपेट में आया टेम्पो, महिला की मौत

भदोही (उप्र), 22 सितंबर (भाषा) ।

उत्तर प्रदेश के भदोही जिले के गोपीगंज क्षेत्र में टेम्पो चालक की जल्दबाजी की वजह से हुए हादसे में एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई तथा आठ अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस सूत्रों ने रविवार को बताया कि एक टेम्पो लगभग 10 यात्रियों को लेकर हंडिया से गोपीगंज आ रहा था। रास्ते में राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या दो पर सिक्स लेन के निर्माण कार्य में लगी एक जेसीबी मशीन को उसका चालक उसे पीछे कर रहा था। इसी दौरान टेम्पो चालक ने जेसीबी के पीछे से तेजी से अपना वाहन निकालने की कोशिश की लेकिन तब तक जेसीबी बैक हो चुकी थी और टेम्पो उसके कटर की चपेट में आ गया। इस हादसे में शीला देवी (43) की मौत हो गई जबकि आठ अन्य घायल हो गए।

महाराष्ट्र में सीट बंटवारे में फंसा नया पेच

सभी 36 जिलों में प्रतिनिधित्व चाहती है राकांपा

नई दिल्ली, 22 सितंबर (भाषा) ।

कांग्रेस नेताओं का कहना है कि जल्द ही इस बारे में फैसला कर लिया जाएगा
राज्य की अंतरराष्ट्रीय 288 सीटों के लिए होगा 21 अक्तूबर को मतदान

महाराष्ट्र में कांग्रेस और उसकी सहयोगी राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) ने भले ही 125-125 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ने पर सहमति जता दी है, लेकिन शरद पवार की पार्टी की राज्य के सभी 36 जिलों में प्रतिनिधित्व की मांग से दोनों पार्टियों के बीच सीटों के बंटवारे में नया पेच फंस गया है।

कांग्रेस नेताओं का कहना है कि जल्द ही इस बारे में फैसला कर लिया जाएगा कि दोनों पार्टियों एवं छोटे सहयोगी दलों के खाते में कौन-कौन सी सीटें जाएंगी। दोनों पार्टियों की राज्य इकाई के नेता अपने और छोटे दलों के हिस्से की सीटें तय करने के लिए लगातार बैठकें कर रहे हैं। राज्य की सभी 288 सीटों के लिए 21 अक्तूबर को मतदान और 24 अक्तूबर को मतगणना है।

कांग्रेस की महाराष्ट्र इकाई के एक वरिष्ठ नेता ने एजंसी को बताया, राकांपा की तरफ से हर जिले में कम से कम एक या दो सीट की मांग रखी गई है। यह हमारे लिए थोड़ा व्यवहारिक नहीं है क्योंकि राज्य में कई इलाके हैं जहां उसका कुछ खास असर नहीं है। उन्होंने कहा, दोनों पार्टियों में लगातार बातचीत चल रही है। कुछ दिनों के भीतर ही हम अपने हिस्से और छोटे दलों के लिए सीटों को तय कर लेंगे। कांग्रेस के एक अन्य नेता ने कहा, राकांपा विदर्भ में कई सीटों की मांग कर रही है जबकि इस क्षेत्र में उसका कुछ खास आधार नहीं रहा है। इसी तरह उसने मुंबई की 36 सीटों में से 12 सीटों की मांग रख दी है जबकि 2009 में गठबंधन में रहते हुए वह सिर्फ सात सीटों पर लड़ी थी। वैसे, दोनों पार्टियों के बीच यह तय है कि दोनों तकरीबन उन सभी सीटों पर चुनाव लड़ेंगी जहां पिछली बार दोनों ने जीत हासिल की थी। पिछले चुनाव में दोनों अलग लड़े थे। कांग्रेस को 42 और राकांपा को 41 सीटें मिली थीं।

कांग्रेस-राकांपा गठबंधन के सामने एक और दिक्कत 38 सीटों के साथ छोटे दलों को संतुष्ट करने की है। वे सपा, स्वाभिमानी पक्ष, वाम दल और कुछ अन्य छोटे दलों को साथ लेना चाहती हैं। हालांकि छोटे दलों ने 38 सीटों पर असंतुष्टि जताई है।

सूत्रों के मुताबिक लोकसभा चुनाव में करारी हार और अपने कई नेताओं के भाजपा-शिवसेना में जाने के बाद से बेहद चुनौतीपूर्ण स्थिति का सामना कर रही कांग्रेस एवं राकांपा पूरी कोशिश करेंगी कि छोटी पार्टियों को साथ लिया जाए। इस बीच, कांग्रेस जल्द ही अपने उम्मीदवारों की पहली सूची जारी करने की तैयारी में है। उसकी पहली सूची में वर्तमान विधायक और कई बड़े नेताओं के नाम शामिल हो सकते हैं। कांग्रेस के एक नेता ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री पृथ्वीराज चव्हाण और अशोक चव्हाण, प्रदेश अध्यक्ष बालासाहेब थोराट, राज्य इकाई के वरिष्ठ नेता नितिन राउत, यशोमती ठाकुर विश्वजीत कदम, नाना पटोले और कई अन्य वरिष्ठ नेता चुनाव लड़ सकते हैं। पार्टी की महाराष्ट्र इकाई मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के खिलाफ दक्षिण-पश्चिम नागपुर विधानसभा सीट से भी किसी बड़े चेहरे को उतारने की कोशिश में है।

राजस्थान में 70 आइएएस के तबादले,10 कलेक्टर बदले

जनसत्ता ब्यूरो
जयपुर, 22 सितंबर।

70 अफसरों को राज्य सरकार ने इधर से उधर किया
राज्य में शहरी निकाय और पंचायत राज चुनावों से पहले ही सरकार ने बड़े स्तर पर प्रशासनिक फेरबदल कर चौंकाया

राजस्थान में सरकार ने रविवार को बड़ा प्रशासनिक बदलाव किया। सरकार ने आदेश जारी कर भारतीय प्रशासनिक सेवा के 70 अफसरों का एक ही झटके में तबादला कर दिया। इसमें 10 जिलों में नए कलेक्टर तैनात किए गए हैं। इस फेरबदल में सरकार ने पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे के ओएसडी को भी हटा दिया है। ओएसडी का तबादला हाई कोर्ट के उस आदेश के तहत किया गया है, जिसमें पूर्व मुख्यमंत्रियों को दी जाने वाली सुविधाओं को बंद करने की बात कही गई थी।

राज्य में शहरी निकाय और पंचायत राज चुनावों से पहले ही सरकार ने बड़े स्तर पर प्रशासनिक फेरबदल कर चौंका दिया है। सरकार ने अतिरिक्त मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव और सचिव स्तर के अफसरों को बदलते हुए दस जिला कलेक्टरों को भी हटा दिया है। जिला कलेक्टरों को हटाने के लिए राजनीतिक कारण जिम्मेदार माने जा रहे हैं। प्रदेश कांग्रेस की हाल की बैठक में कई मंत्रियों और पदाधिकारियों ने नौकरशाही के रवैए को लेकर सरकार को घेरा था। इसके बाद ही कलेक्टरों को बदला गया है। भरतपुर जिला कलेक्टर आरुषि अजय मलिक के भ्रष्टाचार की शिकायतों को लेकर कई मंत्री और विधायक उन्हें हटवाने के लिए मुख्यमंत्री से गुहार कर चुके थे।

सरकार ने अब भरतपुर में अतिरिक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी के पद पर काम कर रहे जोगाराम को कलेक्टर बना कर भेजा है। सरकार के इस फेरबदल में सबसे ज्यादा चौंकाने वाला तबादला पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे के ओएसडी गजानंद शर्मा का है। शर्मा पिछले 15 साल से वसुंधरा राजे के ओएसडी के पद पर काम कर रहे थे। शर्मा को अब भूप्रबंध आयुक्त के पद पर लगाया गया है। सरकार ने शर्मा को हटाने के बाद उनके स्थान पर किसी अधिकारी की तैनाती नहीं की है। राजस्थान हाई कोर्ट ने पूर्व मुख्यमंत्रियों को आवास और अन्य सुविधाओं को देने को असंवैधानिक करार दिया था। हाई कोर्ट का कहना था कि पूर्व मुख्यमंत्रियों को आजीवन सुविधाएं नहीं दी जा सकती है। इसके बाद ही मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा था कि इस बारे में कोई नीति बनाई जाएगी। वसुंधरा राजे के ओएसडी का तबादला उसी क्रम में माना जा रहा है।

दिल्ली आइआइटी की टीम सम-विषम योजना का अध्ययन करेगी

नई दिल्ली, 22 सितंबर (भाषा)।

यह अध्ययन 15 अक्तूबर से 15 नवंबर के बीच किया जाएगा। इसमें इस बात की पड़ताल की जाएगी कि यह योजना कितनी प्रभावी रही।
छह सदस्यों वाली टीम ने सेंसर आधारित प्रदूषण नियंत्रण उपकरण का आविष्कार किया है।

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आइआइटी) की एक टीम सम-विषम योजना के प्रभाव का विश्लेषण करेगी। इस योजना को दिल्ली में चार नवंबर से लागू किया जा रहा है। यह अध्ययन छात्रों द्वारा बनाए गए प्रदूषण निगरानी यंत्रों से किया जाएगा। यह अध्ययन 15 अक्तूबर से 15 नवंबर के बीच किया जाएगा। इस अध्ययन के तहत इस बात की पड़ताल की जाएगी कि यह योजना कितनी प्रभावी रही। छह सदस्यों वाली टीम ने सेंसर आधारित प्रदूषण नियंत्रण उपकरण का आविष्कार किया है। इसे 'एजिमोटिव' कहा गया है और यह पेंटेट भी हो चुका है तथा इसे आइसीएडी सर्टिफिकेट भी मिल चुका है।

इस टीम की सदस्य पूजा सिंह ने बताया, 'यह यंत्र 250 बसों की छत पर लगाया जाएगा ताकि राष्ट्रीय राजधानी की हवा पर नजर रखी जा सके। इस उपकरण से सूक्ष्म कणों, गरमी, तापमान और आर्द्रता की गणना के साथ ही अलग-अलग जगहों की यातायात स्थिति और मौसम के बारे में जानकारी पाने में मदद मिलेगी। इस उद्देश. के लिए हमने दिल्ली इंटिग्रेटेड मल्टी मोडल ट्रांजिट सिस्टम (डीआइएमटीएस) से गठजोड़ किया है।' उन्होंने कहा, ' प्रत्येक बस रोजाना 16 चक्कर लगाती है और अलग-अलग जगहों में 30-40 किलोमीटर तक जाती है। इन उपकरणों में कैमरे और जीपीएस लगे हैं ताकि वाहनों पर नजर रखी जा सके।'

सिंह ने बताया कि अध्ययन दो चरण में किया जाएगा। पहले चरण में सम-विषम लगने से पहले के आंकड़े जमा किए जाएंगे और दूसरे चरण में सम-विषम के दौरान आंकड़े लिए जाएंगे। उन्होंने कहा, 'यह योजना प्रभावी है या नहीं, इसका विश्लेषण करने के लिए हमें पूर्ववर्ती दिनों के आंकड़ों की भी जरूरत पड़ेगी ताकि तुलना की जाए। इसलिए यह दो चरणों में होगा और हम देखेंगे कि हवा के गुणवत्ता में सुधार हुआ या नहीं और अगर हुआ तो कितने फीसद हुआ।'

मुस्कान अमदाबाद में रविवार को नवरात्र के दौरान होने वाले गरबा नृत्य का अभ्यास करतीं महिलाएं।

राजनाथ ने पाक को 1965 और 1971 की गलतियां न दोहराने के लिए चेताया

पटना, 22 सितंबर (भाषा)।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पाकिस्तान को 1965 और 1971 की गलतियों को न दोहराने की चेतावनी देते हुए रविवार को कहा कि जिस तरह से वहां मानवाधिकार का उल्लंघन हो रहा है और आतंक पनप रहा है, उससे इस मुल्क को खंड-खंड होने से कोई नहीं रोक सकता ।

भाजपा की जन जागरण सभा में रक्षा मंत्री ने अनुच्छेद 370 और 35 ए को नासूर की संज्ञा देते हुए कहा कि जम्मू कश्मीर में आतंकवाद इसी के कारण पनपा और इस राज्य को लहूलुहान किया। उन्होंने कहा कि वास्तव में जम्मू कश्मीर की आबादी के तीन चौथाई से अधिक लोग इस प्रावधान को निरस्त करने के पक्षधर थे। राजनाथ ने कहा, भाजपा जो वादे करती है उन्हें पूरा करती है। हमारे इरादे अच्छे थे और इसमें कोई आश्चर्य की बात नहीं है कि हमारे गठबंधन सहयोगियों ने भी हमारे इस कदम का पूरे दिल से समर्थन किया।' उन्होंने कहा कि पांच वर्षों में जम्मू कश्मीर का नजारा बदल जाएगा और वह धरती का फिर से स्वर्ग होगा। पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में आतंकी गतिविधियों में लिप्त रहने वालों को 'स्वतंत्रता सेनानी' कहे जाने पर राजनाथ ने कहा कि जो आतंकी हैं वे विशुद्ध रूप से आतंकी हैं उन्हें स्वतंत्रता सेनानी नहीं कहा जा सकता है। उन्होंने कहा, 'देखते हैं कि वे यहां (भारत में) कितने आतंकवादी भेज सकते हैं। उनमें से कोई भी वापस नहीं लौट पाएगा।' राजनाथ ने पाकिस्तान को चेतावनी देते हुए कहा कि 1965 और 1971 को दोहराने की गलती नहीं होनी चाहिए नहीं तो खमियाजा भुगतना पड़ेगा और अगर इसे दोहराया गया तो पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर का क्या होगा यह विचार पड़ोसी देश को कर लेना चाहिए। उन्होंने कहा, 'अगर यही सिलसिला चलता रहा, जैसा कि बलोच और पख्तून समुदाय के लोगों के मानवाधिकार का उल्लंघन हो रहा है और वहां आतंक पनप रहा है, तो इससे पाकिस्तान को खंड-खंड होने से कोई नहीं रोक सकता।'

तीन दशक बाद नई शिक्षा नीति लागू होगी : पोखरियाल

जनसत्ता संवाददाता
देहरादून, 22 सितंबर।

केंद्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक ने कहा कि देश में 33 साल बाद नई शिक्षा नीति लागू होगी। यह शिक्षा नीति देश के विकास की आधारशिला होगी। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति के लिए अभी हाल ही में उन्होंने सभी राज्यों के शिक्षा मंत्रियों की बैठक बुलाई थी। जिसमें 26 राज्यों के शिक्षा मंत्रियों ने भाग लिया था। इस बैठक में कई महत्त्वपूर्ण सुझाव आए। नई शिक्षा नीति के लिए देशभर से दो लाख से ज्यादा सुझाव आए हैं। जिनमें से महत्त्वपूर्ण सुझावों को नई शिक्षा नीति में सम्मिलित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि नई शिक्षा नीति के आने से शिक्षा के क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव आएगा।

निशंक आज हरिद्वार में गायत्री परिवार शांतिकुंज के प्रमुख डॉ. प्रणव पंड्या से मुलाकात करने आए थे। उन्होंने बताया कि उन्होंने डॉ. प्रणव पंड्या को केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार की 100 दिन की शानदार उपलब्धियों के बारे में बताया। निशंक ने बताया कि डॉ. प्रणव पंड्या ने देव संस्कृति विश्वविद्यालय में कश्मीर के छात्रों को पढ़ाने के लिए अपने विश्वविद्यालय में 100 सीटें आरक्षित करने की बात कही है। साथ ही आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों को भी निशुल्क शिक्षा देने का प्रस्ताव दिया है। उन्होंने बताया कि डॉ. प्रणव पंड्या को उन्होंने केंद्र सरकार द्वारा कश्मीर से धारा 370 और 35ए हटाने के बारे में बताया। निशंक ने कहा कि जम्मू कश्मीर और लेह लद्दाख के लोग नई आजादी मिलने के बाद बेहद खुश हैं और अब नए कश्मीर का निर्माण किया जाएगा।

केविवि सहित 10 उच्च शिक्षण संस्थान फिलहाल हेफा फंडिंग से महरूम

नई दिल्ली, 22 सितंबर (भाषा)।

देश के चार एनआइटी और चार केंद्रीय विश्वविद्यालयों सहित 10 उच्च शिक्षण संस्थान, प्रयोगशालाओं तथा अन्य आधारभूत ढांचे के विकास के लिए उच्च शिक्षा वित्तीय अभिकरण (हेफा) से वित्त पोषण संबंधी सहमति पत्र कायम नहीं कर सके हैं।

मंत्रालय ने इन संस्थाओं को प्रक्रिया तेज करने को कहा है। सूत्रों ने बताया, 'हेफा के तहत अभी वित्त पोषित 78 परियोजनाएं हैं। इनमें से 40 परियोजनाएं ऐसी हैं जिनमें सहमति पत्र की प्रक्रिया हो गई है, निविदा कार्य हो गया है और इनसे संबंधित संस्थाओं ने बिल भी सौंप दिए हैं।' उन्होंने बताया कि 10 परियोजनाएं ऐसी हैं जिसमें सहमति पत्र हो गया है।

पीएचडी करने वाले छात्रों की संख्या है डेढ़ लाख से ऊपर **सर्वे** नामांकन कराने में विज्ञान वर्ग के छात्र हैं सबसे आगे

सिर्फ 2.5 फीसद कॉलेज कराते हैं पीएचडी

नई दिल्ली, 22 सितंबर (भाषा) ।

सरकारी विश्वविद्यालयों में पीएचडी छात्रों की सबसे अधिक संख्या (34.3 फीसद) है, जिसके बाद राष्ट्रीय महत्व के संस्थानों (21.6 फीसद), मानद विश्वविद्यालयों-निजी (21.6 फीसद) और राज्य निजी विश्वविद्यालयों (13.4 फीसद) का स्थान है।

मानव संसाधन मंत्रालय द्वारा कराए गए 'अखिल भारतीय उच्च शिक्षा सर्वेक्षण' के मुताबिक देश में केवल 2.5 फीसद कॉलेज पीएचडी कार्यक्रम संचालित करते हैं और सबसे ज्यादा विज्ञान वर्ग के छात्र पीएचडी के लिए नामांकन कराते हैं। देश में पीएचडी करने वाले छात्रों की संख्या 1,69,170 है, जो कुल पंजीकृत छात्रों का 0.5 फीसद से भी कम है।

इस वार्षिक सर्वेक्षण के लिए उच्च शिक्षा संस्थानों को तीन श्रेणियों में बांटा गया- विश्वविद्यालय, कॉलेज और स्वतंत्र संस्थान। वर्ष 2018-19 के सर्वेक्षण में कुल 962 विश्वविद्यालय, 38179 कॉलेज और 9190 स्वतंत्र संस्थान शामिल हुए। सर्वे रिपोर्ट के मुताबिक, केवल 2.5 फीसद कॉलेज पीएचडी कार्यक्रम संचालित करते हैं और 34.9 फीसद कॉलेज परास्नातक स्तर तक के कार्यक्रम संचालित करते हैं। पीएचडी स्तर पर सबसे ज्यादा छात्र विज्ञान वर्ग के हैं और इसके बाद इंजीनियरिंग तथा प्रौद्योगिकी वर्ग का स्थान है। दूसरी ओर परास्नातक स्तर पर सबसे अधिक छात्र सामाजिक विज्ञान वर्ग के हैं और इसके बाद प्रबंधन वर्ग का स्थान है।

सरकारी विश्वविद्यालयों में पीएचडी छात्रों की सबसे अधिक संख्या (34.3 फीसद) है, जिसके बाद राष्ट्रीय महत्व के संस्थानों (21.6 फीसद), मानद विश्वविद्यालयों-निजी (21.6 फीसद) और राज्य निजी विश्वविद्यालयों (13.4 फीसद) का स्थान है। रिपोर्ट के मुताबिक 79.8 फीसद छात्र स्नातक स्तर के कार्यक्रमों में नामांकन कराते हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि स्नातक स्तर में सबसे अधिक छात्र बीए में पंजीकरण कराते हैं, जिसके बाद बीएसई और बीकॉम का स्थान है। स्नातक स्तर पर सबसे अधिक छात्र (35.9 फीसद) कला, मानविकी और सामाजिक विज्ञान के पाठ्यक्रमों में पंजीकरण कराते हैं। विज्ञान में 16.5 फीसद, इंजीनियरिंग तथा प्रौद्योगिकी में 13.5 फीसद और वाणिज्य में 14.1 फीसद छात्र पंजीकरण कराते हैं। करीब 34.8 फीसद कॉलेज एक ही वर्ग के पाठ्यक्रमों का संचालन करते हैं और इनमें से 83.1 फीसद निजी कॉलेज हैं।

हरियाणा से महाराष्ट्र तक दिग्गजों पर दांव लगाएगी कांग्रेस

हरियाणा में कांग्रेसी दिग्गजों के बेटे-बेटियां भी हैं टिकट के दावेदार

अजय पांडेय
नई दिल्ली, 22 सितंबर।

महाराष्ट्र और हरियाणा विधानसभाओं के अगले महीने होने वाले चुनाव में कांग्रेस अपने दिग्गजों पर ही दांव लगाएगी। पार्टी ने दोनों राज्यों के अपने कद्दावर नेताओं से चुनाव मैदान में कूदने को कहा है। महाराष्ट्र के कांग्रेस उम्मीदवारों की पहली सूची अगले कुछ दिनों में जारी कर दिए जाने की उम्मीद है जबकि हरियाणा के लिए उम्मीदवार तय करने की कवायद भी जारी है। खास बात यह है कि हरियाणा में कांग्रेसी सुरमाओं के बेटे और बेटियों ने भी चुनावी टिकट पर दावा ठोक दिया है। ऐसे में पार्टी के सामने यह तय करने की चुनौती है कि वह एक ही परिवार में दो-दो टिकट दे या न दे।

महाराष्ट्र में कांग्रेस ने शरद पवार की अगुआई वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) से चुनावी गठबंधन किया है और 288 सीटों वाली विधानसभा में दोनों दल 125-125 सीटों पर चुनाव लड़ रहे हैं। बाकी सीटें स्वाभिमान पक्ष, समाजवादी पार्टी आदि सहयोगी दलों के लिए छोड़ी गई हैं। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के उम्मीदवार तय करने के लिए पार्टी के वरिष्ठ नेता ज्योतिरादित्य सिंधिया की अध्यक्षता में गठित चयन समिति की राजधानी में हुई अलग-अलग बैठकों में अब तक करीब 100 प्रत्याशियों के नाम तय किए जा चुके हैं और चुनाव समिति की बैठक के बाद पार्टी उम्मीदवारों की पहली सूची जल्दी जारी किए जाने के संकेत हैं।

उम्मीदवारों की चयन प्रक्रिया से जुड़े सूत्रों की मानें तो पार्टी ने सूबे के पूर्व मुख्यमंत्री पृथ्वीराज चव्हाण व अशोक चव्हाण सहित प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष बाला साहब थेराट, नितिन राउत, किसान कांग्रेस के अध्यक्ष नाना पटोले, विश्वजीत कदम सहित तमाम वरिष्ठ नेताओं को चुनाव मैदान में उतारना तय किया है। दूसरी ओर, हरियाणा विधानसभा चुनाव में भी सूबे के सभी कांग्रेसी दिग्गज चुनाव मैदान में उतरेंगे। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा, विधायक दल की पूर्व नेता किरण चौधरी, कांग्रेस के मीडिया विभाग के प्रमुख व सूबे के पूर्व मंत्री रणदीप सिंह सुरजेवाला, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अशोक तंवर, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप शर्मा, पूर्व मंत्री कैप्टन अजय यादव सहित कांग्रेस के सभी विधायकों को एक बार फिर से चुनाव मैदान में उतारे जाने की संभावना है।

पूर्व मुख्यमंत्री हुड्डा के बेटे और रोहतक से पूर्व सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा पर भी विधानसभा चुनाव लड़ने का दबाव है। खुद भूपेंद्र सिंह हुड्डा किलोई विधानसभा से चुनाव लड़ते हैं जबकि दीपेन्द्र को गोहाना, बादली सहित अलग अलग क्षेत्रों से चुनाव लड़ाए जाने की चर्चा जोरों पर है।

सूबे में कांग्रेस के चुनाव घोषणा पत्र समिति की अध्यक्ष किरण चौधरी ने कहा कि वह तो चुनाव लड़ेंगी ही, उनकी बेटी व पूर्व सांसद श्रुति चौधरी को भी चुनाव मैदान में उतारे जाने का दबाव पार्टी कार्यकर्ताओं ने बना रखा है। दूसरी ओर पूर्व मंत्री कैप्टन अजय यादव ने कहा कि वे खुद तो पार्टी टिकट के लिए आवेदन देंगे ही, अपने बेटे के टिकट के लिए भी आवेदन दे रहे हैं। कई अन्य कांग्रेसी सुरमाओं के बच्चे भी टिकट की कतार में हैं। अब देखना यह है कि कांग्रेस हाईकमान इन नेताओं के बेटे-बेटियों को चुनाव मैदान में उतारने को लेकर क्या फैसला करता है।

हरियाणा में लोकलुभावन घोषणाओं के साथ चुनाव में उतर सकती है कांग्रेस

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 22 सितंबर।

हरियाणा विधानसभा चुनाव के मद्देनजर कांग्रेस सूबे के किसानों को सस्ती बिजली, बेराजगार युवाओं को बेरोजगारी भत्ता, महिलाओं को बसों में मुफ्त यात्रा की सुविधा उपलब्ध कराने तथा यातायात नियमों के उल्लंघन पर लगाए जा रहे भारी-भरकम जुर्माने की राशि को घटाने आदि तमाम लोकलुभावन वादों को अपने चुनाव घोषणा पत्र में शामिल कर सकती है।

हरियाणा में कांग्रेस विधायक दल की पूर्व नेता किरण चौधरी की अगुआई में गठित की गई चुनाव घोषणा पत्र समिति की रविवार को हुई बैठक में पार्टी नेताओं ने सूबे से जुड़े तमाम मुद्दों पर विचार विमर्श किया। इस बैठक में किरण चौधरी और समिति के संयोजक आफताब अहमद के अलावा पूर्व मुख्यमंत्री हुड्डा, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कुमारी सैलजा, पूर्व मंत्री कैप्टन अजय यादव सहित समिति के तमाम सदस्यों ने शिरकत की।

चुनाव घोषणा पत्र समिति की बैठक में लिए गए निर्णयों को लेकर चौधरी ने बताया कि यह तय किया गया कि सभी सदस्य अपने अपने सुझाव आगामी 25 सितंबर तक समिति को सौंप देंगे। इसके बाद 27 सितंबर को एक बार फिर से समिति की बैठक कर घोषणाओं की फेहरिस्त को अमली जामा पहनाया जाएगा।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस के लिए घोषणा पत्र एक किस्म की वचनबद्धता है। वह भाजपा की तरह हवा-हवाई वादे और जुमलेबाजी में यकीन नहीं रखती। उन्होंने भाजपा को लेकर कहा कि पिछले चुनाव में भाजपा ने 154 वादे हरियाणा की जनता से किए लेकिन इनमें से किसी को पूरा नहीं किया। कांग्रेस नेताओं द्वारा अपनी चुनावी सभाओं में किए गए वादों को चुनाव घोषणा पत्र में शामिल किए जाने को लेकर किरण चौधरी ने कहा कि निश्चित रूप से हम जनहित के मुद्दों को इसमें शामिल करेंगे। उन्होंने बताया कि चाहे किसान हों, बेरोजगार युवा हों या महिलाएं हों, सबके हितों का पूरा ख्याल रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि मोटर वाहन (संशोधन) कानून, 2019 के तहत लोगों पर लगाए जा रहे भारी-भरकम जुर्माने की राशि को कम करने के प्रस्ताव को भी घोषणा पत्र का हिस्सा बनाया जा सकता है।

चुनाव प्रबंधन समिति व विपक्ष के नेता बनाए गए भपेंद्र सिंह हुड्डा, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कुमारी सैलजा सहित पार्टी के अन्य नेता अपनी चुनावी सभाओं में किसानों का कर्ज माफ करने, दो एकड़ जोत वाले किसानों को सस्ती बिजली देने, स्नातक बेरोजगार युवाओं को सात हजार प्रतिमाह तथा स्नातकोत्तर बेरोजगार युवाओं को 10 हजार रुपए प्रतिमाह महंगाई भत्ता देने, महिलाओं के लिए बस यात्रा मुफ्त करने आदि तमाम वादे कर रहे हैं।

2019 में समाप्त हो रहा पांच वर्ष का कालखंड सबसे गर्म रहने की आशंका

संयुक्त राष्ट्र, 22 सितंबर (एएफपी)।

संयुक्त राष्ट्र की रविवार को जारी रिपोर्ट में साफ-साफ कहा गया कि जलवायु परिवर्तन को रोकने की दौड़ में हम बहुत पीछे चल रहे हैं और 2019 में समाप्त होने वाला पांच वर्ष का कालखंड वैश्विक औसत तापमान के आधार पर सबसे गर्म रहने वाला है।

संयुक्त राष्ट्र में सोमवार को होने वाले जलवायु संबंधी महत्त्वपूर्ण शिखर सम्मेलन से ठीक पहले यह रिपोर्ट आई है। इसमें 60 से ज्यादा देशों के नेता भाग ले रहे हैं। इस बीच संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने देशों से कहा कि वे हरित गैस उत्सर्जन में कटौती का अपना लक्ष्य बढ़ाएं। रिपोर्ट लिखने वाले 'साइंस एडवाइजरी ग्रुप' ने सम्मेलन को बताया कि रिपोर्ट जलवायु परिवर्तन और उसके सबसे खराब प्रभावों को रोकने के लिए ठोस कार्रवाई करने की जरूरतों पर बल देती है। 'विश्व मौसम संगठन' द्वारा संकलित रिपोर्ट में कहा गया कि 2015 से 2019 का पांच वर्ष का कालखंड वैश्विक औसत तापमान के आधार पर सबसे गर्म रहने वाला है। रिपोर्ट में कहा गया है, फिलहाल अनुमान है कि तापमान औद्योगिक क्रांति (1850-1900) से पहले के मुकाबले 1.1 डिग्री सेल्सियस ज्यादा होगा और यह 2011-2015 के काल खंड से 0.2 डिग्री सेल्सियस गर्म होगा। मौसम संबंधी आंकड़े 1850 से संकलित किए जा रहे हैं।

ह्यूस्टन पहुंचे बलूच, सिंधी और पख्तूनों ने कहा, पाकिस्तान से चाहिए आजादी

जनसत्ता ब्यूरो/एजंसी
नई दिल्ली/ह्यूस्टन, 22 सितंबर।

सिंधी, बलूची और पख्तून समूह के प्रतिनिधियों ने रविवार को अमेरिका के ह्यूस्टन स्थित एनआरजी स्टेडियम के सामने एक साथ प्रदर्शन कर पाकिस्तान से आजादी के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का ध्यान आकर्षित किया।

पूरे अमेरिका से बलोच अमेरिकी, सिंधी अमेरिकी और पख्तून अमेरिकी समुदाय के लोग शनिवार को यहां पहुंचे। अमेरिका में अपनी तरह के इस पहले प्रदर्शन में तीनों समुदाय के लोगों ने एक साथ पाकिस्तान से आजादी के लिए भारत और अमेरिका के नेताओं से मदद की गुहार लगाई। समूहों के सदस्यों ने अपने साथ प्लेकार्ड ले रखे थे, जिसमें उन्होंने आरोप लगाया कि पाकिस्तान सरकार उनके समुदाय के लोगों के मानवाधिकारों का बड़े पैमाने पर हनन कर रही है। अमेरिका में बलोच नेशनल मूवमेंट के प्रतिनिधि नबी बक्श बलोच के मुताबिक, 'हम पाकिस्तान से आजादी की मांग कर रहे हैं। भारत और अमेरिका को हमारी मदद करनी चाहिए है ठीक वैसे ही जैसे 1971 में भारत ने बांग्लादेश के लोगों की मदद की थी।'

सौ से अधिक अमेरिकी सिंधी शनिवार को यहां पहुंचे। जीये सिंध मुत्ताहिदा मुहाज के जफर सहितो ने कहा, 'यह सबसे बड़े और पुराने लोकतंत्रों-स्वतंत्र विश्व के नेताओं की ऐतिहासिक रैली है। हम सिंध के लोग पाकिस्तान से आजादी चाहते हैं। जिस तरह से 1971 में भारत ने बांग्लादेश की आजादी में मदद में की, हम वैसे सिंध के लिए अलग देश चाहते हैं।'

अमेरिका में इमरान का फीका स्वागत

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 22 सितंबर।

भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अलावा पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान भी अमेरिका के दौरे पर हैं। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान भी संयुक्त राष्ट्र महासभा की बैठक में शामिल होने के लिए अमेरिका पहुंचे हैं। न्यूयॉर्क में इमरान खान की अगवानी के लिए कोई अमेरिकी अधिकारी भी नहीं पहुंचा। पाकिस्तानी अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। इमरान खान सऊदी अरब के शहजादे के विमान से अमेरिका पहुंचे।

दूषित पानी पीने से तीन की मौत, 50 बीमार

छिंदवाड़ा, (मप्र) 22 सितंबर (भाषा)।

मध्यप्रदेश जिला मुख्यालया से 20 किलोमीटर दूर चाहिन्या कला गांव में शनिवार शाम को एक हैंडपंप का दूषित पानी पीने से तीन लोगों की मौत हो गई और 50 से अधिक लोग उल्टी दस्त से पीड़ित हो गए। उल्टी दस्त से पीड़ित 25 लोगों का उपचार जिला अस्पताल में चल रहा है शेष लोगों को जांच के बाद छुट्टी दे दी गई है। जिले के अतिरिक्त कलेक्टर राजेश शाही ने रविवार को बताया कि पिडरईकला के ग्राम चान्हिया कला गांव में लगे एक हैंडपंप से दूषित पानी पीने से दो बुजुर्ग महिलाओं रमौली उसरेठे (80), मीरा (50) और चार वर्षीय बालिका रिशिना ईवनाती की मौत हो गई।

हड़ताल और अवकाश के कारण पांच दिन बंद रहेंगे बैंक

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 22 सितंबर।

अगले हफ्ते पांच दिनों तक बैंकों में काम नहीं होगा। ग्राहक सेवाएं प्रभावित रहेंगी। बैंक के ग्राहक 25 सितंबर तक ही बैंकिंग सेवाओं का इस्तेमाल कर सकेंगे। दरअसल पहले दो दिवसीय हड़ताल, फिर साप्ताहिक अवकाश और उसके बाद अर्द्धवार्षिक खाता बंदी (हाफ इयरली क्लोजर) की वजह से यह नौबत आने वाली है।

बैंक कर्मचारी संगठनों ने बैंकों के विलय के सरकार के एलान के विरोध में 26 और 27 सितंबर को हड़ताल पर जाने की घोषणा की है। जबकि, 28 और 29 सितंबर को महीने के आखिरी शनिवार व रविवार की छुट्टी है। 30 सितंबर को बैंक खुलेंगे, लेकिन अर्द्धवार्षिक खाता बंदी (हाफ इयरली क्लोजर) होने के कारण इस दिन लेन- देन नहीं होगा।

हड़ताल में 28 राष्ट्रीयकृत बैंकों के कर्मचारी शामिल हो रहे हैं। ऑल इंडिया बैंक ऑफिसर्स कॉन्फेडरेशन के महामंत्री दिलीप सिंह चौहान का कहना है कि कर्मचारी संगठनों ने बैंकों के आपस में विलय के प्रस्ताव का लगातार विरोध किया, लेकिन सरकार अड़ी रही। अब हमारे सामने देशव्यापी हड़ताल के अलावा कोई रास्ता नहीं है। बैंकों के विलय से हजारों नौकरियां जाएंगी। साथ ही, एनपीए भी बढ़ेगा। उन्होंने आरोप लगाया है कि केंद्र सरकार बैंकिंग सेक्टर को खत्म करने पर आमादा है। बैंकों के पांच दिन तक लगातार बंद रहने से इसका असर एटीएम सेवाओं पर पड़ना तय है। दो-एक दिन बाद नकदी संकट के आसार हैं।

आतंकियों का एक ही ठिकाना

पेज 1 का बाकी

अब हम विकास के लिए अधीर हैं।' प्रधानमंत्री मोदी ने इस दौरान अपनी लिखी कविता पढ़ी, 'वो जो मुश्किलों का अंबार है... वही तो मेरे हौसलों की मीनार है...।' उन्होंने कहा कि आज भारत चुनौतियों को टालता नहीं बल्कि उनसे टकराता है। उन्होंने सरकार की जन कल्याण योजनाओं एवं भ्रष्टाचार के खिलाफ सरकार की ओर से उठाए गए कदमों का उल्लेख किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि एक भी भारतीय विकास के लाभ से वंचित रहे, यह भी भारत को मंजूर नहीं है। विकास का लाभ समाज के सभी वर्गों को मिलना चाहिए। उन्होंने सबका साथ-सबका विकास, जन भागीदारी, संकल्प से सिद्धि और न्यू इंडिया के नारों का जिक्र किया और कहा कि सदियों से हमारे देश में सैकड़ों भाषाएं, सैकड़ों बोलियां, सह अस्तित्व की भावना के साथ आगे बढ़ रही हैं। इससे पहले अमेरिका के ह्यूस्टन पहुंचने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भव्य स्वागत हुआ। उनके लिए रेड कार्पेट बिछाया गया। अमेरिकी सरकार के अधिकारी और सांसद वहां मोदी की अगवानी करने पहुंचे। अमेरिकी दौरे के अगले पड़ाव में प्रधानमंत्री मोदी न्यूयॉर्क जाएंगे, जहां वे संयुक्त राष्ट्र महासभा की बैठक में हिस्सा लेंगे।

'हाउडी मोदी' कार्यक्रम में शामिल होने के लिए लोग स्थानीय समय के अनुसार, शाम साढ़े चार बजे से ही जुटने लगे थे। ह्यूस्टन के एनआरजी स्टेडियम में हजारों भारतीय समुदाय के लोग पहुंचे। कार्यक्रम की शुरुआत सांस्कृतिक कार्यक्रमों से हुई। इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के अलावा लगभग 60 अमेरिकी सांसद भी हिस्सा बने। कार्यक्रम के पहले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ट्विटर पर लिखा, 'भारत से प्यार करने वाले हमारे समुदाय से मिलने का इंतजार।' प्रधानमंत्री मोदी ने ट्विटर पर ही इसका जवाब दिया। बोले, 'आपसे मुलाकात का इंतजार है।' इस आयोजन में भारत की महान संस्कृति की झलक को विभिन्न कार्यक्रमों के जरिए दर्शाया गया। भारत-अमेरिकी साझा संस्कृति की भी अद्भुत झलक दिखाई दी। इस कार्यक्रम में दिखा पूरा भारत : गुरुवाणी, दक्षिण भारतीय कार्यक्रम, एकला चलो रे, गुजराती गरबा के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरुआत हुई।

शुक्रवार को संयुक्त राष्ट्र महासभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का बहुप्रतीक्षित संबोधन होगा। इससे पहले ह्यूस्टन में 'हाउडी मोदी' कार्यक्रम के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अमेरिकी कांग्रेस के सदस्यों के साथ बातचीत का सत्र है। सोमवार 23 सितंबर को प्रधानमंत्री संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। समेकित स्वास्थ्य पर भी आयोजित बैठक के अलावा आतंकवाद के मुद्दे पर बुलाई गई राष्ट्राध्यक्षों की बैठक में हिस्सा लेंगे। मंगलवार को संयुक्त राष्ट्र महासचिव द्वारा दिए गए दोपहर के भोज में वे शामिल होंगे। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ द्विपक्षीय बैठक में हिस्सा लेंगे। इसके अलावा भारत-प्रशांत द्वीपीय राज्यों के 12 राज्यों के नेताओं के साथ बैठक करेंगे। महात्मा गांधी जयंती से संबंधित एक कार्यक्रम में शिरकत और 'ग्लोबल गोलकीपर गोल अवार्ड' ग्रहण करेंगे। बुधवार को ब्लूमबर्ग ग्लोबल बिजनेस फोरम को संबोधित करेंगे। इसके अलावा अमेरिका की 40 कंपनी के सीईओ के साथ गोलमेज बैठक में हिस्सा लेंगे। 'हाउडी मोदी' कार्यक्रम जितना भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए महत्त्वपूर्ण है, उससे कहीं ज्यादा अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के लिए इसकी अहमियत है।

18 महीने से ज्यादा हिरासत में नहीं रहेंगे कश्मीरी नेता : सिंह

पेज 1 का बाकी

कहा, 'नेताओं को वीआइपी बंगलों में रखा गया है। हम उन्हें हॉलीवुड सिनेमा की सीडी दे रहे हैं। जिम की सुविधा भी दे रहे हैं। वे लोग नजरबंद नहीं किए गए हैं। वे लोग हाउस गेस्ट हैं।' प्रधानमंत्री कार्यालय में राज्य मंत्री सिंह ने इस बात पर जोर दिया कि जम्मू-कश्मीर के नेताओं को 18 महीने से ज्यादा वक्त के लिए हिरासत में नहीं रखा जाएगा।

संविधान के अनुच्छेद 370 के ज्यादातर प्रावधानों को पांच अगस्त को रद्द किए जाने और राज्य को दो केंद्र शासित प्रदेशों - लद्दाख और जम्मू-कश्मीर में बांटे जाने के बाद कई नेताओं, अलगाववादियों, कार्यकर्ताओं और वकीलों को हिरासत में लिया गया है। उस वक्त से हिरासत में लिए गए लोगों में पूर्व मुख्यमंत्री फारुक अब्दुल्ला, उमर अब्दुल्ला और महबूबा मुफ्ती शामिल हैं।

केंद्रीय मंत्री सिंह ने यह भी कहा कि पाकिस्तानी कब्जे वाला कश्मीर (पीओके) भारत का है और केंद्र सरकार जम्मू-कश्मीर की सीमा को बहाल करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा, 'संसद इस संबंध में 1999 में प्रस्ताव पारित कर चुकी है।'

कट्टरपंथी इस्लामी आतंकवाद से बचाने को प्रतिबद्ध : ट्रंप

पेज 1 का बाकी

आतंकवाद से एकजुट होकर लड़ेंगे। अमेरिका और भारत यह बात जानते हैं कि अपने लोगों को सुरक्षित रखने के लिए अपनी सीमाओं को सुरक्षित रखना बहुत जरूरी है। हम सुरक्षा के खतरे को देश में नहीं आने देंगे। अवैध प्रवास को रोकने की दिशा में भी काम किया जा रहा है।'

ट्रंप ने अपने भाषण के दौरान मोदी को जन्मदिन की बधाई दी। ट्रंप ने कहा, 'आज मुझे अपने विश्वसनीय दोस्त से मिलकर अच्छा लगा रहा है। उनके साथ यहां मौजूद होने का सौभाग्य मिला। कुछ महीने पहले दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र ने प्रधानमंत्री मोदी को चुना। मैं प्रधानमंत्री मोदी को जन्मदिन की शुभकामनाएं देता हूं। इस ऐतिहासिक कार्यक्रम में आकर खुश हूं।' ट्रंप ने कहा, 'प्रधानमंत्री मोदी और मैं भारत और अमेरिका को जोड़ने वाले संबंधों का जश्न मनाने आए हैं। भारत के लोगों को अमेरिका में होना सौभाग्य की बात है। मुझे आपसे प्यार है। मैंने कहा था कि वाइट हाउस में भारत एक विश्वसनीय दोस्त है। मैं यह बात भी कह सकता हूं कि आपको भी डोनाल्ड ट्रंप से अच्छा दोस्त नहीं मिलेगा। दोनों देशों के संविधान तीन महान शब्दों से शुरू होते हैं- वी द पीपल। मोदी के नेतृत्व में लोग उभरता हुआ भारत देख रहे हैं। मोदी के नेतृत्व में भारत ने 30 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकाला है।' अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा, अमेरिका हर दिन अर्थव्यवस्था में नया रेकॉर्ड बना रहा है। टेक्सस में बेरोजगारी सबसे निचले स्तर पर है। भारत और अमेरिका बड़ी मात्रा में एक-दूसरे के देशों में निवेश कर रहे हैं।

मोदी ने सिख समुदाय से कहा, चौंकाने वाली खुशखबरी देंगे

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 22 सितंबर।

अमेरिका से सिखों के 50 सदस्यों के एक प्रतिनिधिमंडल ने ह्यूस्टन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की और काली सूची से समुदाय के तीन सौ से अधिक लोगों के नाम हटाने के लिए उनका शुक्रिया अदा किया। सिख समुदाय ने अपनी मांगों का एक ज्ञापन प्रधानमंत्री को सौंपा, जिसमें 1984 के सिख दंगे, भारतीय संविधान के अनुच्छेद 25 और आनंद मैरिज एक्ट, वीजा, पासपोर्ट नवीकरण जैसे विषयों पर अपनी मांगें रखी। मोदी ने सिख प्रतिनिधिमंडल को कुछ देर संबोधित किया। उन्होंने कहा कि अगले कुछ दिनों में उनके पास उन्हें बताने के लिए चौंकाने वाली खुशखबरी होगी। लेकिन इसके लिए उन्हें कुछ समय इंतजार करना होगा।

पेट्रोनेट सालाना 50 लाख टन एलएनजी का आयात करेगी

पेज 1 का बाकी

भी ऐलान किया। इस समझौते को अमेरिका के एलएनजी क्षेत्र में किसी भारतीय कंपनी की तरफ से सबसे बड़ा सौदा बताया जा रहा है।

इस करार के तहत पेट्रोनेट और उसकी सहायक इकाइयां अमेरिका से 40 साल की लंबी अवधि तक 50 लाख टन एलएनजी का आयात करेगी। इस करार के तहत एलएनजी प्राप्त करने के लिए पीएलएल, लुइसियाना की 28 अरब डॉलर की इस बड़ी परियोजना में इक्विटी निवेश करेगी।

दोनों कंपनियों का इरादा इस करार को 31 मार्च, 2020 तक अंतिम रूप देने का है। विदेश मंत्रालय ने बयान में कहा कि पेट्रोनेट द्वारा टेल्यूरियन के प्रस्तावित ड्रिफ्टवुड एलएनजी एक्सपोर्ट टर्मिनल में 2.5 अरब डॉलर का निवेश किया जाएगा। इसके एवज में उसे 40 साल तक हर वर्ष 50 लाख टन एलएनजी का अधिकार मिलेगा।

पेट्रोनेट भारत की सबसे बड़ी एलएनजी आयातक है। इस करार से वह ड्रिफ्टवुड से स्वच्छ व कम लागत वाली बेहतर प्राकृतिक गैस की भारत में आपूर्ति कर सकेगी। बैठक के बाद मोदी ने ट्वीट किया, 'यह संभव नहीं है कि ह्यूस्टन आएं और ऊर्जा पर बातचीत नहीं हो। ऊर्जा क्षेत्र के शीर्ष सीईओ के साथ शानदार बातचीत हुई। हमने ऊर्जा क्षेत्र में अवसर उत्पन्न करने के तरीकों पर चर्चा की।'

चोरी के संदेह में महिला की पीट-पीटकर हत्या

पेज 1 का बाकी

अपने बेटे पंकज पाहवा के साथ मिलकर उनकी बहन की पिटाई कर रहे हैं। उन लोगों से किसी तरह बचाकर महेश जिंदल बहन को अपने घर ले आए। वहां शाम में मंजू ने सीने में तेज दर्द की शिकायत की। उन्होंने डाक्टर को बुलाया लेकिन रात करीब पौने आठ बजे उनकी बहन ने दम तोड़ दिया। उनकी मौत के बाद जिंदल ने पुलिस को इत्तिला की। पुलिस ने महरौली थाने में धारा 302/34 के तहत मामला दर्ज कर पहले 54 साल के सतीश पाहवा और 29 साल के उसके बेटे पंकज पाहवा को गिरफ्तार कर लिया। घर की जांच की गई तो पत्नी और नौकरानी गायब मिलीं। रविवार सुबह पत्नी और नौकरानी को भी हत्या के इस मामले में दबिश देते हुए गिरफ्तार कर लिया गया।

मंजू गोयल के दो बच्चे हैं और वे घटना के समय हरियाणा में थे। मंजू के भाई महेश जिंदल ने बताया कि उनकी बहन सतीश पाहवा के यहां किराए पर रहती थी। शनिवार सुबह चोरी का इल्जाम लगाकर उसकी जमकर पिटाई की गई जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस उपायुक्त का कहना है कि इलाके के लोगों से पूछताछ कर और आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगालकर मामले की गुत्थी सुलझाने की कोशिश की जा रही है।

स्थानीय लोगों का कहना था कि दिल्ली का मशहूर जिंदल कैटरिंग का कारोबार मंजू के भाइयों का ही है। लेकिन भाइयों के कहने के बावजूद वे उनसे कोई मदद नहीं लेती थीं। अपने भाइयों का फ्लैट होने के बावजूद आत्मसम्मान के लिए वे किराए के घर में अकेली रहती थीं। वे दूसरे के घरों में खाना बनाकर अपना पेट पालती थीं और कुछ पैसे अपने बच्चों को हरियाणा भी भेजती थीं। मंजू के बच्चे रेवाड़ी में अपने पैतृक घर में रहते हैं। मंजू की माली हालत ठीक नहीं होने के कारण उनके भाई ने कई बार मदद करने की कोशिश की लेकिन उन्होंने किसी की मदद नहीं ली।

जमशेदपुर से पकड़ा गया अलकायदा का आतंकी

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 22 सितंबर।

झारखंड के जमशेदपुर से अलकायदा के एक भारतीय आतंकी कलीमुद्दीन मुजाहिरी को गिरफ्तार किया गया है। उसे आतंक रोधी दस्ते ने पकड़ा। अधिकारियों के मुताबिक, कई आतंकी गतिविधियों में संलिप्तता को लेकर उसकी तलाश चल रही थी। वह तीन साल से फरार चल रहा था। वह एक मदरसे में रह रहा था और जिहाद के नाम पर युवाओं को बरगला कर पाकिस्तान भेजता था। एटीएस में अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (ऑपरेशनल) एमएल मीणा के मुताबिक, कलीमुद्दीन अलकायदा का वांछित आतंकवादी है। उसे टाटानगर रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार किया गया है।

तो कश्मीर में घरों की छतें सोने की होतीं

पेज 1 का बाकी

मुख्यमंत्री बनेंगे। कश्मीर की पूर्ववर्ती सरकारों को आड़े हाथों लेते हुए शाह ने कहा कि अगर केंद्र सरकार द्वारा जम्मू कश्मीर भेजे गए सारे धन का वहां की सरकारों ने इस्तेमाल किया होता तो वहां के घरों की छतें सोने की हो गई होतीं।

शाह ने कश्मीर का भारत में 'एकीकरण नहीं करने' को लेकर नेहरू पर हमला करते हुए कहा कि इस मुद्दे को, देश के पहले गृहमंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल को अपने हाथों में लेना चाहिए था। उन्होंने कहा, 'पाकिस्तान के कब्जे वाला कश्मीर अस्तित्व में ही नहीं आता अगर नेहरू ने बेवक्त पाकिस्तान के साथ संघर्ष विराम की घोषणा नहीं की होती। नेहरू के बदले सरदार पटेल को यह मुद्दा अपने हाथ में लेना चाहिए था।'

शाह ने कहा, 'अनुच्छेद 370 समाप्त करने के बाद कश्मीर में एक भी गोली नहीं चलाई गई है।' उन्होंने कहा कि कश्मीर में कोई अशांति नहीं है और आने वाले दिनों में 'आतंकवाद समाप्त हो जाएगा।' बिना किसी का नाम लिए हुए शाह ने कहा कि कश्मीर में जिन तीन वंशों ने शासन किया उन्होंने वहां भ्रष्टाचार विरोधी ब्यूरो भी स्थापित नहीं करने दिया।

उन्होंने कहा, 'कश्मीर में जो लोग भ्रष्टाचार में लिप्त हैं। उन्हें ठंड में भी पसीने छूट रहे हैं।' उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी और राकांपा सुप्रीमो शरद पवार को यह बताना चाहिए कि वह अनुच्छेद 370 की समाप्ति के पक्ष में हैं या इसका विरोध करते हैं।

कश्मीर की पूर्ववर्ती सरकारों को आड़े हाथों लेते हुए शाह ने कहा कि अगर केंद्र सरकार द्वारा जम्मू कश्मीर भेजे गए सारे धन का वहां की सरकारों ने इस्तेमाल किया होता तो वहां के घरों की छतें सोने की हो गई होतीं।'

शाह ने कहा कि जम्मू कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाला अनुच्छेद 370 वहां की सरकारों को भ्रष्टाचार रोधी ब्यूरो (एसीबी) की स्थापना नहीं करने की इजाजत देता था, जिससे विकास कार्यों के लिए केंद्र द्वारा भेजे गए धन की 'लूट' आसान हो गई।

शाह ने दावा किया, 'जम्मू कश्मीर में दो लाख 27 हजार करोड़ रुपया भारत (सरकार) का गया, अगर भ्रष्टाचार नहीं हुआ होता तो हर कश्मीरी के घर पर सोने के पत्तरे लग गए होते।'

महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों को लेकर शाह ने कहा, राजग को तीन चौथाई बहुमत मिलेगा। भाजपा अध्यक्ष ने शिवसेना का जिक्र किए बगैर कहा, 'महाराष्ट्र और हरियाणा में चुनाव की घोषणा हो गई है। मुझे यकीन है कि भाजपा को बहुमत मिलेगा। महाराष्ट्र में राजग (भाजपा, शिवसेना और छोटे सहयोगी दलों) को (288 सदस्यीय विधानसभा में) तीन चौथाई बहुमत मिलेगा।' शाह ने यह भी कहा कि मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस चुनाव बाद भी इस पद पर बने रहेंगे। शाह के इस बयान को शिवसेना की अनदेखी करने के तौर पर देखा जा रहा है, जो मुख्यमंत्री पद के लिए पार्टी प्रमुख उद्धव ठाकरे के बेटे आदित्य ठाकरे को अपने उम्मीदवार के तौर पर पेश कर रही है

कश्मीरी पंडितों से नया कश्मीर बनाने का वादा

पेज 1 का बाकी

गए कदम का समर्थन किया है। उन्होंने ट्वीट किया, 'ह्यूस्टन में कश्मीरी पंडित समुदाय के एक प्रतिनिधिमंडल ने प्रधानमंत्री से मुलाकात की। उन्होंने स्पष्ट रूप से भारतीय लोगों की प्रगति और उनके सशक्तिकरण के लिए उठाए जा रहे कदमों का समर्थन किया।' प्रतिनिधिमंडल ने मोदी को एक मसविदा ज्ञापन भी दिया और उनसे आग्रह किया कि इस समुदाय को साथ लाने, क्षेत्र के विकास और कश्मीरी पंडितों की वापसी के लिए गृह मंत्रालय के तहत एक कार्यबल की स्थापना की जाए। इस प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करने वाले सुरिंदर कौल ने कहा, 'प्रधानमंत्री ने हमसे कहा कि हम लोगों ने काफी कुछ झेला है और अब हम साथ मिलकर एक नए कश्मीर का निर्माण करेंगे।'

epaper.jansatta.com

पंजाब नैशनल बैंक
.....भरोसे का प्रतीक
(A GOVERNMENT OF INDIA UNDERTAKING)

punjab national bank
...the name you can BANK upon!

रिकवरी विभाग, सर्किल कार्यालयः उत्तर दिल्ली, 3रा तल, राजेन्द्र भवन, राजेन्द्र प्लेस, नई दिल्ली-110025 फोनः 011-25744163
ई-मेलः condelrd@pnb.co.in

आम जनता के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना

जैसा कि वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्त्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के अंतर्गत प्राधिकृत अधिकारी ने प्रत्येक ऋणधारक के समक्ष नीचे वर्णित विवरणों के अनुसार ऋणधारकों/गारन्टरों/मार्टगेजरी (यहां के बाद ऋणधारक के रूप में वर्णित) से बकाया राशि की वसूली के लिए मांग सूचना जारी किया था। पुनः वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्त्तन अधिनियम, 2002 में निहित शक्तियों का प्रयोग करते हुए संबंधित प्राधिकृत अधिकारियों ने नीचे सूचीबद्ध ऋणधारकों को स्वीकृत ऋण/साख सुविधाओं के संदर्भ में प्रतिभूतियों के रूप में धारित नीचे वर्णित प्रतिभूत परिसंपत्तियों को कब्जा कर लिया है। जैसा कि मांग सूचना के अनुसार ऋणधारकों से पंजाब नेशनल बैंक के प्रतिभूत बकाए ऋण तथा वसूली, यदि बाद में कोई की गई हो, को घटाकर उस पर बैंक द्वारा वहन की गई लागतों एवं चार्जेज के साथ आगे के ब्याज की वसूली के लिए यह बिक्री सार्वजनिक ई-नीलामी द्वारा की जाएगी। आम जनता को व्यक्तिगत रूप से या विधिवत अधिकृत एजेन्ट के माध्यम से बोली करने के लिए आमंत्रित किया जाता है। पात्र संपत्ति के लिए बैंक बोली करने के लिए स्वतंत्र होगा।

प्रतिभूति परिसंपत्तियों की बिक्री की अनुसूची

क्रम सं.	ऋणधारक का नाम एवं बैंक शाखा	मांग सूचना की तिथि एवं उसमें वर्णित राशि बकाया	मॉर्टगेजर (संपत्ति के स्वामी) के नाम के साथ सम्पत्ति का विवरण	कब्जा की स्थिति (भौतिक या सांकेतिक)	आरक्षित मूल्य	धरोहर राशि भुगतान (ईएमडी) राशि	ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि	खाता का विवरण जिसमें आरटीजीएस/एनईएफटी एवं आईएफएससी कोड के माध्यम से ईएमडी जमा की जाएगी	संपत्ति के निरीक्षण की तिथि एवं समय	नीलामी की तिथि एवं समय	बोली वृद्धि राशि (रुपए में)	प्राधिकृत अधिकारी/नोडल अधिकारी का नाम एवं संपर्क सं.	सरकारी बकाया देयता, यदि कोई हो
1.	मै. डीडी एन्टरप्राईजेज बीओः एआरएमबी मयूर विहार फेज-II, दिल्ली-110091	30.9.2014 रु. 196.03 लाख	सलविन्दर सिंह के स्वामित्व में बिक्री प्रलेख तिथि 8147 तिथि 15.12.2005 के माध्यम से 250 वर्ग यार्ड्स के प्लॉट पर छोटी बरदारी , गरहा रोड जालन्धर रकबा में फ्रीहोल आवासीय प्लॉट नं. 169	सांकेतिक	रु. 73 लाख	रु. 7.30 लाख	15.10.2019	पंजाब नेशनल बैंक, खाता नं. 4408002100515419, खाता का नाम ''पीएनबी एआरएमबी सरफैसी रिकवरी खाता'' आईएफ एससी कोडः PUNB0440800	14.10.2019 को 2.30 अप. से 4.30 अप. तक	18.10.2019 को 11.30 पूर्वा. से 12.30 अप.	रु. 25000	प्राधिकृत अधिकारीः श्री शिवानंदा भंजा, एम नं. 7044070801, बीओः एमआर एम बी, मयूर विहार, दिल्ली नोडल अधिकारी श्री आर. के. बंसल (एम. नं. 8289026427, उप सर्किल प्रमुख, पीएनबी सर्किल कार्यालय, उत्तर दिल्ली, 3 रा तल, राजेन्द्र भवन, राजेन्द्र प्लेस, नई दिल्ली।	ज्ञात नहीं
2.	मै. डीडी एन्टरप्राईजेज बीओः एआरएमबी मयूर विहार फेज-II, दिल्ली-110091	30.9.2014 रु. 196.03 लाख	सुखविन्दर सिंह के स्वामित्व में फ्रीहोल्ड शॉप नम्बर एसएफ 9 ए, 2रा तल, कॉलेज मॉल, परागपुर जीटी रोड, जालंधर, पंजाब-144024, माप लगभग 896.30 वर्ग फीट	सांकेतिक	रु. 36.00 लाख	रु. 3.60 लाख	15.10.2019	पंजाब नेशनल बैंक, खाता नं. 4408002100515419, खाता का नाम ''पीएनबी एआरएमबी सरफैसी रिकवरी खाता'' आईएफ एससी कोडः PUNB0440800	14.10.2019 को 2.30 अप. से 4.30 अप. तक	18.10.2019 को 11.30 पूर्वा. से 12.30 अप.	रु. 25000	प्राधिकृत अधिकारीः श्री शिवानंदा भंजा, एम नं. 7044070801, बीओः एमआर एम बी, मयूर विहार, दिल्ली नोडल अधिकारी श्री आर. के. बंसल (एम. नं. 8289026427, उप सर्किल प्रमुख, पीएनबी सर्किल कार्यालय, उत्तर दिल्ली, 3 रा तल, राजेन्द्र भवन, राजेन्द्र प्लेस, नई दिल्ली।	ज्ञात नहीं
3.	मै. इस्पात एलॉयज (पी) लिमिटेड बीओः एआरएमबी मयूर विहार फेज-II, दिल्ली	18.11.2014 रु. 2958.18 लाख	मै. इस्पात उद्योग के नाम में मारबारहराना तहसील सितारगंज, ऊधम सिंह नगर-262405, उत्तराखंड की ग्रामीण सीमा के भीतर, एल्डेको सिडकुल इंडस्ट्रियल पार्क, सितारगंज, खसरा नं. 38 में क्षेत्रफल 1023.57 वर्ग मीटर में स्थित लीज होल्ड औद्योगिक प्लॉट नं. सी-95, फेज-III	भौतिक	रु. 24.30 लाख	रु. 2.43 लाख	15.10.2019	पंजाब नेशनल बैंक, खाता नं. 4408002100515419, खाता का नाम ''पीएनबी एआरएमबी सरफैसी रिकवरी खाता'' आईएफ एससी कोडः PUNB0440800	14.10.2019 को 2.30 अप. से 4.30 अप. तक	18.10.2019 को 11.30 पूर्वा. से 12.30 अप.	रु. 25000	प्राधिकृत अधिकारीः श्री शिवानंदा भंजा, एम नं. 7044070801, बीओः एमआर एम बी, मयूर विहार, दिल्ली नोडल अधिकारी श्री आर. के. बंसल (एम. नं. 8289026427, उप सर्किल प्रमुख, पीएनबी सर्किल कार्यालय, उत्तर दिल्ली, 3 रा तल, राजेन्द्र भवन, राजेन्द्र प्लेस, नई दिल्ली।	ज्ञात नहीं
4.	मै. इस्पात एलॉयज (पी) लिमिटेड बीओः एआरएमबी मयूर विहार फेज-II, दिल्ली	18.11.2014 रु. 2958.18 लाख	मै. इस्पात उद्योग के नाम में मारबारहराना तहसील सितारगंज, ऊधम सिंह नगर-262405, उत्तराखंड की ग्रामीण सीमा के भीतर, एल्डेको सिडकुल इंडस्ट्रियल पार्क, सितारगंज, खसरा नं. 38 में क्षेत्रफल 1023.57 वर्ग मीटर में स्थित लीज होल्ड औद्योगिक प्लॉट नं. सी-96, फेज-III	भौतिक	रु. 24.30 लाख	रु. 2.43 लाख	15.10.2019	पंजाब नेशनल बैंक, खाता नं. 4408002100515419, खाता का नाम ''पीएनबी एआरएमबी सरफैसी रिकवरी खाता'' आईएफ एससी कोडः PUNB0440800	14.10.2019 को 2.30 अप. से 4.30 अप. तक	18.10.2019 को 11.30 पूर्वा. से 12.30 अप.	रु. 25000	प्राधिकृत अधिकारीः श्री शिवानंदा भंजा, एम नं. 7044070801, बीओः एमआर एम बी, मयूर विहार, दिल्ली नोडल अधिकारी श्री आर. के. बंसल (एम. नं. 8289026427, उप सर्किल प्रमुख, पीएनबी सर्किल कार्यालय, उत्तर दिल्ली, 3 रा तल, राजेन्द्र भवन, राजेन्द्र प्लेस, नई दिल्ली।	ज्ञात नहीं
5.	मै. इस्पात एलॉयज (पी) लिमिटेड बीओः एआरएमबी मयूर विहार फेज-II, दिल्ली	18.11.2014 रु. 2958.18 लाख	श्री प्रशांत कुमार शर्मा के नाम में ग्राम बुरानगर, तहसील गदरपुर, जिला ऊधम सिंह नगर-263152, उत्तराखंण्ड राज्य में खाता नं. सी-98, खसरा नं. 291, मिन, रकबा 0.120 हेक्टेयर में स्थित भूमि	भौतिक	रु. 54.00 लाख	रु. 5.40 लाख	15.10.2019	पंजाब नेशनल बैंक, खाता नं. 4408002100515419, खाता का नाम ''पीएनबी एआरएमबी सरफैसी रिकवरी खाता'' आईएफ एससी कोडः PUNB0440800	14.10.2019 को 2.30 अप. से 4.30 अप. तक	18.10.2019 को 11.30 पूर्वा. से 12.30 अप.	रु. 25000	प्राधिकृत अधिकारीः श्री शिवानंदा भंजा, एम नं. 7044070801, बीओः एमआर एम बी, मयूर विहार, दिल्ली नोडल अधिकारी श्री आर. के. बंसल (एम. नं. 8289026427, उप सर्किल प्रमुख, पीएनबी सर्किल कार्यालय, उत्तर दिल्ली, 3 रा तल, राजेन्द्र भवन, राजेन्द्र प्लेस, नई दिल्ली।	ज्ञात नहीं
6.	मै. इस्पात एलॉयज (पी) लिमिटेड बीओः एआरएमबी मयूर विहार फेज-II, दिल्ली	18.11.2014 रु. 2958.18 लाख	मै. इस्पात एलॉयज इंडिया प्राईवेट लिमिटेड के नाम में ग्राम अम्बकटा, पीओ डनरा, पीएस बरकोर्ट, जिला देवगढ़, उड़ीसा में प्लान्ट एवं मशीनरी के साथ फ्रीहोल्ड फैक्ट्री भूमि एवं भवन (माप 18.16 एकड़)	भौतिक	रु. 525.00 लाख	रु. 52.50 लाख	15.10.2019	पंजाब नेशनल बैंक, खाता नं. 4408002100515419, खाता का नाम ''पीएनबी एआरएमबी सरफैसी रिकवरी खाता'' आईएफ एससी कोडः PUNB0440800	14.10.2019 को 2.30 अप. से 4.30 अप. तक	18.10.2019 को 11.30 पूर्वा. से 12.30 अप.	रु. 25000	प्राधिकृत अधिकारीः श्री शिवानंदा भंजा, एम नं. 7044070801, बीओः एमआर एम बी, मयूर विहार, दिल्ली नोडल अधिकारी श्री आर. के. बंसल (एम. नं. 8289026427, उप सर्किल प्रमुख, पीएनबी सर्किल कार्यालय, उत्तर दिल्ली, 3 रा तल, राजेन्द्र भवन, राजेन्द्र प्लेस, नई दिल्ली।	ज्ञात नहीं
7.	मै. इस्पात एलॉयज (पी) लिमिटेड बीओः एआरएमबी मयूर विहार फेज-II, दिल्ली	18.11.2014 रु. 2958.18 लाख	श्री राजीव गुप्ता, पुत्र श्री रामेश्वर प्रसाद गुप्ता के नाम में फ्रीहोल्ड आवासीय आईपी, फ्लैट बी 102, जनसत्ता अपार्टमेन्ट्स, सेक्टर-9, वसुन्धरा, गाजियाबाद, उ.प्र.-201012, माप 148.64 वर्ग मीटर	सांकेतिक	रु. 80.00 लाख	रु. 8.00 लाख	15.10.2019	पंजाब नेशनल बैंक, खाता नं. 4408002100515419, खाता का नाम ''पीएनबी एआरएमबी सरफैसी रिकवरी खाता'' आईएफ एससी कोडः PUNB0440800	14.10.2019 को 2.30 अप. से 4.30 अप. तक	18.10.2019 को 11.30 पूर्वा. से 12.30 अप.	रु. 25000	प्राधिकृत अधिकारीः श्री शिवानंदा भंजा, एम नं. 7044070801, बीओः एमआर एम बी, मयूर विहार, दिल्ली नोडल अधिकारी श्री आर. के. बंसल (एम. नं. 8289026427, उप सर्किल प्रमुख, पीएनबी सर्किल कार्यालय, उत्तर दिल्ली, 3 रा तल, राजेन्द्र भवन, राजेन्द्र प्लेस, नई दिल्ली।	ज्ञात नहीं
8.	मै. इस्पात एलॉयज (पी) लिमिटेड बीओः एआरएमबी मयूर विहार फेज-II, दिल्ली	18.11.2014 रु. 2958.18 लाख	मै. इस्पात एलॉयज (पी) लि. के नाम में ग्राम चन्द्रावल में माप 102.84 मीटर में स्थित खसरा नं. 128 मिन में प्लॉट नम्बर 29 पर निर्मित 1/1873ए में सम्पूर्ण ऊपरी भूतल, मानसरोवर पार्क, शाहदरा, दिल्ली-110032 में फ्रीहोल्ड आवासीय फ्लैट।	सांकेतिक	रु. 48.00 लाख	रु. 4.80 लाख	15.10.2019	पंजाब नेशनल बैंक, खाता नं. 4408002100515419, खाता का नाम ''पीएनबी एआरएमबी सरफैसी रिकवरी खाता'' आईएफ एससी कोडः PUNB0440800	14.10.2019 को 2.30 अप. से 4.30 अप. तक	18.10.2019 को 11.30 पूर्वा. से 12.30 अप.	रु. 25000	प्राधिकृत अधिकारीः श्री शिवानंदा भंजा, एम नं. 7044070801, बीओः एमआर एम बी, मयूर विहार, दिल्ली नोडल अधिकारी श्री आर. के. बंसल (एम. नं. 8289026427, उप सर्किल प्रमुख, पीएनबी सर्किल कार्यालय, उत्तर दिल्ली, 3 रा तल, राजेन्द्र भवन, राजेन्द्र प्लेस, नई दिल्ली।	ज्ञात नहीं
9.	मै. इस्पात एलॉयज (पी) लिमिटेड बीओः एआरएमबी मयूर विहार फेज-II, दिल्ली	18.11.2014 रु. 2958.18 लाख	श्री राजीव गुप्ता के नाम में ग्राम चन्द्रावल में माप 102.84 मीटर में स्थित खसरा नं. 128 मिन में प्लॉट नं. 29 पर निर्मित 1/1873ए में सम्पूर्ण 2रे तल, मानसरोवर पार्क, शाहदरा, दिल्ली-110032 में फ्रीहोल्ड आवासीय फ्लैट	सांकेतिक	रु. 45.00 लाख	रु. 4.50 लाख	15.10.2019	पंजाब नेशनल बैंक, खाता नं. 4408002100515419, खाता का नाम ''पीएनबी एआरएमबी सरफैसी रिकवरी खाता'' आईएफ एससी कोडः PUNB0440800	14.10.2019 को 2.30 अप. से 4.30 अप. तक	18.10.2019 को 11.30 पूर्वा. से 12.30 अप.	रु. 25000	प्राधिकृत अधिकारीः श्री शिवानंदा भंजा, एम नं. 7044070801, बीओः एमआर एम बी, मयूर विहार, दिल्ली नोडल अधिकारी श्री आर. के. बंसल (एम. नं. 8289026427, उप सर्किल प्रमुख, पीएनबी सर्किल कार्यालय, उत्तर दिल्ली, 3 रा तल, राजेन्द्र भवन, राजेन्द्र प्लेस, नई दिल्ली।	ज्ञात नहीं
10.	ग्लोबल हार्डवेयर लिमिटेड बी.ओ.: एआरएमबी मयूर विहार फेज-II, दिल्ली	31.10.2017 रु. 985.86 लाख	रामनिवास बसिया के नाम में ब्लॉक एसयू, पीतमपुरा आवासीय योजना, दिल्ली, माप 300 वर्ग मी. में स्थित फ्रीहोल्ड सम्पत्ति आईपी, सम्पूर्ण प्रथम तल (सम्पत्ति के छत एवं टैरेस के अधिकार के बिना) प्लॉट नं. 217 का सभी भाग एवं हिस्सा	सांकेतिक	रु. 340.00 लाख	रु. 34.00 लाख	15.10.2019	पंजाब नेशनल बैंक, खाता नं. 4408002100515419, खाता का नाम ''पीएनबी एआरएमबी सरफैसी रिकवरी खाता'' आईएफ एससी कोडः PUNB0440800	14.10.2019 को 2.30 अप. से 4.30 अप. तक	18.10.2019 को 11.30 पूर्वा. से 12.30 अप.	रु. 25000	प्राधिकृत अधिकारीः श्री शिवानंदा भंजा, एम नं. 7044070801, बीओः एमआर एम बी, मयूर विहार, दिल्ली नोडल अधिकारी श्री आर. के. बंसल (एम. नं. 8289026427, उप सर्किल प्रमुख, पीएनबी सर्किल कार्यालय, उत्तर दिल्ली, 3 रा तल, राजेन्द्र भवन, राजेन्द्र प्लेस, नई दिल्ली।	ज्ञात नहीं
11.	मै. जय साई ट्रेडिंग कम्पनी बीओः एआरएमबी, मयूर विहार फेज-II, दिल्ली-110091	25.7.2017 रु. 323.64 लाख	श्रीमती विमला गोयल के नाम में फ्री होल्ड आईपी-शॉप नं. 9, सीएससी-12, ब्लॉक-डी, डीडीए मार्केट, सेक्टर-16, रोहिणी, दिल्ली-110089, माप 247.57 वर्ग फीट	सांकेतिक	रु. 28.47 लाख	रु. 2.85 लाख	15.10.2019	पंजाब नेशनल बैंक, खाता नं. 4408002100515419, खाता का नाम ''पीएनबी एआरएमबी सरफैसी रिकवरी खाता'' आईएफ एससी कोडः PUNB0440800	14.10.2019 को 2.30 अप. से 4.30 अप. तक	18.10.2019 को 11.30 पूर्वा. से 12.30 अप.	रु. 25000	प्राधिकृत अधिकारीः श्री शिवानंदा भंजा, एम नं. 7044070801, बीओः एमआर एम बी, मयूर विहार, दिल्ली नोडल अधिकारी श्री आर. के. बंसल (एम. नं. 8289026427, उप सर्किल प्रमुख, पीएनबी सर्किल कार्यालय, उत्तर दिल्ली, 3 रा तल, राजेन्द्र भवन, राजेन्द्र प्लेस, नई दिल्ली।	ज्ञात नहीं
12.	मै. ओमश्री प्रमोटर्स बीओः एआरएमबी, मयूर विहार फेज-II, दिल्ली-110094	12.7.2017 रु. 263.72 लाख	मै. ओम श्री प्रमोटर्स प्रा. लि. के नाम में प्रकाश इंडस्ट्रियल इस्टेट, ग्राम-करकार मोदन, साहिबाबाद, परगणा, लोनी, जिला गाजियाबाद, उ.प्र.-201005 में फ्री होल्ड शॉप नं. 1, इंडस्ट्रियल प्लॉट नं. 10, खसरा नं. 88 का भाग, एरिया 18.394 वर्ग मी.	भौतिक	रु. 30.00 लाख	रु. 3.00 लाख	15.10.2019	पंजाब नेशनल बैंक, खाता नं. 4408002100515419, खाता का नाम ''पीएनबी एआरएमबी सरफैसी रिकवरी खाता'' आईएफ एससी कोडः PUNB0440800	14.10.2019 को 2.30 अप. से 4.30 अप. तक	18.10.2019 को 11.30 पूर्वा. से 12.30 अप.	रु. 25000	प्राधिकृत अधिकारीः श्री शिवानंदा भंजा, एम नं. 7044070801, बीओः एमआर एम बी, मयूर विहार, दिल्ली नोडल अधिकारी श्री आर. के. बंसल (एम. नं. 8289026427, उप सर्किल प्रमुख, पीएनबी सर्किल कार्यालय, उत्तर दिल्ली, 3 रा तल, राजेन्द्र भवन, राजेन्द्र प्लेस, नई दिल्ली।	ज्ञात नहीं
13.	मै. ओमश्री प्रमोटर्स बीओः एआरएमबी, मयूर विहार फेज-II, दिल्ली-110094	12.7.2017 रु. 263.72 लाख	मै. ओम श्री प्रमोटर्स प्रा. लि. के नाम में प्रकाश इंडस्ट्रियल इस्टेट, ग्राम-करकार मोदन, साहिबाबाद, परगणा, लोनी, जिला गाजियाबाद, उ.प्र.-201005 में फ्री होल्ड शॉप नं. 2 से 14, प्रथम तल पर, कुल एरिया 2509.50 वर्ग फीड इंडस्ट्रियल प्लॉट	भौतिक	रु. 190.00 लाख	रु. 19.00 लाख	15.10.2019	पंजाब नेशनल बैंक, खाता नं. 4408002100515419, खाता का नाम ''पीएनबी एआरएमबी सरफैसी रिकवरी खाता'' आईएफ एससी कोडः PUNB0440800	14.10.2019 को 2.30 अप. से 4.30 अप. तक	18.10.2019 को 11.30 पूर्वा. से 12.30 अप.	रु. 25000	प्राधिकृत अधिकारीः श्री शिवानंदा भंजा, एम नं. 7044070801, बीओः एमआर एम बी, मयूर विहार, दिल्ली नोडल अधिकारी श्री आर. के. बंसल (एम. नं. 8289026427, उप सर्किल प्रमुख, पीएनबी सर्किल कार्यालय, उत्तर दिल्ली, 3 रा तल, राजेन्द्र भवन, राजेन्द्र प्लेस, नई दिल्ली।	ज्ञात नहीं
14.	मै. पूजा ट्रेडिंग बीओः एआरएमबी, मयूर विहार फेज-II, दिल्ली-110092	24.4.2018 रु. 100.18 लाख	श्रीमती सुनीता देवी, पत्नी श्री कैवर भान के नाम में फ्रीहोल्ड खेवट नं. 992, किते-2, रकबा-6 कनाल 8 मरला (शेयर 3/128) एरिया 0-3 मरला, आदर्श नगर, समलखा, पानीपत-132103, माप 89 वर्ग यार्ड्स।	सांकेतिक	रु. 114.25 लाख	रु. 11.43 लाख	15.10.2019	पंजाब नेशनल बैंक, खाता नं. 4408002100515419, खाता का नाम ''पीएनबी एआरएमबी सरफैसी रिकवरी खाता'' आईएफ एससी कोडः PUNB0440800	14.10.2019 को 2.30 अप. से 4.30 अप. तक	18.10.2019 को 11.30 पूर्वा. से 12.30 अप.	रु. 25000	प्राधिकृत अधिकारीः श्री शिवानंदा भंजा, एम नं. 7044070801, बीओः एमआर एम बी, मयूर विहार, दिल्ली नोडल अधिकारी श्री आर. के. बंसल (एम. नं. 8289026427, उप सर्किल प्रमुख, पीएनबी सर्किल कार्यालय, उत्तर दिल्ली, 3 रा तल, राजेन्द्र भवन, राजेन्द्र प्लेस, नई दिल्ली।	ज्ञात नहीं
15.	मै. एशियन थाई फूड्स एंड इन्वेस्टमेन्ट्स (पी) लिमिटेड बी.ओ.: एआरएमबी, मयूर विहार फेज-II, दिल्ली-110092	16.7.2016 रु. 848.22 लाख	मै. एशियन थाई फूड्स एंड इन्वेस्टमेन्ट्स प्राईवेट लिमिटेड (पूर्व में अभिशेक विनियोग प्राईवेट लिमिटेड के नाम में विदित) के नाम में प्लॉट नं. 1-4, सेक्टर-3, आईआईई पंत नगर (ग्राम कल्याणपुर) किच्छा रुद्रपुर ऊधम सिंह नगर उत्तराखंड-263153 में स्थित लीजहोल्ड सम्पत्ति (भूमि एवं भवन), माप 14145 वर्ग मीटर	भौतिक	रु. 560 लाख	रु. 56.00 लाख	15.10.2019	पंजाब नेशनल बैंक, खाता नं. 4408002100515419, खाता का नाम ''पीएनबी एआरएमबी सरफैसी रिकवरी खाता'' आईएफएससी कोडः PUNB0440800	14.10.2019 को 2.30 अप. से 4.30 अप. तक	18.10.2019 को 11.30 पूर्वा. से 12.30 अप.	रु. 25000	प्राधिकृत अधिकारीः श्री शिवानंदा भंजा, एम नं. 7044070801, बीओः एमआर एम बी, मयूर विहार, दिल्ली नोडल अधिकारी श्री आर. के. बंसल (एम. नं. 8289026427, उप सर्किल प्रमुख, पीएनबी सर्किल कार्यालय, उत्तर दिल्ली, 3रा तल, राजेन्द्र भवन, राजेन्द्र प्लेस, नई दिल्ली।	ज्ञात नहीं
16.	मै. एलाएन्स एक्स्पोट्रेड प्रा.लि., बी.ओ.: सदर बाजार, दिल्ली	4.10.2018 रु. 416.68 लाख	श्री विपिन कुमार गुप्ता के स्वामित्व में सम्पत्ति सं. 261-ए, म्यूनिसिपल नं. डब्ल्यूजेड-20ए (डब्ल्यूजेड-20-ए/261 ए), शिवाजी विहार, गुरुद्वारा के निकट, जनता कॉलोनी, टैगोर गार्डन एक्स्टें., नई दिल्ली-110027, माप 83.61 वर्ग मी.	भौतिक	रु. 110 लाख	रु. 11.00 लाख	15.10.2019	पंजाब नेशनल बैंक, खाता नं. 0124003171160, खाता नामः पीएनबी सरफैसी रिकवरी खाता, आईएफएससी कोडः PUNB0012400	14.10.2019 को 2.30 अप. से 4.30 अप.	18.10.2019 को 11.30 पूर्वा. से 12.30 अप.	रु. 25000	प्राधिकृत अधिकारीः श्री आंचल कुमार जैन, एम.नं. 9958955675, बीओः सब्जी मंडी, दिल्ली, नोडल अधिकारी, श्री आर.के. बंसल (एम.नं. 8289026427, उप सर्किल प्रमुख, पीएनबी सर्किल कार्यालय, उत्तर दिल्ली, 3रा तल, राजेन्द्र भवन, राजेन्द्र प्लेस, नई दिल्ली, बीएम सदर बाजार, सुश्री मिनाली चौधरी 8295941406	ज्ञात नहीं
17.	मै. एलाएन्स एक्स्पोट्रेड प्रा.लि., बी.ओ.: सदर बाजार, दिल्ली	4.10.2018 रु. 416.68 लाख	श्री विपिन कुमार गुप्ता के स्वामित्व में सम्पत्ति सं. 317-318, नया नं. डब्ल्यूजेड-100-डी/1, खसरा नं. 14/1, गली नं. 19, ग्राम- केशोपुर, संत गढ़, मेजर भूपिन्दर सिंह नागर, नई दिल्ली- 110018, माप 60 वर्ग मी.	भौतिक	रु. 37.50 लाख	रु. 3.75 लाख	15.10.2019	पंजाब नेशनल बैंक, खाता नं. 0124003171160, खाता नामः पीएनबी सरफैसी रिकवरी खाता, आईएफएससी कोडः PUNB0012400	14.10.2019 को 2.30 अप. से 4.30 अप.	18.10.2019 को 11.30 पूर्वा. से 12.30 अप.	रु. 25000	प्राधिकृत अधिकारीः श्री आंचल कुमार जैन, एम.नं. 9958955675, बीओः सब्जी मंडी, दिल्ली, नोडल अधिकारी, श्री आर.के. बंसल (एम.नं. 8289026427, उप सर्किल प्रमुख, पीएनबी सर्किल कार्यालय, उत्तर दिल्ली, 3रा तल, राजेन्द्र भवन, राजेन्द्र प्लेस, नई दिल्ली, बीएम सदर बाजार, सुश्री मिनाली चौधरी 8295941406	ज्ञात नहीं
18.	गंगा राम एंड संस बी.ओ.: एमएसएमई नरेला, दिल्ली-110040	5.7.2018 रु. 90.00 लाख	श्री प्रदीप खत्री, पुत्र धरमवीर सिंह के नाम में खेवत नं. 201, खाता नं. 238 एवं खसरा नं. 1981/2/2 (1-9), ग्राम जटोला, तहसील खरखोडा, जिला सोनीपत, हरियाणा-131402, फ्रीहोल्ड, माप 1436.34 वर्ग यार्ड्स	सांकेतिक	रु. 145.00 लाख	रु. 14.50 लाख	15.10.2019	पंजाब नेशनल बैंक, खाता नं. 4914003171160, खाता नामः पीएनबी एमएसएमई, नरेला, दिल्ली, आईएफएससी कोडः PUNB0491400	14.10.2019 को 2.30 अप. से 4.30 अप.	18.10.2019 को 11.30 पूर्वा. से 12.30 अप.	रु. 25000	प्राधिकृत अधिकारीः नवनीत कुमार, मो.: 8820807265, बीओः लारेन्स रोड, श्री साकेत पलोड, एम.नं. 9654897254, बीओः एमएसएमई नरेला, दिल्ली, नोडल अधिकारी, श्री आर.के. बंसल (एम.नं. 8289026427, उप सर्किल प्रमुख, पीएनबी सर्किल कार्यालय, उत्तर दिल्ली, 3रा तल, राजेन्द्र भवन राजेन्द्र प्लेस, नई दिल्ली	ज्ञात नहीं
19.	मोहन प्रसाद गुप्ता एवं राजू गुप्ता, बी.ओ.: आनंद विहार, दिल्ली-110092	15.1.2018 रु. 15.72 लाख	श्री मोहन प्रसाद गुप्ता के नाम में लीज होल्ड ईडब्ल्यूएस फ्लैट नं. 12 (प्रथम तल), ब्लॉक सी-14, सेक्टर-71, नोएडा, उ.प्र.-201301, जिसका कवर्ड एरिया 23.33 वर्ग मी. है।	भौतिक	रु. 14.22 लाख	रु. 1.43 लाख	15.10.2019	पंजाब नेशनल बैंक, खाता नं. 3980003171160, पीएनबी आनंद विहार, दिल्ली, आईएफएससी कोडः PUNB0398000	14.10.2019 को 2.30 अप. से 4.30 अप.	18.10.2019 को 11.30 पूर्वा. से 12.30 अप.	रु. 25000	प्राधिकृत अधिकारीः श्री वीबी कौशिक, एम.नं. 7042052333, बीओः आनंद विहार, दिल्ली, नोडल अधिकारी, श्री आर.के. बंसल (एम.नं. 8289026427, उप सर्किल प्रमुख, पीएनबी सर्किल कार्यालय, उत्तर दिल्ली, 3रा तल, राजेन्द्र भवन, राजेन्द्र प्लेस, नई दिल्ली	ज्ञात नहीं
20.	अमृता त्यागी एवं प्रहलाद त्यागी, बी.ओ.: आनंद विहार, दिल्ली-110093	1.10.2018 रु. 46.45 लाख	अमृता त्यागी एवं प्रहलाद त्यागी के नाम में व्यावसायिक उपयोग के अंतर्गत फ्रीहोल्ड आवासीय प्लॉट- प्लॉट नं. 1087, नीतिखंड-1, इन्दिरापुरम, गाजियाबाद, उ.प्र.-201014, कवर्ड एरिया 349.22 वर्ग मी.	सांकेतिक	रु. 417.00 लाख	रु. 41.70 लाख	15.10.2019	पंजाब नेशनल बैंक, खाता नं. 3980003171160, पीएनबी आनंद विहार, दिल्ली, आईएफएससी कोडः PUNB0398000	14.10.2019 को 2.30 अप. से 4.30 अप.	18.10.2019 को 11.30 पूर्वा. से 12.30 अप.	रु. 25000	प्राधिकृत अधिकारीः श्री वीबी कौशिक, एम.नं. 7042052333, बीओः आनंद विहार, दिल्ली, नोडल अधिकारी, श्री आर.के. बंसल (एम.नं. 8289026427, उप सर्किल प्रमुख, पीएनबी सर्किल कार्यालय, उत्तर दिल्ली, 3रा तल, राजेन्द्र भवन, राजेन्द्र प्लेस, नई दिल्ली	ज्ञात नहीं
21.	मै. शान्तिनाथ पेपर मार्ट एवं शान्तिनाथ इंडस्ट्रीज, बी.ओ.: प्रीत विहार, दिल्ली-110092	12.1.2018 रु. 908.93 लाख एवं 23.10.2018 रु. 99.86 लाख	श्रीमती रजनी जैन के नाम में भूमि माप 234 वर्ग यार्ड्स, आरपी बाग, दिल्ली- 110007 पर निर्मित फ्रीहोल्ड आवासीय फ्लैट ए-6/2, 2रा तल, फ्रान्ट साइड, छत के अधिकार के साथ	भौतिक	रु. 189.47 लाख	रु. 18.95 लाख	15.10.2019	पंजाब नेशनल बैंक, खाता नं. 1399003171160, पीएनबी प्रीत विहार, दिल्ली, आईएफएससी कोडः PUNB0139900	14.10.2019 को 2.30 अप. से 4.30 अप.	18.10.2019 को 11.30 पूर्वा. से 12.30 अप.	रु. 25000	प्राधिकृत अधिकारीः श्री एसके केशव, एम.नं. 8130694661, बीओः प्रीत विहार, दिल्ली, नोडल अधिकारी, श्री आर.के. बंसल (एम.नं. 8289026427, उप सर्किल प्रमुख, पीएनबी सर्किल कार्यालय, उत्तर दिल्ली, 3रा तल, राजेन्द्र भवन, राजेन्द्र प्लेस, नई दिल्ली	ज्ञात नहीं
22.	मै. शान्तिनाथ पेपर मार्ट बी.ओ.: प्रीत विहार, दिल्ली-110092	12.1.2018 रु. 908.93 लाख	श्रीमती रजनी जैन के नाम में फ्रीहोल्ड शॉप नं. 211 से 213, 2रा तल, अजय मार्केट, चावड़ी बाजार, दिल्ली- 110006, माप 264 वर्ग फीट	भौतिक	रु. 19.00 लाख	रु. 1.90 लाख	15.10.2019	पंजाब नेशनल बैंक, खाता नं. 1399003171160, पीएनबी प्रीत विहार, दिल्ली, आईएफएससी कोडः PUNB0139900	14.10.2019 को 2.30 अप. से 4.30 अप.	18.10.2019 को 11.30 पूर्वा. से 12.30 अप.	रु. 25000	प्राधिकृत अधिकारीः श्री एसके केशव, एम.नं. 8130694661, बीओः प्रीत विहार, दिल्ली, नोडल अधिकारी, श्री आर.के. बंसल (एम.नं. 8289026427, उप सर्किल प्रमुख, पीएनबी सर्किल कार्यालय, उत्तर दिल्ली, 3रा तल, राजेन्द्र भवन, राजेन्द्र प्लेस, नई दिल्ली	ज्ञात नहीं
23.	मै. शान्ति नाथ पेपर मार्ट	12.01.2018 रु. 908.93 लाख	राजिन्दर जैन के नाम में चरखे वालान, चावड़ी बाजार, दिल्ली-110006 में गली लोहे वाली में स्थित सम्पत्ति एमसीडी नं. 3795 के 1ले तल (भगवती मार्केट के नाम से लोकप्रिय) पर स्थित फ्रीहोल्ड कॉमर्सियल शॉप, प्रा. नं. 113, माप लगभग 107 वर्ग फीट	सांकेतिक	रु. 12.00 लाख	रु. 1.20 लाख	15.10.2019	पंजाब नेशनल बैंक, खाता नं. 1399003171160, ''पीएनबी प्रीत विहार दिल्ली, आईएफएससी कोडः PUNB0139900	14.10.2019 को 2.30 अप. से 4.30 अप. तक	18.10.2019 को 11.30 पूर्वा. से 12.30 अप.	रु. 25000	प्राधिकृत अधिकारीः श्री शिवानंदा भंजा, एम नं. 7044070801, बीओः एमआर एम बी, मयूर विहार, दिल्ली नोडल अधिकारी श्री आर. के. बंसल (एम. नं. 8289026427, उप सर्किल प्रमुख, पीएनबी सर्किल कार्यालय, उत्तर दिल्ली, 3 रा तल, राजेन्द्र भवन, राजेन्द्र प्लेस, नई

दि ब्रेथवेट बर्न एण्ड जेसॉप कंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड
(भारत सरकार का प्रतिष्ठान)
पंजीकृत कार्यालय: 27, राजेन्द्र नाथ मुखर्जी रोड, कोलकाता-700001
फोन: (033) 2248-5841-44; फैक्स: (033) 2210-3961
ई-मेल: info@bbjconst.com; वेबसाइट: www.bbjconst.com

ई-निविदा आमंत्रण सूचना

श्रीवस्ती (उत्तर प्रदेश) स्थित केंद्रीय विद्यालय हेतु स्कूल भवन, कर्मचारी आवास, चारदीवारी इत्यादि के निर्माण के लिए ठेकेदार/प्रतिष्ठान से तीन बोली प्रणाली के तहत मुहरबंद निविदाएं आमंत्रित हैं।

निविदा सं.: ई-निआसू/डीजीएम (पी-V)/सिविल/केवीएस/श्रीवस्ती/54-2019 दिनांक: 23.09.2019
धरोहर राशि: रु. 20,00,000/-; निविदा प्रपत्र शुल्क (अप्रतिदेय): रु. 10,000/-

निविदा प्रपत्र www.bbjconst.com; https://eprocure.gov.in/eprocure/app से डाउनलोड किया जा सकता है।

(**निविदा पहचान: 2019_BBJC_504662_1**) मुहरबंद ई-बोली (तीन लिफाफा प्रणाली) 10.10.2019 से पहले अथवा को 15.00 बजे तक ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल में अपलोड किया जा सकता है तथा ई-निविदाएं (शुल्क/तकनीकी-वाणिज्यिक) 11.10.2019 को 15.00 बजे खोली जाएंगी। इस संदर्भ में कोई भी ''शुद्धिपत्र'' सिर्फ बीबीजे की वेबसाइट तथा ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर जारी की जाएगी तथा किसी भी समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जाएगा।

भारतीय स्टार्टअप को नवोन्मेषी प्रौद्योगिकी के लिए बेजिंग में मिला पुरस्कार

तिरुवनंतपुरम, 22 सितंबर (भाषा)।

देश के एक स्टार्टअप को बेजिंग में हुई एक वैश्विक प्रतियोगिता 'शी लव्स टेक ग्लोबल स्टार्टअप कम्पिटीशन-2019' में तीसरा पुरस्कार मिला है। इस स्टार्टअप को आगे बढ़ाने में केरल स्टार्टअप मिशन की अहम भूमिका है। ओड़ीशा की शोधार्थी व उद्यमी डा. नुसरत जेएम संघमित्रा ने साइका ऑनको सोल्यूशंस की स्थापना की। उनकी कंपनी ने शरीर में कैंसर की दवा आपूर्ति करने वाला एक दूरगामी उपकरण तैयार किया है। इसी के लिए उन्हें इस प्रतिस्पर्धा में सम्मानित किया गया। यहां जारी एक बयान के मुताबिक यह एक 'मॉलिक्यूलर ड्रिलिंग' उपकरण है जिसे सीधे इंजेक्शन की तरह लगाया जा सकता है।

पेट्रोल 27 पैसे व डीजल 18 पैसे और महंगा

छह दिन में पेट्रोल के दामों में 1.59 व डीजल में 1.31 रुपए लीटर की बढ़ोतरी

नई दिल्ली, 22 सितंबर (भाषा)।

सऊदी अरब के तेल संयंत्रों पर हमले के बाद से दुनिया भर में कच्चे तेल के बाजार बुरी तरह प्रभावित हुए हैं। इसके कारण लगातार पिछले छह दिन में दिल्ली में पेट्रोल के दाम 1.59 रुपए लीटर और डीजल के 1.31 रुपए लीटर चढ़ चुके हैं।

रविवार को दिल्ली में पेट्रोल कीमतों में 27 पैसे प्रति लीटर की वृद्धि हुई। इससे अब दिल्ली में पेट्रोल 73.62 रुपए प्रति लीटर पर पहुंच चुका है जबकि डीजल कीमतों में 18 पैसे लीटर की वृद्धि से दिल्ली में डीजल 66.74 रुपए प्रति लीटर पर पहुंच चुका है। सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम कंपनियों की अधिसूचना के अनुसार ईंधन के दामों में लगातार छठे दिन बढ़ोतरी हुई है। 17 सितंबर से पेट्रोल के दामों में कुल 1.59 रुपए लीटर की वृद्धि हुई है। इस दौरान डीजल 1.31 रुपए लीटर महंगा हुआ है।

सऊदी अरामको के संयंत्रों पर ड्रोन हमलों के बाद से वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की आपूर्ति में पांच फीसद की कमी आई है। हालांकि, सऊदी अरब ने कहा है कि वह आपूर्ति को जल्द सामान्य कर लेगा, लेकिन विशेषज्ञों का कहना है कि इस झटके का असर वैश्विक बाजारों पर कई सालों तक दिखाई देगा। सऊदी अरब भारत को हर महीने 20 लाख टन कच्चे तेल की आपूर्ति करता है। सितंबर के लिए इसमें से 12 से 13 लाख टन की आपूर्ति मिल चुकी है। शेष आपूर्ति भी जल्द मिलने की उम्मीद है। पेट्रोलियम मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने सऊदी अरब के पेट्रोलियम मंत्री से इस बारे में बात की है। सऊदी अरब ने भारत को कच्चे तेल की आपूर्ति कायम रखने का भरोसा दिलाया है।

आयकर विभाग के नाम से ईमेल भेज जानकारियां चुरा रहे हैकर

नई दिल्ली, 22 सितंबर (भाषा)।

सरकारी साइबर सुरक्षा एजंसी ने लोगों को आयकर विभाग के नाम से भेजे जा रहे नकली ईमेल के प्रति सावधान किया है। एजंसी ने कहा है कि आयकर विभाग की आड़ में करदाताओं की सूचना चुराने वाला एक कंप्यूटर मालवेयर इन दिनों भारतीय साइबर स्पेश में चल रहा है।

एजंसी ने जारी चेतावनी में कहा है कि इन दिनों कई लोगों को एक ईमेल मिल रहा है, जिसे देखने में लगता है कि आयकर विभाग ने भेजा है। जबकि वास्तव में यह हैकरों का तैयार किया मालवेयर है जो कंप्यूटर से जानकारियां चुराता है। इंडियन कंप्यूटर इमरजंसी रिस्पांस टीम (सीईआरटी-इंडिया) द्वारा जारी परामर्श के अनुसार कम से कम 12 सितंबर से फिशिंग व मालवेयर का यह गोरखधंधा सक्रिय है। यह लोगों समेत वित्तीय संगठनों को निशाना बना रहा है। ये फर्जी ईमेल देखने में आयकर विभाग के मालूम पड़ते हैं।

एक वरिष्ठ कर अधिकारी ने कहा कि लोग आयकर भरने, रिफंड का दावा करने और अन्य कार्यों को लेकर आयकर विभाग के प्रति अधिक सजग रहते हैं। इसी कारण धोखाधड़ी करने वाले लोग आयकर विभाग का नाम इस्तेमाल कर लोगों को ईमेल भेजते हैं। उन्होंने कहा कि आपको अपने आयकर रिकार्ड या बैंकिंग के मसलों से जुड़े संदिग्ध ईमेल से बचाव करना महत्त्वपूर्ण है।

विभाग ने इस तरह की धोखाधड़ी के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए कई अभियान चलाए हैं। परामर्श में बताया गया कि कम से कम दो तरह के ईमेल पाए गए हैं। पहले तरीके वाले ईमेल में डॉट आइएमजी या डॉट पीआइएफ फाइल अटैच होता है। दूसरी तरह के ईमेल में लोगों को एक डॉट पीआइएफ फाइल डाउनलोड करने के लिए कहा जाता है, जिसके लिए इनकमटैक्सइंडिया डॉट इंफो डोमेन पर जाने के लिए कहा जाता है।परामर्श में कहा गया कि उक्त डोमेन को अब बंद कर दिया गया है। सीईआरटी ने लोगों को संदिग्ध स्रोतों से कोई फाइल डाउनलोड करने, संदिग्ध ईमेल में अटैच फाइल को खोलने और इस तरह के ईमेल में दिए गए लिंक पर क्लिक करने से मना किया है।

पूर्वोत्तर के लिए जल्द जारी होगी दूरसंचार विकास नीति

नई दिल्ली, 22 सितंबर (भाषा)।

पूर्वोत्तर क्षेत्र में ई-गवर्नेंस में सुधार और नागरिकों को सशक्त करने के लिए जल्द ही एक वृहद दूरसंचार विकास योजना का क्रियान्वयन किया जाएगा। एक शीर्ष अधिकारी ने बताया कि हमारा लक्ष्य विशेष रूप से समाज के सीमांत तबके को सशक्त बनाना है।

प्रशासनिक सुधार व लोक शिकायत विभाग (डीएआरपीजी) के अतिरिक्त सचिव वी श्रीनिवास ने कहा कि हमारा मकसद प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल के जरिए लोगों के जीवन में सुधार लाना है। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाएगा कि उन्हें जनसुविधाएं आसानी से सुलभ हो सकें। श्रीनिवास ने कहा कि हमारी इस पहल का लक्ष्य कृत्रिम मेधा (एआइ), भारतीय उपक्रम ढांचे, इंटर आपरेबिलिटी ढांचे, ई-गवर्नेंस प्रणाली और डिजिटल सेवा मानक हैं।

राजस्थान कैडर के 1989 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी श्रीनिवास ने पिछले महीने पूर्वोत्तर क्षेत्र के लिए प्रशासनिक सुधारों पर ई-गवर्नेंस सम्मेलन का शिलांग, मेघालय में सफलतापूर्वक आयोजन किया था। सम्मेलन की अगुआई कार्मिक एवं पेंशन राज्यमंत्री जितेंद्र सिंह ने की थी।

शीर्ष छह कंपनियों की बाजार हैसियत 1.15 लाख करोड़ रुपए बढ़ी

नई दिल्ली, 22 सितंबर (भाषा)।

सूचकांक की शीर्ष दस कंपनियों में से छह के बाजार पूंजीकरण बीते सप्ताह 1.15 लाख करोड़ रुपए का इजाफा हुआ। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के कॉरपोरेट कर में कटौती समेत अन्य उपाय करने से शुक्रवार को सूचकांक में 1,921 अंक की तेजी दर्ज हुई।

एचडीएफसी बैंक का बाजार मूल्यांकन 39,375.82 करोड़ बढ़कर 6,56,546.37 करोड़, हिंदुस्तान यूनिलीवर का 35,697.75 करोड़ चढ़कर 4,26,403.03 करोड़ रुपए, रिलायंस इंडस्ट्रीज का 18,288.37 करोड़ बढ़कर 7,95,179.62 करोड़ और कोटक महिंद्रा बैंक का पूंजीकरण 10,494.42 करोड़ बढ़कर 2,93,824.83 करोड़, एसबीआइ का पूंजीकरण 8,924.61 करोड़ उछलकर 2,69,255.53 करोड़ और आइसीआइसीआइ बैंक का 2,655.01 करोड़ चढ़कर 2,69,529.14 करोड़ रुपए हो गया।

बुनियादी ढांचा क्षेत्र की 361 परियोजनाओं की लागत 3.77 लाख करोड़ रुपए बढ़ी

नई दिल्ली, 22 सितंबर (भाषा)।

देरी और अन्य कारणों से देश की 361 बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की लागत में कुल 3.77 लाख करोड़ रुपए की बढ़ोतरी हो चुकी है। ये सभी परियोजनाएं 150 करोड़ रुपए और उससे अधिक लागत वाली हैं।

सांख्यिकी और कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय 150 करोड़ रुपए और उससे अधिक की लागत की परियोजना की निगरानी करता है। कुल 1,623 परियोजनाओं में से 361 परियोजनाओं की लागत बढ़ गई है और 496 परियोजनाओं में देरी हुई है। मंत्रालय की मई, 2019 की रिपोर्ट के अनुसार 1,623 परियोजनाओं की कुल मूल लागत 19,25,107.47 करोड़ रुपए थी। अब इन परियोजनाओं के पूरे होने की अनुमानित लागत बढ़कर 23,02,230.50 करोड़ रुपए के आसपास हो चुकी है। इस कारण परियोजनाओं की लागत में मूल लागत से 19.59 फीसद यानी 3,77,123.03 करोड़ रुपए की बढ़ोतरी हुई है।

रिपोर्ट के अनुसार इन परियोजनाओं पर मई, 2019 तक 8,91,512.91 करोड़ रुपए खर्च किए गए हैं। यह परियोजनाओं की अनुमानित लागत का 38.72 फीसद है। हालांकि रिपोर्ट कहती है कि परियोजनाओं को पूरा करने के नए कार्यक्रमों को देखा जाए तो देरी से चल रही परियोजनाओं की संख्या कम होकर 399 रह गई है। देरी से चल रही कुल 496 परियोजनाओं में से 166 परियोजनाएं एक से 12 महीने, 105 परियोजनाएं 13 से 24 महीने, 128 परियोजनाएं 25 से 60 महीने और 97 परियोजनाएं 61 या उससे अधिक महीने की देरी से चल रही हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि विभिन्न एजंसियों के मुताबिक परियोजनाओं में देरी की मुख्य वजहें भूमि अधिग्रहण नहीं हो पाना, वन मंजूरी मिलने में देरी और उपकरणों की आपूर्ति में देरी हैं।

इस हफ्ते शेयर बाजारों की धारणा मजबूत रहने की संभावना

नई दिल्ली, 22 सितंबर (भाषा)।

शेयर बाजारों में इस सप्ताह धारणा मजबूती की रहेगी। शुक्रवार को दर्ज भारी-भरकम बढ़त के बाद सप्ताह के दौरान बाजार में कुछ 'करेक्शन' आ सकता है। विशेषज्ञों ने यह राय जताई है।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को सबको हैरान करते हुए कॉरपोरेट कर की दरों में कटौती की घोषणा की। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी प्रतिभूति की बिक्री से होने वाले पूंजीगत लाभ पर बढ़ा हुआ अधिभार लागू नहीं होगा। इससे बंबई शेयर बाजार के 30 शेयरों वाले सूचकांक ने शुक्रवार को 1,921 अंक की लंबी छलांग लगाई। यह एक दशक से अधिक में किसी कारोबारी दिन में सूचकांक की सबसे ऊंची बढ़त है। इसके अलावा जीएसटी परिषद ने होटल शुल्क व कुछ सामान पर भी कर दरें घटाने की घोषणा की है।

सैमको सिक्योरिटीज एंड स्टॉकनोट के संस्थापक व मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिमीत मोदी ने कहा कि शुक्रवार को जोरदार तेजी के बाद अब बाजार में कुछ 'करेक्शन' आ सकता है। यह देखना महत्त्वपूर्ण होगा कि विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक अपनी लिवाली कब शुरू करते हैं और वे करों में कटौती को किस रूप में लेते हैं। मौजूदा कंपनियों के लिए मूल कॉरपोरेट कर की दर को 30 से घटाकर 22 फीसद किया गया है। वहीं एक अक्तूबर, 2019 के बाद स्थापित होने वाली नई विनिर्माण कंपनियों के लिए इसे 25 से घटाकर 15 फीसद किया गया है।

जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि बाजार में अब उत्साह लौटेगा। नए वित्तीय उपायों की घोषणा से घरेलू बाजार में सुस्ती की आशंका दूर होगी। एफपीआइ के लिए अब भारतीय बाजारों में लौटने की वजह है। इस प्रगतिशील कदम से उपभोग और निवेश बढ़ेगा। बीते सप्ताह बंबई शेयर बाजार का 30 शेयरों वाला सूचकांक साप्ताहिक आधार पर 629.63 अंक या 1.68 फीसद की बढ़त में रहा। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 198.30 अंक या 1.79 फीसद लाभ में रहा। विश्लेषकों का कहना है कि इस सप्ताह वृहद आर्थिक मोर्चे पर कोई आंकड़ा नहीं आना है। ऐसे में बाजार की दिशा काफी हद तक रुपए के रुख, कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव और विदेशी निवेशकों के निवेश के रुख से तय होगी।

भारतीय स्टेट बैंक
रिटेल परिसम्पत्ति केन्द्रीय प्रॉसेसिंग केन्द्र, रोहिणी,
ए-5, पर्ल्स बेस्ट हाइट्स-1, नेताजी सुभाष प्लेस, पीतमपुरा, दिल्ली-110034,

कब्जा सूचना

[प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8(1) के अंतर्गत]

जैसा कि, वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (2002 के अधिनियम सं. 54) के अंतर्गत भारतीय स्टेट बैंक के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियमों के साथ पठित धारा 13(12) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए अधोहस्ताक्षरी ने मांग सूचना तिथि 01.07.2019 जारी कर ऋणधारक श्री संजीव चौधरी, पुत्र श्री भगवान दास (ऋणधारक तथा गारन्टर्स यहां के बाद सामूहिक रूप से ''ऋणधारक'' के रूप में वर्णित को सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के भीतर सूचना में वर्णित राशि रु. 4,27,493/- (रुपए चार लाख सत्ताईस हजार चार सौ तिड़ानवे मात्र) के साथ अनुषांगिक खर्चे, लागत, चार्जेज आदि के साथ उपरोक्त राशि पर अनुबंधित दर पर आगे का ब्याज वापस लौटाने का निर्देश दिया था।

ऋणधारक इस राशि को वापस लौटाने में विफल रहे, अतः एतद्द्वारा ऋणधारक तथा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आज, 20 सितंबर, 2019 को अधोहस्ताक्षरी ने उक्त प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियमावली, 2002 के नियम 8 के साथ पठित [अधिनियम] की धारा 13(4) के अंतर्गत उन्हें प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए अधोहस्ताक्षरी ने यहां नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा कर लिया है।

विशेष रूप से ऋणधारकों तथा आम जनता को एतद्द्वारा सतर्क किया जाता है कि वे यहां नीचे वर्णित संपत्ति का व्यवसाय न करें तथा इन संपत्तियों का किसी भी तरह का व्यवसाय रु. 4,27,493/- (रुपए चार लाख सत्ताईस हजार चार सौ तिड़ानवे मात्र) के साथ अनुषांगिक खर्चे, लागत, चार्जेज आदि के साथ उपरोक्त राशि पर अनुबंधित दर पर आगे का ब्याज की राशि के लिए भारतीय स्टेट बैंक के चार्ज के अधीन होगा।

अचल सम्पत्ति का विवरण

रोहिणी आवासीय योजना, रोहिणी, नई दिल्ली-110085 की ले आउट प्लान में स्थित भूमि के आनुपातिक फ्री होल्ड अधिकारों के साथ ब्लॉक नं. जी, पॉकेट नं. 3, सेक्टर नं. 11 में निर्मित सम्पत्ति सं. 29, क्षेत्रफल माप 48.00 वर्ग मी. के छत/ टैरेस अधिकारों के बिना सम्पूर्ण भू तल।

तिथि: 20.09.2019 स्थान: दिल्ली प्राधिकृत अधिकारी, भारतीय स्टेट बैंक

सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया
Central Bank of India
1911 से आपके लिए "केन्द्रित" "CENTRAL" TO YOU SINCE 1911
शाखा कार्यालय : सविता विहार, दिल्ली-110092
कब्जा सूचना (अचल सम्पत्ति और सम्पत्ति के लिए)
परिशिष्ट-IV (नियम 8 (1) देखें)

जबकि वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 (2002 के 54) के अंतर्गत **सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, सविता विहार, दिल्ली शाखा** का प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 9 के साथ पढ़े जाने वाले अनुच्छेद 13(12) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए अधोहस्ताक्षरी ने मांग सूचना, दिनांक **23/04/2019**, जारी की थी, जिसके द्वारा **कर्जदार: श्री परवीन कुमार, श्री अजय कुमार एवं श्रीमती सुषमा,** को सूचना में उल्लिखित राशि **रु.29,98,297/- (उनतीस लाख अठानबे हजार दो सौ सतानबे रूपये मात्र)** उक्त सूचना की प्राप्ति के 60 दिनों के भीतर चुकाने के लिए कहा गया था। **कर्जदार** के इस राशि को चुकाने में असफल रहने के कारण, कर्जदार तथा आम जनता को एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 9 के साथ पढ़े जाने वाले कथित अधिनियम की धारा 13(4) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए नीचे वर्णित **सम्पत्ति का कब्जा दिनांक 19.09.2019** को ले लिया है। **कर्जदार** को विशेष तौर पर तथा आम जनता को सामान्य तौर पर एतदद्वारा सावधान किया जाता है कि वे सम्पत्ति के साथ किसी प्रकार का लेन-देन न करें और सम्पत्ति का कोई भी लेनदेन **रु.29,98,297/- (उनतीस लाख अठानबे हजार दो सौ सतानबे रूपये मात्र) एवं उस पर ब्याज के साथ सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, सविता विहार, दिल्ली शाखा** के प्रभार के भुगतान के अधीन होगा।

आपका ध्यान सुरक्षित सम्पत्ति को छुड़ाने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में अधिनियम के अनुच्छेद 13 के उप-अनुच्छेद (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है।

अचल सम्पत्ति का विवरण

सम्पत्ति सं.2922, (छत अधिकार के साथ पहला एवं दूसरा तल) गली तक्सल्यान खुर्द, बाज़ार सीताराम, दिल्ली-110006, क्षेत्र परिमाप 120 वर्ग गज, सम्पत्ति के सभी भाग एवं हिस्से **जो घिरा है:**

उत्तर: अन्य की सम्पत्ति एवं गली | दक्षिण: अन्य की सम्पत्ति
पूर्व: सम्पत्ति सं.2924 | पश्चिम: सम्पत्ति सं.2922

स्थान: दिल्ली **प्राधिकृत अधिकारी**
तिथि: 19/09/2019 **सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया**

फार्म जी
अभिरुचि की अभिव्यक्ति के लिये आमंत्रण
(दिवाला तथा दिवालिया (कॉर्पोरेट व्यक्तियों के लिये दिवाला प्रस्ताव प्रक्रिया) विनियमन, 2016 के विनियमन 36ए (1) के अंतर्गत)

संबंधित विवरण

1.	कॉर्पोरेट ऋणधारक का नाम	एस एल कंज्यूमर प्रॉडक्ट्स लिमिटेड
2.	कॉर्पोरेट ऋणधारक के निगमन की तिथि	16.12.1996
3.	वह प्राधिकरण जिसके अंतर्गत कॉर्पोरेट ऋणधारक निगमित/पंजीकृत हैं	कम्पनी रजिस्ट्रार, दिल्ली (आरओसी-दिल्ली)
4.	कॉर्पोरेट ऋणधारक का कॉर्पोरेट पहचान संख्या/सीमित दायित्व पहचान संख्या	U11200DL1996PLC083850
5.	कॉर्पोरेट ऋणधारक के पंजीकृत कार्यालय एवं प्रधान कार्यालय (यदि कोई हो) का पता	2646, रघुनंदन, नया बाजार, दिल्ली, उत्तर दिल्ली-110006
6.	कॉर्पोरेट ऋणधारक के संदर्भ में दिवाला आरंभ होने की तिथि	10 जुलाई, 2019
7.	अभिरुचि की अभिव्यक्ति के आमंत्रण की तिथि	22 सितम्बर, 2019
8.	संहिता की धारा 25(2) (एच) के अंतर्गत प्रस्ताव आवेदकों की पात्रता उपलब्ध है:	31.03.2019 को न्यूनतम शुद्ध सम्पत्ति रु. 5.00 करोड़ होनी चाहिए। विस्तृत विवरण ip.slcpl@gmail.com पर ईमेल भेजकर प्राप्त की जा सकती है।
9.	धारा 29ए के अंतर्गत लागू होने वाले अयोग्यता का मानक उपलब्ध है।	ip.slcpl@gmail.com पर ईमेल भेजकर प्राप्त की जा सकती है।
10.	अभिरुचि की अभिव्यक्ति प्राप्ति की अंतिम तिथि	22 अक्तूबर, 2019
11.	संभावित प्रस्ताव आवेदकों की अस्थाई सूची जारी होने की तिथि	31 अक्तूबर, 2019
12.	अस्थाई सूची के प्रति आपत्ति जमा करने की अंतिम तिथि	5 नवम्बर, 2019
13.	संभावित प्रस्ताव आवेदकों की अंतिम सूची जारी होने की तिथि	14 नवम्बर, 2019
14.	संभावित प्रस्ताव आवेदकों को प्रस्ताव योजना के लिये सूचना मेमोरैण्डम, मूल्यांकन मैट्रिक्स तथा अनुरोध जारी होने की तिथि	5 नवम्बर, 2019
15.	प्रस्ताव योजना, मूल्यांकन मैट्रिक्स, सूचना मेमोरैण्डम तथा अधिक जानकारी प्राप्त करने का तरीका	रिजॉल्यूशन प्रफेशनल द्वारा केवाईसी, निवेश की क्षमता, धारा 29 ए के अंतर्गत पात्रता तथा सीओसी द्वारा यथा स्वीकृत पूर्व-योग्यता मानदंड की जांच-पड़ताल के बाद आरएफआरपी, मूल्यांकन मेट्रिक्स, सूचना मेमोरैण्डम, तथा अन्य कोई आगे की जानकारी शेयर की जाएगी।
16.	प्रस्ताव योजना जमा करने की अंतिम तिथि	5 दिसम्बर, 2019
17.	प्रस्तावकर्मी के पास प्रस्ताव योजना जमा करने का तरीका	ईमेल आईडी: ip.slcpl@gmail.com पर इलेक्ट्रानिक पद्धति में एवं उसकी हार्ड कापी मुहरबंद लिफाफे में स्पीड पोस्ट द्वारा अथवा हाथों-हाथ जमा कर।
18.	स्वीकृति के लिये निर्णायक प्राधिकरण के पास प्रस्ताव जमा करने की अनुमानित तिथि	22 दिसम्बर, 2019
19.	प्रस्ताव कर्मी का नाम तथा पंजीकरण संख्या	विक्रम कुमार IBBI/IPA-001/IP-P00082/2017-18/10178
20.	बोर्ड में यथा-पंजीकृत प्रस्ताव कर्मी का नाम, पता तथा ई-मेल	विक्रम कुमार जे-6 ए, कैलाश कॉलोनी, नई दिल्ली-110048 ईमेल: vikramau@gmail.com
21.	प्रस्ताव कर्मी के साथ पत्राचार के लिये प्रयोग करने के लिये पता तथा ईमेल	जे-6 ए, कैलाश कॉलोनी, नई दिल्ली-110048 ip.slcpl@gmail.com
22.	विस्तृत विवरण उपलब्ध है	ip.slcpl@gmail.com पर ईमेल भेजकर प्राप्त की जा सकती है।
23.	फार्म जी के प्रकाशन की तिथि	23 सितम्बर, 2019

विक्रम कुमार
एसएल कंज्यूमर प्रॉडक्ट्स लिमिटेड के लिए अंतरिम प्रस्ताव प्रॉफेशनल
IBBI/IPA-001/IP-P00082/2017-18/10178
जे 6 ए, कैलाश कॉलोनी
नई दिल्ली-110048
तिथि: 23.9.2019
स्थान: नई दिल्ली

प्रपत्र ए
सार्वजनिक उद्घोषणा
[भारत दिवाला तथा दिवालिया मंडल (कॉर्पोरेट व्यक्तियों के लिए दिवाला प्रस्ताव प्रक्रिया) विनियमन, 2016 के विनियमन 6 के अंतर्गत]
मै. पैन्टेल टेक्नोलॉजीज प्राईवेट लिमिटेड के क्रेडीटरों के ध्यानार्थ

क्रम सं.	विवरण	विवरण
1.	कॉर्पोरेट ऋणधारक का नाम	मै. पैन्टेल टेक्नोलॉजीज प्राईवेट लिमिटेड
2.	कॉर्पोरेट ऋणधारक के निगमन की तिथि	23 अगस्त, 2010
3.	वह प्राधिकरण जिसके अंतर्गत कॉर्पोरेट ऋणधारक निगमित/पंजीकृत है	कम्पनी रजिस्ट्रार- दिल्ली
4.	कॉर्पोरेट पहचान संख्या/कॉर्पोरेट ऋणधारक का लिमिटेड लाएबिलिटी पहचान संख्या	U72300DL2010PTC207463
5.	कॉर्पोरेट ऋणधारक के पंजीकृत कार्यालय तथा प्रधान कार्यालय (यदि कोई हो) का पता	**पंजीकृत कार्यालय: (जैसा कि आदेश तिथि 19.09.2019 में वर्णित है)** मै. पैन्टेल टेक्नोलॉजीज प्राईवेट लिमिटेड, 214, त्रिवेणी कॉम्प्लैक्स, ई 10-12, जवाहर पार्क, लक्ष्मी नगर, नई दिल्ली-110092 **पंजीकृत कार्यालय (नवीनतम एमसीए अभिलेख तिथि 20.9.2019 के अनुसार)** मै. पैन्टेल टेक्नोलॉजीज प्राईवेट लिमिटेड, 602/96, छठा तल, सिद्धार्थ बिल्डिंग, नेहरू प्लेस, सेन्ट्रल बैंक के निकट, नई दिल्ली-110019 **कॉर्पोरेट कार्यालय:** मै. पैन्टेल टेक्नोलॉजीज प्राईवेट लिमिटेड, ई-33, सेक्टर-63, नोएडा-201301, उत्तर प्रदेश
6.	कॉर्पोरेट ऋणधारक के संदर्भ में दिवाला आरंभ होने की तिथि	19 सितम्बर, 2019 (आदेश 20 सितम्बर, 2019 को प्राप्त की गई।)
7.	दिवाला प्रस्ताव प्रक्रिया के समापन की अनुमानित तिथि	17 मार्च, 2020 (दिवाला प्रस्ताव प्रक्रिया शुरू होने की तिथि से 180 दिन)
8.	अंतरिम प्रस्ताव प्रॉफेशनल का नाम, पंजीकरण संख्या, जो अंतरिम प्रस्ताव प्रॉफेशनल के रूप में कार्यरत है	**नाम:** श्री गौतम सिंघल **पंजीकरण सं.:** IBBI/IPA-001/IP/P-1437/2018-2019/12240
9.	बोर्ड में यथा पंजीकृत अंतरिम प्रस्ताव प्रॉफेशनल का पता एवं ईमेल:	**पता:** सी-35, भूतल, विवेक विहार, फेज-I, दिल्ली-110095 ई-मेल: gautam@klfindia.com
10.	अंतरिम प्रस्ताव प्रॉफेशनल के साथ पत्राचार के लिये प्रयुक्त होने वाला पता तथा ईमेल	पता: कुमार लॉ फर्म 3रा एवं 4था तल, डीए-9, एन्कॉय हाउस, वीर सावरकर ब्लॉक, नाथू स्वीट्स के सामने, मेट्रो पिलर नं. 54, शकरपुर, दिल्ली-110092 ईमेल: cirp.ptpl@gmail.com
11.	दावे जमा करने की अंतिम तिथि	4 अक्टूबर, 2019 (आदेश प्राप्ति की तिथि अर्थात् 20 सितम्बर, 2019 से 14 दिन)
12.	क्रेडीटर का वर्ग यदि कोई हो, धारा 21 की उप धारा (6ए) के उपबंध (बी) के अंतर्गत, अंतरिम प्रस्ताव प्रॉफेशनल द्वारा सुनिश्चित किया गया	निल
13.	किसी वर्ग में क्रेडीटर्स के प्राधिकृत प्रतिनिधि के रूप में कार्य करने के लिये पहचान किये गये इन्सॉल्वेन्सी प्रॉफेशनल का नाम (प्रत्येक वर्ग से तीन नाम)	लागू नहीं
14.	(क) संबंधित प्रपत्र तथा (ख) प्राधिकृत प्रतिनिधियों का विवरण उपलब्ध है	क) http://www.ibbi.gov.in/ download-form.html ख) एनए

1. एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि राष्ट्रीय कम्पनी विधि अधिकरण, ने 19.9.2019 को मै. पैन्टेल टेक्नोलॉजीज प्राईवेट लिमिटेड के संदर्भ में कॉर्पोरेट इन्सॉल्वेन्सी प्रस्ताव प्रक्रिया शुरू करने का आदेश दिया है।
2. एतद्द्वारा मै. पैन्टेल टेक्नोलॉजीज प्राईवेट लिमिटेड के क्रेडीटरों को निर्देश दिया जाता है कि आइटम नं. 10 में वर्णित पते पर अंतरिम प्रस्ताव प्रॉफेशनल के पास (आदेश प्राप्ति की तिथि अर्थात् 20 सितम्बर, 2019 से) 4 अक्टू. 2019 को या उससे पूर्व सबूतों के साथ अपने दावे जमा करें।
3. फाइनांसियल क्रेडीटर्स केवल इलेक्ट्रॉनिक पद्धति से ही सबूतों के साथ अपने दावे जमा कर सकते हैं। अन्य सभी क्रेडीटर्स व्यक्तिगत, डाक द्वारा अथवा इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों से सबूतों के साथ अपने दावे जमा कर सकते हैं।
4. दावे का गलत अथवा भ्रामक प्रमाण जमा करने पर दंडित किया जा सकता है।

गौतम सिंघल
अंतरिम प्रस्ताव प्रॉफेशनल
तिथि: 21.09.209 **मै. पैन्टेल टेक्नोलॉजीज प्राईवेट लिमिटेड**
स्थान: नई दिल्ली **IBBI/IPA-001/IP/P-01437/2018-2019/12240**

सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया
Central Bank of India
1911 से आपके लिए "केन्द्रित" "CENTRAL" TO YOU SINCE 1911
ई-नीलामी बिक्री सूचना
(सरफेसी एक्ट 2002 के अधीन)
परिसम्पत्ति वसूली शाखा, सोराबजी भवन, 4/54, डी.बी. गुप्ता रोड, करोल बाग, नई दिल्ली-110005
29.10.2019 को अचल संपत्ती की बिक्री के लिए बिक्री सूचना

वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण तथा पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन बैंक के पास बंधक अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना, सुरक्षा ब्याज (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के साथ पढ़ा गया।

जैसा कि, आम जनता तथा उधारकर्ता(ओं) एवं गारंटीकर्ता(ओं) को सूचित किया जाता है कि नीचे उल्लिखित अचल सम्पत्ति को सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया (सुरक्षित क्रेडिटर) के पास बंधक किया गया था जिस पर सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया (सुरक्षित क्रेडिटर) के अधिकृत अधिकारी द्वारा **रचनात्मक/भौतिक कब्जा** लिया गया है, जिसे **"जैसा है

खबर कोना

समारोह

जर्मनी के म्यूनिख में रविवार को 'ओक्टोबरफेस्ट' की परेड का नजारा।

नीदरलैंड में गांधी की 150वीं जयंती पर होगा गांधी मार्च

द हेग, 22 सितंबर (भाषा)।

नीदरलैंड में महात्मा गांधी की 150वीं जयंती के अवसर पर लोगों को जागरूक करने के लिए कई तरह के आयोजन किए जाएंगे। इसमें एक अहिंसा मार्च का आयोजन भी है। भारतीय दूतावास यहां गांधी नॉनवायलेंस फाउंडेशन और अन्य समूहों के साथ मिल कर साइकिल रैली, महात्मा गांधी के जीवन को दिखाने वाली प्रदर्शनी, स्मृति सभा सहित देश में लगी गांधी की चार प्रतिमाओं के पास कई कार्यक्रमों का आयोजन करेगा। भारतीय दूतावास ने यहां कहा कि जयंती उत्सव की शुरुआत 29 सितंबर को साइकिल रैली से होगी। इस रैली में गांधी के सादा जीवन और सरलता के दर्शन के बारे में लोगों को बताया जाएगा। द हेग में यह रैली भारतीय दूतावास से शुरू होगी और प्रसिद्ध पीस पैलेस, पार्लियामेंट और प्रसिद्ध रिजॉर्ट स्केवेनीनगेन से गुजरेगी और भारतीय दूतावास वापस पहुंचेगी।

खाड़ी में विदेशी ताकतें होने से समस्याएं व असुरक्षा : रूहानी

संयुक्त राष्ट्र में क्षेत्रीय सहयोग योजना पेश करेगा ईरान

तेहरान, 22 सितंबर (एएफपी)।

ईरान के राष्ट्रपति हसन रूहानी ने खाड़ी में विदेशी ताकतों की मौजूदगी की रविवार को निंदा की और कहा कि ईरान शांति के लिए संयुक्त राष्ट्र में क्षेत्रीय सहयोग योजना पेश करेगा। रूहानी का यह बयान क्षेत्र में और सैनिक तैनात करने की अमेरिका की हालिया घोषणा की पृष्ठभूमि पर आया है।

रूहानी ने वार्षिक सैनिक परेड से पहले टेलीविजन में दिए संबोधन में कहा, 'विदेशी ताकतें हमारे क्षेत्र के लिए और हमारे लोगों के लिए समस्याएं और असुरक्षा पैदा कर सकती हैं।' उन्होंने कहा कि ईरान आने वाले दिनों में संयुक्त राष्ट्र में शांति योजना पेश करेगा। रूहानी ने कहा, 'इस संवेदनशील और अहम ऐतिहासिक क्षण में हम अपने पड़ोसियों के लिए यह घोषणा करना चाहते हैं कि हम उनकी ओर मित्रता और भाईचारे का हाथ बढ़ाते हैं।' ईरान और अमेरिका के संबंध इस वक्त बेहद तनावपूर्ण हैं और इसकी शुरुआत पिछले साल उस वक्त हुई जब अमेरिका ने 2015 के परमाणु समझौते से खुद को अलग कर लिया और ईरान पर अधिकतम दबाव बनाने के लिए उस पर अनेक प्रतिबंध लगाए। अमेरिका के रक्षा मंत्री मार्क एस्पर ने शुक्रवार को घोषणा की कि अमेरिका सऊदी अरब के अनुरोध पर वहां और सैनिक भेज रहा है। उन्होंने कहा था कि ये बल रक्षात्मक प्रकृति के होंगे और इनका पूरा ध्यान हवाई और मिसाइल रक्षा पर होगा। रूहानी ने अपने भाषण में खाड़ी क्षेत्र में विदेशी ताकतों को दूर रहने को कहा। उन्होंने कहा कि अगर वे गंभीर हैं तो उन्हें हमारे क्षेत्र को हथियार प्रदर्शन के क्षेत्र में तब्दील नहीं करना चाहिए। रूहानी ने दो टूक कहा, 'आपकी मौजूदी हमेशा हमारे क्षेत्र में पीड़ा और दुख लाई है। आप अपने आप को जितना हमारे क्षेत्र से और हमारे देशों से दूर रखेंगे, हमारे क्षेत्र में उतनी ही अधिक सुरक्षा रहेगी।' रूहानी का संयुक्त राष्ट्र महासभा की बैठक से पहले सोमवार को न्यूयार्क जाने का कार्यक्रम है।

जावडेकर ने दोहराया, संवहनीय विकास चाहता है भारत

संयुक्त राष्ट्र, 22 सितंबर (भाषा)।

पर्यावरण, वन व जलवायु परिवर्तन मामलों के केंद्रीय मंत्री प्रकाश जावडेकर ने संयुक्त राष्ट्र में कहा कि भारत संवहनीय तरीके से विकास करेगा लेकिन साथ ही सुनिश्चित करेगा कि उसके नागरिकों को विकास के सभी लाभ मिलें।

संयुक्त राष्ट्र के 'क्लाइमेट एक्शन समिट' में उद्योगों के रूपांतरण से जुड़े कार्यक्रम के दौरान जावडेकर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'जीरो डिफेक्ट, जीरो इफेक्ट' मॉडल को रेखांकित किया। इसमें उत्पादित वस्तु में कोई खामी नहीं होती है और न ही उत्पादन के दौरान पर्यावरण पर कोई प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। जावडेकर ने कहा, 'मेरा देश विकास के रास्ते पर है। मैं (विकास की चाहत रखने वाले) अपने लोगों से वह नहीं छीन सकता। हम स्थिर विकास चाहते हैं।' संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस की ओर से आयोजित क्लाइमेट एक्शन समिट का लक्ष्य 2016 पेरिस समझौते के क्रियान्वयन को बढ़ावा देना है। इसमें आपस में जुड़े नौ क्षेत्रों पर ध्यान दिया जाएगा। इन सभी बदलावों का नेतृत्व 19 देश करेंगे और जावडेकर ने कहा कि यह नौ रास्ते पेरिस समझौते के लक्ष्यों को पाने में मदद करेंगे।

मंत्री ने कहा कि कार्बन एकत्र करने की बात वर्षों से हो रही है, लेकिन अभी तक उसे बड़े पैमाने पर लागू नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि भारत में पहला ऐसा परिसर बनने वाला है, जो कार्बन एकत्र करेगा। उन्होंने कहा, 'ऐसे में कार्बन उत्सर्जन होगा, जिसे एकत्र करके दूसरी फैक्टरियों में कच्चे माल की तरह इस्तेमाल किया जाएगा। यह बड़ी बात है।' जावडेकर ने प्रति एक टन पर छह डॉलर कर की भारतीय नीति की जानकारी देते हुए इसे सही और कड़ी नीति बताई। उन्होंने कहा, ऐसा इसलिए है ताकि उद्योग यह सोचना शुरू करें कि वे कोयले का उपयोग कम कैसे कर सकते हैं और कैसे दूसरे विकल्पों का इस्तेमाल कर सकते हैं। भारत शायद पहला ऐसा देश है, जहां ऐसी नीति है। भारत का सीमेंट उद्योग सबसे कम कार्बन उत्सर्जन करने का उद्योग है। भारतीय विमानन उद्योग जैवईंधन की ओर बढ़ रहा है। उन्होंने कहा, 'देहरादून से दिल्ली तक जैवईंधन इथेनॉल से हमारी पहली उड़ान सफल रही। इस दिशा में हम और प्रगति कर रहे हैं।' मंत्री ने कहा कि अब हमारी योजना बोइंग को जैवईंधन पर उड़ाने की है और मुझे यकीन है कि सफलता मिलेगी। भारत सरकार इलेक्ट्रॉनिक वाहनों को बढ़ावा दे रही है और उन्हें कर संबंधी छूट भी दे रही है। उन्होंने कहा कि यूरो-6 वाले वाहन अप्रैल 2020 तक बाजार में उपलब्ध होंगे।

संरा की पहल का सह नेतृत्व कर रहे भारत व स्वीडन

संयुक्त राष्ट्र, 22 सितंबर (भाषा)।

भारत और स्वीडन उच्च स्तरीय संयुक्त राष्ट्र जलवायु कार्रवाई सम्मेलन के तहत उद्योगों से होने वाले कार्बन उत्सर्जन में कमी लाने की पहल का सह-नेतृत्व कर रहे हैं। यह 2050 तक शून्य उत्सर्जन के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए इस्पात और सीमेंट जैसे क्षेत्रों से मजबूत प्रतिबद्धताएं लेगा। जलवायु कार्रवाई सम्मेलन की मेजबानी संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस कर रहे हैं। पेरिस समझौते को लागू करने के कार्य में तेजी लाने के इरादे के साथ जलवायु कार्रवाई सम्मेलन में नौ अंतरनिर्भर क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। इसका नेतृत्व कुल 19 देश करेंगे और इसमें अंतरराष्ट्रीय संगठन सहयोग करेंगे। संयुक्त राष्ट्र (यूएन) उपमहासचिव अमीना मोहम्मद ने यहां शनिवार को कहा कि वह आने वाले बरसों में इस सहयोग को विकसित होते देखना चाहेंगी।

हांगकांग के प्रदर्शनकारियों ने सबवे स्टेशन पर तोड़फोड़ की

हांगकांग, 22 सितंबर (एपी)।

हांगकांग में लोकतंत्र समर्थक प्रदर्शनकारी रविवार को हिंसक हो गए। उन्होंने एक सब-वे स्टेशन में तोड़फोड़ की, निगरानी कैमरे और इलेक्ट्रॉनिक टिकट सेंसर तोड़ डाले। प्रदर्शनकारियों ने गेट के टिकट सेंसर तोड़ने के लिए हथौड़े का इस्तेमाल किया, टिकट मशीनों पर पेंट छिड़क दिया और स्क्रीन तोड़ डाले। अपनी पहचान छुपाने के लिए उन्होंने छातों का इस्तेमाल किया। शाटिन स्टेशन पर दोपहर बाद हमला किया गया। हमले के बाद दंगा नियंत्रण पुलिस वहां पहुंची और स्टेशन की रक्षा में जुट गई। हांगकांग में लोकतंत्र समर्थक प्रदर्शन चौथे महीने भी जारी है और यहां अक्सर दिन या रात में हिंसक घटनाएं हो जाती हैं। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि सरकार का ध्यान आकर्षित करने के लिए सख्त कदम उठाया जाना जरूरी है। शनिवार की रात प्रदर्शनकारियों ने पुलिस पर गैसोलीन बम फेंके और गलियों में आगजनी की। पुलिस ने आंसू गैस के गोले और रबर की गोलियों का इस्तेमाल किया।

सऊदी अरब पर सभी हमले रोकेगा हुती, संयुक्त राष्ट्र ने किया स्वागत

संयुक्त राष्ट्र, 22 सितंबर (एएफपी)।

यमन के लिए संयुक्त राष्ट्र के दूत ने हुती विद्रोहियों द्वारा सऊदी अरब पर सभी हमले रोकने के फैसले का शनिवार को स्वागत किया। उनका कहना है कि इससे वर्षों का खूनी संघर्ष खत्म हो सकता है।

यमन के विशेष दूत मार्टिन ग्रिफीथ्स ने कहा कि हुती की ओर से किए गए प्रयास का लागू होना इस युद्ध को खत्म करने लिए मजबूत संदेश देगा। ईरान समर्थित हुती विद्रोहियों का पिछले पांच साल से सऊदी अरब गठबंधन के साथ युद्ध चल रहा है। सऊदी अरब गठबंधन देश की अंतरराष्ट्रीय रूप से मान्यता प्राप्त सरकार के समर्थन में है। हुती का देश की राजधानी सना और यमन के अन्य हिस्सों पर कब्जा है। न्यूयार्क में संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय की ओर से जारी बयान में ग्रिफीथ्स ने 'संघर्ष खत्म करने के लिए एक राजनीतिक समाधान की इच्छा' की प्रशंसा की है। शुक्रवार को यमन के हुती विद्रोहियों ने सऊदी अरब पर अपने सभी हमले रोकने की घोषणा की थी।

पाकिस्तान में बस दुर्घटना में 26 मरे

इस्लामाबाद, 22 सितंबर (भाषा)।

उत्तर-पश्चिमी पाकिस्तान में एक बस के पहाड़ में टक्कर मारने से कम से कम 26 व्यक्तियों की मौत हो गई और अन्य 13 लोग घायल हुए हैं। पहाड़ी रास्ते पर वाहन मोड़ते समय चालक ने बस पर से नियंत्रण खो दिया था, जिस कारण यह हादसा हुआ।

पुलिस ने बताया कि हादसा गिलगित-बाल्टिस्तान (जीबी) के पास खैबर पख्तूनख्वा प्रांत की सीमा पर बाबुसर टोप इलाके में हुआ। 'एक्सप्रेस ट्रिब्यून' की खबर के अनुसार बस स्कार्दू से रावलपिंडी जा रही थी। बस में 16 सैन्यकर्मी सहित 40 यात्री सवार थे।

इजराइल में राष्ट्रपति ने नई सरकार बनाने के लिए बातचीत शुरू की

यरुशलम, 22 सितंबर (एपी)।

इजराइल में आम चुनावों के बाद जारी गतिरोध के बीच राष्ट्रपति रुवन रिवलिन ने सरकार बनाने के लिए सभी निर्वाचित दलों के साथ दो दिन लंबी बातचीत शुरू कर दी है। इसके बाद ही वह प्रधानमंत्री पद के लिए किसी को नामित करेंगे। रिवलिन रविवार से अपने आवास पर विभिन्न दलों की सिफारिशें सुनना शुरू करेंगे। फिलहाल राष्ट्रपति की जिम्मेदारी एक ऐसा नेता चुनने की है जिसके नेतृत्व में स्थायी सरकार बनने की संभावना सबसे ज्यादा हो। सामान्य तौर पर प्रधानमंत्री पद के लिए नेता का चुनाव महज औपचारिकता होती है, लेकिन इस बार चुनाव परिणाम में मतांतर बहुत कम होने के कारण राष्ट्रपति की भूमिका महत्त्वपूर्ण हो गई है।

स्वेज में फिर सड़कों पर उतरे लोग

काहिरा, 22 सितंबर (एएफपी)।

मिस्र के स्वेज शहर में शनिवार को सुरक्षाबलों और सैकड़ों सरकार विरोधी प्रदर्शनकारियों के बीच झड़पें हुईं, जिसके बाद बलों ने आंसू गैस के गोले छोड़े व गोलियां भी चलाईं। स्वेज में शनिवार को लगातार दूसरी बार रात को मिस्रवासी राष्ट्रपति अब्देल फतेह अल-सिसी के खिलाफ सड़कों पर उतर आए। स्पेन में रहने वाले मिस्र के निर्वासित व्यापारी मोहम्मद अली द्वारा ऑनलाइन साझा किए एक वीडियो के बाद यह विरोध प्रदर्शन शुरू हुआ। उसने सिसी पर बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाया है और उसे सत्ता से हटाने की मांग की है। प्रदर्शनकारी ने कहा कि वहां 200 लोग थे। सुरक्षाबलों ने आंसू गैस के गोले छोड़ें, रबर की और असली गोलियां चलाईं। कई घायल हुए।

अनुसूची I
प्रपत्र ए
सार्वजनिक उद्घोषणा
[भारत दिवाला तथा दिवालिया मंडल (स्वैच्छिक परिसमापन प्रक्रिया) विनियमन, 2017 के विनियमन 14 के अंतर्गत]
इन्फ्राएलाएन्स प्राईवेट लिमिटेड के स्टेकधारकों के ध्यानार्थ

1.	कॉर्पोरेट ऋणधारक का नाम	इन्फ्राएलाएन्स प्राईवेट लिमिटेड
2.	कॉर्पोरेट ऋणधारक के निगमन की तिथि	12 मई, 2016
3.	वह प्राधिकरण जिसके अंतर्गत कॉर्पोरेट ऋणधारक निगमित/पंजीकृत है	कम्पनी रजिस्ट्रार, रा.रा. क्षेत्र दिल्ली एवं हरियाणा
4.	कॉर्पोरेट पहचान संख्या/कॉर्पोरेट ऋणधारक का सीमित दायित्व पहचान संख्या	U74999DL2016PTC299529
5.	कॉर्पोरेट ऋणधारक के पंजीकृत कार्यालय तथा प्रधान कार्यालय (यदि कोई हो) का पता	एम-58 मार्केट, ग्रेटर कैलाश-II, नई दिल्ली-110048
6.	कॉर्पोरेट ऋणधारक के संदर्भ में दिवाला आरंभ होने की तिथि	18.9.2019
7.	परिसमापक का नाम, पता, ई-मेल पता, टेलीफोन नम्बर तथा पंजीकरण संख्या	नामः शैलेश दयाल पताः 2/6ए, एलजीएफ, जंगपुरा ए, नई दिल्ली-110014 ईमेलः shaileshdayal@gmail.com फोन नं.: 9811255855 पंजीकरण सं.: IBBI/IPA-002/IP-N00834/2019-20/12630
8.	दावे जमा करने की अंतिम तिथि	17.10.2019

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है इन्फ्रा एलाएन्स प्राईवेट लिमिटेड ने 18.9.2019 को स्वैच्छिक परिसमापन शुरू किया है।
एतद्द्वारा इन्फ्रा एलाएन्स प्राईवेट लिमिटेड के स्टेकधारकों को निर्देश दिया जाता है कि पताः 2/6ए, एलजीएफ, जंगपुरा ए, नई दिल्ली-110014 पर परिसमापक के पास अथवा ईमेलः shaileshdayal@gmail.com के माध्यम से परिसमापक के पास 17.10.2019 को या उससे पूर्व अपने दावे का प्रमाण जमा करें।
फाइनांसियल क्रेडीटर्स केवल इलेक्ट्रॉनिक पद्धति से ही अपने दावे का प्रमाण जमा कर सकते हैं। अन्य सभी क्रेडीटर्स व्यक्तिगत, डाक द्वारा अथवा इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों से अपने दावे का प्रमाण जमा कर सकते हैं।
दावे का गलत या भ्रामक प्रमाण जमा करने पर दंडित किया जा सकता है।
21.09.2019 को नई दिल्ली में हस्ता./-
शैलेश दयाल
2/6ए, एलजीएफ, जंगपुरा ए, नई दिल्ली-110014
ईमेलः shaileshdayal@gmail.com,
फोन नं.: 9811255855
पंजीकरण सं.: IBBI/IPA-002/IP-N00834/2019-20/12630

प्रपत्र सं. आईएनसी-26
[कंपनी (निगमन) नियमावली, 2014 के नियम 30 के अनुपालन में]
केन्द्र सरकार, क्षेत्रीय निदेशक, उत्तरी क्षेत्र के समक्ष
कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 13 की उप-धारा (4) तथा कंपनी (निगमन) नियमावली, 2014 के नियम 30 के उप-नियम (5) के क्लॉज (ए) के मामले में
तथा
गायत्री ऑटोमेशन सिस्टम्स प्राईवेट लिमिटेड
CIN: U74899DL2001PTC109120
जिसका पंजीकृत कार्यालय 145, दस घरा, नई दिल्ली- 110012 में है, के मामले में
- आवेदक
एतद्द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि "राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीटी) दिल्ली" से "हरियाणा राज्य" में उसके पंजीकृत कार्यालय को परिवर्तित करने के लिए कंपनी को सक्षम बनाने के लिए 14 सितम्बर, 2019 को आयोजित असाधारण आमसभा में पारित विशेष प्रस्ताव के अनुसार कंपनी के मेमोरैंडम ऑफ एसोसिएशन के परिवर्तन की पुष्टि के लिए कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 13 के अंतर्गत यह कंपनी केंद्र सरकार, (क्षेत्रिय निदेशक, उत्तरी क्षेत्र दिल्ली) के पास आवेदन करने का प्रस्ताव करती है।
कंपनी के पंजीकृत कार्यालय के इस प्रस्तावित परिवर्तन से यदि किसी व्यक्ति का हित प्रभावित होता हो, वे एमसीए-21 पोर्टल (www.mca.gov.in) पर निवेशक शिकायत प्रपत्र दाखिल करें उसके ऊपर वर्णित पंजीकृत कार्यालय के पते में आवेदक कंपनी को उसकी एक प्रति के साथ इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से चौदह दिनों के भीतर अपने हित की प्रकृति तथा आपत्ति के कारणों का उल्लेख करते हुए एक शपथ पत्र द्वारा समर्थित अपनी आपत्ति **क्षेत्रीय निदेशक, उत्तरी क्षेत्र, बी-2 विंग, 2रा तल, पर्यावरण भवन, सीजीओ कॉम्प्लैक्स, नई दिल्ली**-110003 में जमा करें या जमा कराएं या पंजीकृत डाक से भेजें:
कृते एवं के लिये
गायत्री ऑटोमेशन सिस्टम्स प्रा.लि. के लिये
हस्ता./-
स्थानः दिल्ली **धरम पॉल गौर**
तिथि: 16.9.2019 **निदेशक**
DIN: 01380619

भारतीय कंटेनर निगम लिमिटेड
(भारत सरकार का उपक्रम, रेल मंत्रालय)
उत्तर मध्य क्षेत्रीय कार्यालय (एनसीआर) 6वां तल, आईब्ल्यूएआई बिल्डिंग, ए-13, सैक्टर-1, नोएडा, गौतम बुद्ध नगर, (यू.पी.) 201301, फोन नं : 0120-4052950, फैक्स : 0120-4052988
ई-निविदा सूचना
निविदा सूचनाः कॉन/एनसीआर/पीएंडए/टैक्सी/डीईआर/2019 दिनांक 23.09.2019
कॉनकॉर द्वारा इनलैंड कंटेनर डिपो, दादरी, गांव-तिलपता, ग्रेटर नोएडा, गौतम बुद्ध नगर (यू.पी.) में छह वाणिज्यिक वाहनों को किराये पर लेने के लिए अनुबंध हेतु दो निविदा प्रणाली में ई-निविदा आमंत्रित की जाती हैं। वेबसाइट **www.tenderwizard.com/CCIL** पर निविदा बिक्री की अंतिम तिथि 14.10.2019 को 17.00 बजे तक एवं निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 15.10.2019 को 17.00 बजे तक है। विस्तृत जानकारी एवं किसी भी शुद्धिपत्र के लिए कृपया **www.tenderwizard.com/CCIL** पर लॉग ऑन करें।
मुख्य महा प्रबंधक/उ0म0क्षे0

प्रपत्र ए
सार्वजनिक उद्घोषणा
[भारत दिवाला तथा दिवालिया मंडल (स्वैच्छिक परिसमापन प्रक्रिया) विनियमन, 2017 के विनियमन 14 के अंतर्गत]
होम क्रेडिट इंडिया स्ट्रैटेजिक एडवॉयजरी सर्विसेस प्राईवेट लिमिटेड के स्टेकधारकों के ध्यानार्थ

1.	कॉर्पोरेट ऋणधारक का नाम	होम क्रेडिट इंडिया स्ट्रैटेजिक एडवॉयजरी सर्विसेस प्राईवेट लिमिटेड
2.	कॉर्पोरेट ऋणधारक के निगमन की तिथि	16.8.2017
3.	वह प्राधिकरण जिसके अंतर्गत कॉर्पोरेट ऋणधारक निगमित/पंजीकृत है	कम्पनी रजिस्ट्रार, कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय
4.	कॉर्पोरेट पहचान संख्या/कॉर्पोरेट ऋणधारक का लिमिटेड लाएबिलिटी पहचान संख्या	U74999HR2017FTC070364
5.	कॉर्पोरेट ऋणधारक के पंजीकृत कार्यालय तथा प्रधान कार्यालय (यदि कोई हो) का पता	प्लॉट नं. 19, सेवा टावर्स, सेक्टर-18, उद्योग विहार, 1ला तल, टावर-बी, गुड़गाँव, हरियाणा-122015
6.	कॉर्पोरेट ऋणधारक का परिसमापन आरंभ होने की तिथि	20 सितम्बर, 2019 (धारा 59(3) के प्रावधानों के अनुसार क्रेडीटरों की स्वीकृति 20 सितम्बर, 2019 को प्राप्त की गई।)
7.	परिसमापक का नाम, पता, ई-मेल पता, टेलीफोन नम्बर तथा पंजीकरण संख्या	नामः आशीष कुमार गुप्ता पताः 104-सी, ब्लॉक-बी, पॉकेट-यूएवंबी शालीमार बाग, दिल्ली, उत्तर, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली-110088 ईमेलः ashishguptalaw@gmail.com फोन नं.: 9717293901, 7011804606 पंजीकरण सं.: IBBI/IPA-002/IP-N00777/2018-2019/12435
8.	दावे जमा करने की अंतिम तिथि	20 अक्टूबर, 2019

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है होम क्रेडिट इंडिया स्ट्रैटेजिक एडवायजरी सर्विसेस प्राईवेट लिमिटेड ने 20 सितम्बर, 2019 को स्वैच्छिक परिसमापन शुरू किया है।
एतद्द्वारा होम क्रेडिट इंडिया स्ट्रैटेजिक एडवायजरी सर्विसेस प्राईवेट लिमिटेड के स्टेकधारकों को निर्देश दिया जाता है कि आइटम नं. 7 में वर्णित पते पर परिसमापक के पास 20 अक्टूबर, 2019 को या उससे पूर्व अपने दावे का प्रमाण जमा करें।
फाइनांसियल क्रेडीटर्स केवल इलेक्ट्रॉनिक पद्धति से ही अपने दावे का प्रमाण जमा कर सकते हैं। अन्य सभी क्रेडीटर्स व्यक्तिगत, डाक द्वारा अथवा इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों से अपने दावे का प्रमाण जमा कर सकते हैं।
दावे का गलत या भ्रामक प्रमाण जमा करने पर दंडित किया जा सकता है।
तिथि: 21 सितम्बर, 2019 हस्ता./-
स्थानः हरियाणा (आशीष कुमार गुप्ता)
पंजीकरण सं.: IBBI/IPA-002/IP-N00777/2018-2019/12435
होम क्रेडिट इंडिया स्ट्रैटेजिक एडवायजरी सर्विसेस प्राईवेट लिमिटेड के मामले में परिसमापक

फार्म जी
अभिरुचि की अभिव्यक्ति के लिए आमंत्रण
(दिवाला तथा दिवालिया (कॉर्पोरेट व्यक्तियों के लिये दिवाला प्रस्ताव प्रक्रिया) विनियमन, 2016 के विनियमन 36 ए (1) के अंतर्गत)

	संबंधित विवरण	
1.	कॉर्पोरेट ऋणधारक का नाम	कंसल बिल्डिंग सॉल्यूशन्स प्रा.लि.
2.	कॉर्पोरेट ऋणधारक के निगमन की तिथि	28 दिसम्बर, 2010
3.	वह प्राधिकरण जिसके अंतर्गत कॉर्पोरेट ऋणधारक निगमित/ पंजीकृत हैं	आरओसी- दिल्ली
4.	कॉर्पोरेट ऋणधारक का कॉर्पोरेट पहचान संख्या/ सीमित दायित्व पहचान संख्या	U51909DL2010PTC211852
5.	कॉर्पोरेट ऋणधारक के पंजीकृत कार्यालय एवं प्रधान कार्यालय (यदि कोई हो) का पता	पंजीकृत कार्यालयः 509/5, मा आनंद मई मार्ग, गोविन्दपुरी, नई दिल्ली-110019
6.	कॉर्पोरेट ऋणधारक के संदर्भ में दिवाला आरंभ होने की तिथि	25 मार्च, 2019
7.	अभिरुचि की अभिव्यक्ति के आमंत्रण की तिथि	23 सितम्बर, 2019
8.	संहिता की धारा 25(2) (एच) के अंतर्गत प्रस्ताव आवेदकों की पात्रता उपलब्ध है:	ईमेल: kansal@ascgroup.in पर उपलब्ध
9.	धारा 29ए के अंतर्गत लागू होने वाले अयोग्यता का मानक उपलब्ध है।	https://ibbi.gov.in/ webfront/ legal-framecoork.php पर। अधिक विवरण kansal@ascgroup.in तथा alok@insolvencyservices.in पर ई मेल भेज कर प्राप्त की जा सकती है।
10.	अभिरुचि की अभिव्यक्ति प्राप्ति की अंतिम तिथि	8 अक्टूबर, 2019
11.	संभावित प्रस्ताव आवेदकों की अस्थाई सूची जारी होने की तिथि	18 अक्टूबर, 2019
12.	अस्थाई सूची के प्रति आपत्ति जमा करने की अंतिम तिथि	23 अक्टूबर, 2019
13.	संभावित प्रस्ताव आवेदकों की अंतिम सूची जारी होने की तिथि	02 नवम्बर, 2019
14.	संभावित प्रस्ताव आवेदकों को प्रस्ताव योजना के लिये सूचना मेमोरैण्डम, मूल्यांकन मैट्रिक्स तथा अनुरोध जारी होने की तिथि	23 अक्टूबर, 2019
15.	प्रस्ताव योजना, मूल्यांकन मैट्रिक्स, सूचना मेमोरैण्डम तथा अधिक जानकारी प्राप्त करने का तरीका	केवल ऐसे आवेदकों जो योग्यता मानदंड (ऊपर प्वाइन्ट 8 के अनुसार) पूरा करते हैं तथा जिन्होंने एनडीए पर हस्ताक्षर किये हों, को इलेक्ट्रॉनिक पद्धति से प्रस्ताव योजना, मूल्यांकन मैट्रिक्स तथा सूचना मेमोरैण्डम के लिये अनुरोध तथा डैटा रूम में एक्सेस उपलब्ध कराई जायेगी। आवेदक kansal@ascgroup.in पर ई मेल पर विशिष्ट अनुरोध कर सकते हैं।
16.	प्रस्ताव योजना जमा करने की अंतिम तिथि	22 नवम्बर, 2019
17.	प्रस्तावकर्मी के पास प्रस्ताव योजना जमा करने का तरीका	अंतिम सूची में एक संभावित प्रस्ताव आवेदक प्रस्ताव योजना अथवा संहिता तथा इन विनियमनों के अनुसार तैयार की गई योजनाऐ रिजॉल्यूशन प्रॉफेशनल के पास इलेक्ट्रॉनिक रूप से तथा प्वाइन्ट 21 में वर्णित पते पर मुहरबंद लिफाफे में जमा कर सकते हैं। आगे, विवरण प्रस्ताव योजना के लिये अनुरोध में उपलब्ध करायी जायेगी।
18.	स्वीकृति के लिये निर्णायक प्राधिकरण के पास प्रस्ताव जमा करने की अनुमानित तिथि	4 दिसम्बर, 2019
19.	प्रस्ताव कर्मी का नाम तथा पंजीकरण संख्या	आलोक कुमार अगरवाल, पंजी. सं. IBBI/IPA-001/IP-P00059/2017-18/10137
20.	बोर्ड में यथा-पंजीकृत प्रस्ताव कर्मी का नाम, पता तथा ई-मेल	आलोक कुमार अगरवाल, पताः 605, सनसिटी बिजनेस टावर, गोल्फ कोर्स रोड, सेक्टर 54, गुड़गांव, हरियाणा-122002, ईमेलः alok@insolvencyservices.in
21.	प्रस्ताव कर्मी के साथ पत्राचार के लिये प्रयोग करने के लिये पता तथा ईमेल	पताः सी-100, सेक्टर 2, नोएडा, उत्तर प्रदेश-201301 ईमेलः kansal@ascgroup.in
22.	विस्तृत विवरण उपलब्ध हैं	kansal@ascgroup.in पर ई-मेल करें।
23.	फार्म जी के प्रकाशन की तिथि	23 सितम्बर, 2019

(आलोक कुमार अग्रवाल)
रिजॉल्यूशन प्राफेशनल
पंजीकरण सं. IBBI/IPA-001/IP-P00059/2017-2018/10137
तिथि: 23 सितम्बर, 2019 पताः 605, सनसिटी बिजनेस टावर, गोल्फ कोर्स रोड, सेक्टर 54,
स्थानः गुड़गांव गुड़गांव, हरियाणा-122002, ईमेलः alok@insolvencyservices.in

फॉर्म नंबर INC-25A
सार्वजनिक कंपनी को निजी कंपनी में बदलने के लिए समाचार पत्र में विज्ञापन प्रकाशित किया जाता है क्षेत्रीय निदेशक, कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय, उत्तरी क्षेत्र
कंपनी अधिनियम, 2013,
कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 14 और कंपनियों के 41 नियम (निगमन) नियम, 2014 के मामले में
मेसर्स चंद्र लक्ष्मी मेडिकेयर लिमिटेड के मामले में, पंजीकृत कार्यालय **59,** आशिरवाद अपार्टमेंट, पटपड़गंज, **I.P** एक्सटेंशन, नई दिल्ली-**110091**
आवेदक
आम जनता को यह सूचना दी गई है कि कंपनी ने अधिनियम, 2013 की धारा 14 के तहत केंद्र सरकार को एक आवेदन करने का इरादा किया है, जो कि पूर्वोक्त नियमों के साथ पढ़ा गया है और विशेष संकल्प के संदर्भ में एक निजी लिमिटेड कंपनी में परिवर्तित करने के लिए इच्छुक है। कंपनी को इस तरह के रूपांतरण के लिए प्रभाव प्रदान करने में सक्षम बनाने के लिए 11 सितंबर 2019 को अतिरिक्त असाधारण आम बैठक आयोजित की गई।
कोई भी व्यक्ति जिसकी रुचि प्रस्तावित परिवर्तन/स्थिति से प्रभावित होने की संभावना है वह अपने हलफनामे द्वारा समर्थित अपनी आपत्तियों इस नोटिस के प्रकाशन की तारीख के चौदह दिनों के भीतर पंजीकृत डाक द्वारा संबंधित **क्षेत्रीय निदेशक, उत्तरी क्षेत्र के पते-B-2 विंग, द्वितीय तल पारावरन भवन, सीजीओ कॉम्प्लेक्स, नई दिल्ली-110003** पर वितरित या भेज सकती है या भेज सकती है, आवेदक कंपनी के पंजीकृत कार्यालय पर कॉपी के साथ में नीचे दिए गए पते पर:
59, आशिरवाद अपार्टमेंट, पटपड़गंज, I.P एक्सटेंशन, नई दिल्ली-110091
आवेदक की ओर से और उसके लिए
Dr. Mukesh Kumar Agarwal
Director (DIN 01280043)
दिनांक: 23/09/2019
जगह: नई दिल्ली

प्रपत्र सं. आईएनसी-26
[कंपनी (निगमन) नियमावली, 2014 के नियम 30 के अनुपालन में]
केन्द्र सरकार, उत्तरी क्षेत्र के समक्ष
कंपनी अधिनियम, 2013, की धारा 13 की उप-धारा (4) तथा कंपनी (निगमन) नियमावली, 2014 के नियम 30 के उप-नियम (5) के क्लॉज (ए) मामले में तथा
एमकोर्मिक सपोर्ट सर्विसेस प्राईवेट लिमिटेड जिसका पंजीकृत कार्यालयः प्लॉट नं. 84, पांचवां तल, सेक्टर-32, इंस्टीच्यूशनल एरिया, गुड़गांव-122001 में है, के मामले में - आवेदक
एतद्द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि "हरियाणा राज्य" से "रा.रा. क्षेत्र दिल्ली" में उसके पंजीकृत कार्यालय को परिवर्तित करने के लिए कंपनी को सक्षम बनाने के लिए 03 सितम्बर, 2019 को आयोजित असाधारण आमसभा में पारित विशेष प्रस्ताव के अनुसार कंपनी के मेमोरैंडम ऑफ एसोसिएशन के परिवर्तन की पुष्टि के लिए कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 13 के अंतर्गत यह कंपनी केन्द्र सरकार के पास आवेदन करने का प्रस्ताव करती है।
कंपनी के पंजीकृत कार्यालय के इस प्रस्तावित परिवर्तन से यदि किसी व्यक्ति का हित प्रभावित होता हो, वे एमसीए-21 पोर्टल (www.mca.gov.in) पर निवेशक शिकायत प्रपत्र दाखिल करें अथवा उसके नीचे वर्णित पंजीकृत कार

खबर कोना

पश्चिमी जापान के ओसाका में टोरे पेन पैसेपिक ओपन टेनिस टूर्नामेंट जीतने पर लोगों का अभिवादन करती हुईं जापान की नाओमी ओसाका।

श्रीनिवासन की बेटी का टीएनसीए अध्यक्ष बनना तय

चेन्नई, 22 सितंबर (भाषा)।

बीसीसीआइ के पूर्व अध्यक्ष एन श्रीनिवासन ने तमिलनाडु क्रिकेट संघ (टीएनसीए) पर अपनी मजबूत पकड़ बरकरार रखी है। उनकी बेटी रूपा गुरुनाथ का 26 सितंबर को होने वाली एजीएम में बीसीसीआइ से मान्यता प्राप्त किसी इकाई की पहली महिला अध्यक्ष बनना तय है। इसकी संभावना लगभग न के बराबर है कि श्रीनिवासन की बेटी को किसी तरह का विरोध का सामना करना पड़े। नामांकन की अंतिम तिथि 24 सितंबर है। सूत्रों ने बताया कि इस संबंध में रविवार को यहां हुई टीएनसीए कार्यकारिणी की बैठक में फैसला किया गया।

दक्षिण अफ्रीका महिला टीम ने बोर्ड अध्यक्ष एकादश को हराया

सूरत, 22 सितंबर (भाषा)।

दक्षिण अफ्रीका की महिला क्रिकेट टीम ने भारतीय दौरे की शुरुआत सकारात्मक तरीके से करते हुए रविवार को दूसरे टी20 अभ्यास मुकाबले में बोर्ड अध्यक्ष एकादश को 83 रन से शिकस्त दी। पहला अभ्यास मैच बारिश की भेंट चढ़ गया था। दक्षिण अफ्रीका ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में पांच विकेट पर 174 रन बनाने के बाद भारतीय पारी को महज 91 पर समेट दिया। लेग स्पिनर लुस ने 17 रन देकर तीन विकेट लेकर बोर्ड अध्यक्ष एकादश के मध्यक्रम को झकझोर दिया। शबनिब इस्माइल ने 11 रन देकर तीन और अयाबोंग खाका ने सात रन देकर दो विकेट लिए। इससे पहले दक्षिण अफ्रीकी विकेटकीपर लिजेली ली ने 10 चौके और एक छक्के की मदद से 48 गेंद में 65 रन की पारी खेली। उन्होंने तजमिन ब्रिट्स (20 रन) के साथ पहले विकेट के लिए 61 रन की साझेदारी की। आखिरी के ओवरों में मिगनोन डु प्रीज ने 18 गेंद में 40 रन की तेज तर्रार पारी खेली।

विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में भारत का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन

राहुल अवारे ने जीता कांसा

नूर सुल्तान (कजाखस्तान), 22 सितंबर (भाषा)।

दीपक पूनिया के चोटिल होने के कारण फाइनल से हट जाने के बाद राहुल अवारे ने सोमवार को कांस्य पदक जीता जिससे भारत ने विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में पदकों के मामले में अपना अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने में सफल रहा।

अवारे ने 61 किग्रा के कांस्य पदक मुकाबले में 2017 के पैन अमेरिकी चैंपियन टाइलर ली ग्राफ को 11-4 से हराकर भारत के पदकों की संख्या पांच पर पहुंचाई। भारत की तरफ से दीपक पूनिया ने रजत जबकि बजरंग पूनिया, राहुल अवारे, रवि कुमार दहिया और महिला वर्ग में विनेश फोगाट ने कांस्य पदक जीते।

भारत का विश्व चैंपियनशिप में इससे पहले सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 2013 में था जब उसने तीन पदक जीते थे। तब अमित दहिया ने रजत, बजरंग पूनिया ने कांस्य और संदीप तुलसी यादव ने ग्रीको रोमन में कांस्य पदक जीता था।

अमेरिकी पहलवान ने मुकाबला शुरू होते अवारे की टांगों पर हमला करके दो अंक जुटाए लेकिन इसके बाद भारतीय पहलवान सतर्क हो गए। अवारे ने जल्द ही 4-2 से बढ़त बना ली। दूसरे पीरियड में ग्राफ ने अवारे के पांव पर नियंत्रण कर दिया था लेकिन भारतीय उनकी पकड़ को छुड़वाने में कामयाब रहे।

इसके बाद अवारे ने आक्रामक रवैया अपनाया और जल्द ही 10-2 से बढ़त हासिल की। अमेरिकी खिलाड़ी ने बीच में चुनौती भी दी लेकिन उनका यह प्रयास नाकाम रहा। अवारे इससे पहले सेमीफाइनल में यूरोपीय चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता बेका लोमातादज़े से हार गए थे।

चैंपियनशिप के अंतिम दिन सुबह पता चला कि दीपक पूनिया सेमीफाइनल के दौरान लगी टखने की चोट के कारण ईरान के हजसान याजदानी के खिलाफ के 86 किग्रा वर्ग की खिताबी स्पर्धा में नहीं खेल पाएंगे।

दीपक ने कहा, 'बायां पैर वजन नहीं ले पा रहा है। इस हालत में लड़ना मुश्किल है। मैं जानता हूं कि याजदानी के खिलाफ यह बड़ा मौका था लेकिन मैं कुछ नहीं कर सकता।' इस तरह 20 साल के भारतीय खिलाड़ी को अपनी पहली सीनियर विश्व चैम्पियनशिप में रजत पदक से संतोष करना पड़ा।

स्विट्जरलैंड के स्टेफान रेचमुथ के खिलाफ शनिवार को सेमीफाइनल के दौरान वह मैच से लड़खड़ाते हुए आए थे और उनकी बाईं आंख भी सूजी हुई थी।

इस तरह सुशील कुमार भारत के एकमात्र विश्व चैम्पियन बने रहेंगे जिन्होंने मास्को 2010 विश्व चैम्पियनशिप के 66 किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक जीता था। दीपक विश्व चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचने वाले पांचवें भारतीय हैं। उनसे पहले बिशम्बर सिंह (1967), सुशील कुमार (2010), अमित दहिया (2013) और बजरंग पूनिया (2018) फाइनल में पहुंचे थे।

अवारे का अपने मुकाबले में पूरी तरह से नियंत्रण था और वह अपने करिअर की सबसे बड़ा पदक जीतने में सफल रहे। महाराष्ट्र के इस पहवालन ने राष्ट्रमंडल खेल 2018 में स्वर्ण तथा एशियाई चैंपियनशिप (2009 और 2011) में कांस्य पदक जीते थे।

सुशील की सलाह ने दीपक को बनाया बेजोड़

नूर-सुल्तान, 22 सितंबर (भाषा)।

विश्व चैंपियनशिप में रजत पदक जीतने वाले दीपक पूनिया ने जब कुश्ती शुरू की थी तब उनका लक्ष्य इसके जरिए नौकरी पाना था। वह काम की तलाश में थे और 2016 में उन्हें भारतीय सेना में सिपाही के पद पर काम करने का मौका मिला। हालांकि ओलंपिक पदक विजेता पहलवान सुशील कुमार ने उन्हें छोटी चीजों को छोड़कर बड़े लक्ष्य पर ध्यान देने का सुझाव दिया और फिर दीपक ने पीछे मुड़कर नहीं देखा।

एस्तोनिया में हुई जूनियर विश्व चैंपियनशिप में जीत दर्ज करने के एक महीने के अंदर ही उन्हें अपने आदर्श और ईरान के महान पहलवान हजसान याजदानी से भिड़ने का मौका मिला। उन्हें हराकर वह सीनियर स्तर के विश्व चैंपियनशिप का खिताब भी जीत सकते थे। सेमी फाइनल के दौरान लगी टखने की चोट के कारण उन्होंने विश्व चैंपियनशिप के 86 किग्रा वर्ग की खिताबी स्पर्धा से हटने का फैसला किया जिससे उन्होंने रजत पदक अपने नाम कर लिया। स्विट्जरलैंड के स्टेफान रेचमुथ के खिलाफ शनिवार को सेमी फाइनल के दौरान वह मैच से लड़खड़ाते हुए आए थे और उनकी बाईं आंख भी सूजी हुई थी। वह इस खेल के इतिहास के सबसे अच्छे पहलवानों में एक को चुनौती देने से चूक गए। दीपक के लिए हालांकि पिछले तीन साल किसी सपने की तरह रहे हैं।

नौकरी के लालच में कुश्ती को अपनाया। *विश्व* चैंपियनशिप में रजद पदक जीता।

दीपक की सफलता के बारे में जब भारतीय टीम के पूर्व विदेशी कोच व्लादिमीर मेस्तविरिशविली से पूछा गया तो उन्होंने कहा कि यह कई चीजों के एक साथ मिलने से हुआ है। हर चीज का एकसाथ आना जरूरी था। दीपक के विकास में अहम भूमिका निभाने वाले इस कोच ने कहा कि इस खेल में आपको चार चीजें चाहिए होती हैं जो दिमाग, ताकत, किस्मत और मैट पर शरीर का लचीलापन हैं। दीपक के पास यह सब हैं। वह काफी अनुशासित पहलवान हैं जो उन्हें पिता से विरासत में मिला है।

उन्होंने कहा कि नई तकनीक को सीखने में एक ही चीज बार-बार करने से खिलाड़ी ऊब जाते हैं लेकिन दीपक उसे दो, तीन या चार दिनों तक करता रहता है, जब तक पूरी तरह से सीख ना ले। दीपक के पिता 2015 से रोज लगभग 60 किलोमीटर की दूरी तय करके उनके लिए हरियाणा के झज्जर से दिल्ली दूध और फल लेकर आते थे। उन्हें बचपन से ही दूध पीना पसंद है और वह गांव में 'केतली पहलवान' के नाम से जाने जाते हैं।

'केतली पहलवान' बनने की कहानी

'केतली पहलवान' के नाम के पीछे भी दिलचस्प कहानी है। गांव के सरपंच ने एक बार केतली में दीपक को दूध पीने के लिए दिया और उन्होंने एक बार में ही उसे खत्म कर दिया। उन्होंने इस तरह एक-एक कर के चार केतली खत्म कर दी जिसके बाद से उनका नाम 'केतली पहलवान' पड़ गया।

कुश्ती को प्राथमिकता बनाओ

दो बार के ओलंपिक पदक विजेता सुशील ने दीपक को प्रायोजक ढूंढने में मदद की और कहा कि कुश्ती को अपनी प्राथमिकता बनाओ, नौकरी तुम्हारे पीछे भागेगी। दीपक ने दिल्ली के छत्रसाल स्टेडियम के अपने सीनियर पहलवान की सलाह मानी और तीन साल के भीतर आयु वर्ग के कई बड़े खिताब हासिल किए। वह 2016 में विश्व कैडेट चैंपियन बने थे और पिछले महीने ही जूनियर विश्व चैंपियन बने। वह जूनियर चैंपियन बनने वाले सिर्फ चौथे भारतीय खिलाड़ी हैं जिन्होंने पिछले 18 साल के खिताबी सूखे को खत्म किया था।

दक्षिण अफ्रीका ने बड़ी जीत से शृंखला बराबर कराई

बंगलुरु, 22 सितंबर (भाषा)।

कप्तान क्विंटन डिकाक की बड़ी अर्धशतकीय पारी से दक्षिण अफ्रीका ने रविवार को यहां तीसरे और अंतिम टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में भारत को 19 गेंद शेष रहते हुए नौ विकेट से करारी शिकस्त देकर तीन मैचों की शृंखला 1-1 से बराबर कराई।

टास जीतकर पहले बल्लेबाजी के लिए उतरे भारत के किसी भी बल्लेबाज ने टिककर खेलने का प्रयास नहीं किया। भारतीय टीम नौ विकेट पर 134 रन ही बना पाई। भारत की तरफ से सलामी बल्लेबाज शिखर धवन (25 गेंदों पर 36) ने सर्वाधिक रन बनाए। उनके अलावा तीन अन्य बल्लेबाज ही दोहरे अंक में पहुंचे।

कप्तान डिकाक ने फिर से लाजवाब पारी खेली और उनके गेंदबाजों ने जो मजबूत नींव रखी थी उसे अंजाम तक पहुंचाया। उन्होंने 52 गेंदों पर छह चौकों और पांच छक्कों की मदद से नाबाद 79 रन बनाकर द.अफ्रीका की जीत आसान कर दी। दक्षिण अफ्रीका ने 16.5 ओवर में एक विकेट पर 140 रन बनाए।

इस तरह से तीन मैचों की शृंखला 1-1 से बराबरी पर छूटी। धर्मशाला में पहला मैच बारिश की भेंट चढ़ गया था जबकि भारत ने मोहाली में दूसरे मैच में सात विकेट से जीत दर्ज की थी।

दक्षिण अफ्रीकी जीत की नींव उसके गेंदबाजों ने रखी। ब्यूरॉन हेंड्रिक्स (14 रन देकर दो), ब्यूरॉन फोर्टीन (19 रन देकर दो) और कैगिसो रबाडा (39 रन देकर तीन) ने भारत को सबसे अधिक नुकसान पहुंचाया जबकि तबरेज शम्सी (23 रन देकर एक) ने शुरू में रन गंवाने के बाद शानदार वापसी की।

भारतीय बल्लेबाजों ने जहां गैरजिम्मेदाराना शाट लगाकर विकेट गंवाए वहीं डिकाक ने शुरू से सुनिश्चित किया कि रन भी बने और विकेट भी बचे रहें। उन्होंने और रीजा हेंड्रिक्स (26 गेंदों पर 28) ने पहले विकेट के लिए दस ओवरों में 76 रन जोड़कर टीम को मजबूत शुरुआत दिलाई।

डिकाक शुरू से गेंदबाजों पर हावी रहे। गेंद थोड़ा रुककर बल्ले पर आ रही थी लेकिन नवदीप सैनी पर लगाए गए डिकाक के दोनों छक्के दर्शनीय थे। उन्होंने वाशिंगटन सुंदर पर भी छक्का लगाया और हार्दिक पंड्या पर डीप एक्स्ट्रा कवर पर चौका लगाकर 38 गेंदों पर अपना चौथा अर्धशतक पूरा किया।

हार्दिक ने इस ओवर में रीजा हेंड्रिक्स को आउट किया जिनका विराट कोहली ने शानदार कैच लिया, लेकिन तेम्बा बावुमा (23 गेंदों पर नाबाद 27) ने अपने कप्तान का अच्छा साथ दिया। इन दोनों दूसरे विकेट के लिए 64 रन की अटूट साझेदारी की। डिकाक ने हार्दिक की लगातार गेंदों पर छक्का और चौका लगाकर टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 1000 रन भी पूरे किए जबकि बावुमा ने क्रुणाल पर विजयी छक्का लगाया।

इससे पहले भारत ने पहले दस ओवरों के अंदर ही अपने तीनों सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों रोहित शर्मा (आठ गेंदों पर नौ), धवन और कप्तान कोहली (15 गेंदों पर नौ) के विकेट गंवा दिए। इन तीनों में केवल धवन ही दमदार बल्लेबाजी कर पाए।

एंडिल फेलुकवायो पर दो कलात्मक चौके और शम्सी पर आकर्षक छक्के धवन की पारी के आकर्षण रहे। रोहित के तीसरे ओवर में ब्यूरॉन हेंड्रिक्स की गेंद पर स्लिप में कैच देने के बाद धवन रन बनाने की जिम्मेदारी बखूबी निभा रहे थे लेकिन शम्सी पर एक और छक्का जड़ने के प्रयास में वे गेंद हवा में लहरा गए और मिडविकेट पर कैच हो गए।

AGS Transact Technologies Ltd.
presents
FE INDIA'S BEST BANKS AWARDS
Honouring the banks that India can bank on.
Chief Guest
Nirmala Sitharaman
Hon'ble Union Minister of Finance and Corporate Affairs.
Panel discussion
How will India fund the next round of growth.
September 30, 2019
Mumbai
Entry by invitation only.
Indian Express Group | FINANCIAL EXPRESS
Read to Lead
Associate Partners
Knowledge Provider
#FEBestBanks | Live streaming
FinancialExpress.com thefinancialexpress FinancialXpress

अपील विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता ने कहा

मेरे कोच को सम्मानित करें : पंघाल

नई दिल्ली, 22 सितंबर (भाषा)।

भारतीय मुक्केबाज अमित पंघाल (52 किग्रा) का कहना है कि उन्हें व्यक्तिगत सम्मान नहीं चाहिए लेकिन उनके पूर्व कोच अनिल धनकड़ को सम्मानित किया जाए। वह शनिवार को रूस के एकातेरिनबर्ग में समाप्त हुई विश्व चैंपियनशिप में रजत पदक जीतने वाले पहले भारतीय मुक्केबाज बने। वह एशियाई खेलों और एशियाई चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीत चुके हैं।

अर्जुन पुरस्कार के लिए उनके नाम की अनदेखी की गई क्योंकि 2012 में चिकन पॉक्स के उपचार के लिए ली गई दवाई से वह डोपिंग उल्लंघन कर बैठे थे। डोपिंग परीक्षण में विफल होने के कारण उन पर एक साल का प्रतिबंध भी लगा था। उन्होंने कहा कि मैं पुरस्कारों की परवाह नहीं करता लेकिन मुझे खुशी होगी अगर मेरे पूर्व कोच अनिल धनकड़ के नाम पर द्रोणाचार्य पुरस्कार के लिए विचार किया जाए। उन्होंने शुरुआती दिनों में मुझे ट्रेनिंग दी और अगर वह नहीं होते तो मैं आज ऐसा मुक्केबाज नहीं होता।

पैंतालीस वर्षीय धनकड़ कभी भी किसी राष्ट्रीय टीम से नहीं जुड़े हैं लेकिन जब वह मुक्केबाज थे तो राष्ट्रीय स्तर के पदकधारी थे। उन्होंने अपने शिष्य के इस लगाव के बारे में कहा कि मैं 2005 से उन्हें जानता हूं। मेरे लिए वह परिवार की तरह हैं।

मैंने 2008 में मुक्केबाजी शुरू की थी और धनकड़ सर तब से मेरे लिए अहम बने रहे हैं। अब भी जब मुझे किसी मामले में मार्गदर्शन की जरूरत होती है तो मैं धनकड़ सर के पास जाता हूं। उन्हें पुरस्कार मिलने का मतलब मुझे पुरस्कार मिलना होगा। बल्कि मुझे ज्यादा खुशी होगी।
-अमित पंघाल

'मजबूत देशों के करीब पहुंच रहे भारतीय'

हाई परफॉरमेंस निदेशक सैंटियागो निएवा का मानना है कि भारतीय मुक्केबाज मजबूत देशों के करीब पहुंच रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय मुक्केबाजों का प्रदर्शन दिखाता है कि वे कजाखस्तान और उज्बेकिस्तान जैसे देशों के निकट पहुंच रहे हैं।

रजिस्ट्रेशन नं. डी.एल.-21047/03-05, आरएनआई नं. 42819/83, वर्ष 36, अंक 309, *हवाई शुल्क:* इंफल-पांच रुपए, गुवाहाटी-चार रुपए, रायपुर-दो रुपए और पटना-एक रुपए।
दि इंडियन एक्सप्रेस प्राइवेट लिमिटेड के लिए आर. सी. मल्होत्रा द्वारा ए-8, सेक्टर 7, नोएडा- 201301, जिला गौतम बुद्ध नगर (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित और मेजनीन फ्लोर, एक्सप्रेस बिल्डिंग, 9-10, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित। फोनः (0120) 2470700/2470740, ई-मेलः edit.jansatta@expressindia.com, फैक्सः (0120) 2470753, 2470754, **बोर्ड अध्यक्षः विवेक गोयनका, कार्यकारी संपादकः मुकेश भारद्वाज***, *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेवार। कापीराइटः दि इंडियन एक्सप्रेस प्राइवेट लिमिटेड। सर्वाधिकार सुरक्षित। लिखित अनुमति लिए बगैर प्रकाशित सामग्री या उसके किसी अंश का प्रकाशन या प्रसारण नहीं किया जा सकता।